e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 287

सुविचार

जिन लोगो को हम अपना कहकर बुलाते है, वह भी अपनी औकात दिखाकर जाते है!

प्रभात मंत्र

मंगलवार
22.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

त्वरित न्यूज

व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सुक्खू सरकार थोप रही है टैक्स : जयराम ठाकुर

धर्मशाला : नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि सुक्खू सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर हिमाचल प्रदेश में टैक्स पर टैक्स थोप रही है। उन्होंने कहा कि दो साल के कार्यकाल में राज्य ने अपनी पहचान और सम्मान खो दिए हैं और विकास की दृष्टि से भी प्रदेश पीछे चला गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा के पांच वर्षों के मुकाबले कांग्रेस ने मात्र 20 महीनों में एक लाख करोड़ रुपये का ऋण ले लिया है। उन्होंने हाल में हरियाणा में हुए चुनावों में हिमाचल की झूठी गारंटी के प्रभाव की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस को वहां हार का सामना करना पड़ा।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार ने आते ही हर चीज पर टैक्स लगाना शुरू कर दिया है जिसमें पीने के पानी से लेकर सीमेंट तक शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सीमेंट की कीमतों में केवल दो साल में 125 रुपये की वृद्धि की गई है। पहले तो टॉयलेट टैक्स की बात होती है, फिर सरकार पीछे हट जाती है।

महाराष्ट्र में सी-विजिल ऐप पर आचार संहिता उल्लंघन की 776 शिकायतें दर्ज

मुंबई : महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के सी-विजिल ऐप पर आचार संहिता भंग की कुल 776 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 773 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में अब तक 31 करोड़ 16 लाख रुपये की शराब, ड्रग आदि संपत्ति और नगदी जब्त की है।राज्य के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी किरण कुलकर्णी ने बताया कि सूबे में 15 अक्टूबर से आचार संहिता लागू हो गई है। आचार संहिता की शिकायतों के लिए चुनाव आयोग ने सी-विजिल ऐप जारी किया है, जो किसी भी ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस ऐप पर अब तक आचार संहिता भंग की कुल 776 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 773 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है।

जर्मन चांसलर अंतरसरकारी परामर्श के लिए 24 को आयेंगे नई दिल्ली

नई दिल्ली : जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ 7वें अंतरसरकारी परामर्श (आईजीसी) के लिए 24 से 26 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे।विदेश मंत्रालय के अनुसार 25 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी और चांसलर स्कोल्ज़ 7वें अंतरसरकारी परामर्श की सह-अध्यक्षता करेंगे। आईजीसी परामर्श के लिए चांसलर स्कोल्ज़ के साथ उनके मंत्रिमंडल के वरिष्ठ मंत्री भी होंगे। आईजीसी के तहत दोनों पक्षों के मंत्री अपने-अपने जिम्मेदारी वाले क्षेत्रों में चर्चा करते हैं और अपने विचार-विमर्श के नतीजों पर प्रधानमंत्री और चांसलर को रिपोर्ट करते हैं।

मुस्लिम धर्मगुरुओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

लखनऊ : सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने जमीयत उलेमा-ए-हिंद की एक याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के मदरसों की आर्थिक सहायता रोकने की सिफारिश पर रोक लगा दी। जिसके बाद लखनऊ के मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली, मौलाना यासीन अब्बास सहित तमाम मुस्लिम धर्मगुरुओं ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मदरसों को एनसीपीसीआर के शिक्षा के अधिकार कानून का पालन नही करने पर सरकारी वित्त पोषित और सहायता प्राप्त पर रोक लगाने की सिफारिश की थी।

रांची का तापमान

अधिकतम 27°
न्युनतम 20°

प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद भाजपा नेता दे रहे इस्तीफा

भाजपा के कई दिग्गजों ने दिया इस्तीफा

जयराम महती की पार्टी के केंद्रीय संगठन महासचिव समेत आधा दर्जन पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

धनबाद : विधानसभा चुनाव से पहले जयराम महतो को बड़ा झटका लगा है. जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महासचिव शंकर महतो और सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन पदाधिकारियों ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और पद से इस्तीफा दे दिया है. शंकर महतो ने गांधी सेवा सदन में मीडिया से कहा कि जिस सोच के साथ वे पार्टी में शामिल हुए थे और जनांदोलन का हिस्सा बने थे, वह अब पार्टी में नहीं है, सब कुछ बदल गया है. सिंदरी में मेरे अलावा आठ-नौ ऐसे पदाधिकारी थे, जिन्हें पार्टी और पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो से उम्मीद थी कि हममें से किसी को सिंदरी विधानसभा से उम्मीदवार बनाया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने 66 प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद पार्टी नेताओं के इस्तीफा का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है. सबसे पहले पोटका के पूर्व विधायक मेनका सरदार, रांची से संदीप वर्मा, सरायकेला से 2019 में चंपाई सोरेन से मुकाबला करने वाले भाजपा नेता गणेश महली और सारठ के चुन्ना सिंह दुमका से पार्टी के पूर्व विधायक व मंत्री लुईस मरांडी के बाद महेशपुर के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मिस्त्री सोरेन ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है. हालांकि मेनका सरदार ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया. मिस्त्री सोरेन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को लिखे पत्र में कहा है, मैं भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही तमाम पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं. इससे पहले पूर्व कृषि मंत्री और नाला से विधायक रहे सत्यानंद झा बाटुल ने भी भाजपा से इस्तीफा दे दिया है. बाटुल नाला विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे. इधर कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड के पथिक बसेरा आवास में भाजपा नेता सुरेन्द्र भाई मोदी ने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। भाजपा से टिकट कटने पर भावुक होते हुए सुरेन्द्र भाई मोदी ने समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं टिकट की प्रबल दावेदार था और मेरे नाम पर सहमति भी जताई गई थी। लेकिन आखिरी समय में मेरा टिकट काटकर और निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव को टिकट दिया गया। टिकट नहीं मिलने से नाराज सुरेन्द्र भाई मोदी ने भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा देते हुए निर्दलीय से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। उन्होंने अपने समर्थकों से विचार विमर्श के पश्चात यह कदम उठाया। वहीं उपस्थित समर्थकों ने कहा कि क्षेत्र के मान सम्मान की बात करनेवाली भाजपा ने एक कर्मठ शिक्षाविद को टिकट नहीं देकर क्षेत्र के जनता का अपमान किया है। इस अपमान का बदला हमलोग समाजसेवी सुरेन्द्र भाई मोदी को विधानसभा भेजकर दम लेंगे। वहीं श्री मोदी ने कहा कि जिसे भाजपा का सिद्धांत भी पता नहीं है। वैसे लोगों को टिकट दिया है। कहा कि यदि बरकट्ठा विधानसभा से क्षेत्र की जनता ने चुनाव जीताया तो क्षेत्र की हर समस्या के निदान होने के साथ साथ हर गरीब जनता की सेवा करते रहूंगा।

महाराष्ट्र विस चुनाव को लेकर कांग्रेस आज जारी करेगी सूची

नयी दिल्ली : महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक खत्म हो गई है। बैठक में 63 सीटों पर चर्चा हुई है। कांग्रेस के उम्मीदवारों की पहली लिस्ट 23 अक्टूबर को आ सकती है। कांग्रेस को महा विकास अघाड़ी में 110 से अधिक सीटें मिल सकती हैं। आज की बैठक में 63 नामों पर चर्चा हुई, जिसमें 50 नाम सिंगल है। हालांकि, हरियाणा से सबक लेते हुए पार्टी सिंगल नामों पर भी मंथन कर रही है। आज 10 से 12 ऐसी सीटों पर चर्चा हुई, जिसमें एक से ज्यादा नाम है। विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी यानी एमवीए के घटक दलों के बीच सीट शेयरिंग पर बात नहीं बन पाई। इसे लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा,हमने आज 96 सीटों पर चर्चा की है। चर्चा में कुछ सीटें हैं, लेकिन हमने उन पर बात नहीं की। हम कल शरद पवार और उद्धव ठाकरे से बात करेंगे। जहां तक 30-40 सीटों पर बंटवारे की समस्या है, तो हम इसका रास्ता निकालेंगे।

सत्ता में आते ही भवनाथपुर में लगेगा पावर प्लांट: हेमंत सोरेन

सीएम हेमंत सोरेन ने गढ़वा के बंशीधर नगर से शुरू किया चुनाव प्रचार

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर स्थित गोसाई बाग मैदान में सोमवार को झामुमो द्वारा अनंत प्रताप देव के नामांकन के दौरान रैली का आयोजन किया गया। नामांकन रैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी शामिल हुए। रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा बंशीधर नगर की नगरी में वे अपना पहली चुनावी सभा कर रहे हैं। बंशीधर महोत्सव को उनकी सरकार ने राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया। चुनाव में बाबा बंशीधर का आशीर्वाद उन्हें जरूर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार को दुबारा सत्ता में आते ही भवनाथपुर में पावर प्लांट लगाया जाएगा। उन्होंने पहले कार्यकाल में पावर प्लांट की आधारशिला रखी थी, लेकिन कुछ विषम परिस्थितियों के कारण प्लांट नहीं बन सका था। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में विकास की ऐसी लकीर खींची है कि उसे गिनाना मुश्किल है।मईया सम्मान योजना से हर घर को लाभ हुआ है। दिसंबर से इसकी राशि ढाई हजार रुपए हो जायेगी। वहीं अगली बार हर महिलाओं को साल में एक लाख रुपए दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग सत्ता के भूखे हैं। पांच साल सत्ता से दूर रहने के दौरान हमें काफी परेशान किया। उन्हें पांच साल सोने नहीं दिया। सत्ता के लिए धन-बल का इस्तेमाल कर लोगों को गुमराह करने की कोशिश में लगे हैं, लेकिन यहां की जनता इस चुनाव में भी उन्हें सबक सिखाएगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कुचक्र को खत्म करने के लिए उनलोगों ने इंडिया गठबंधन बनाया है।इस दौरान झामुमो उम्मीदवार अनंत प्रताप देव, पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव, ताहिर अंसारी, सोगरा बेगम, झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, सूर्यदेव मेहता, लल्लू राम, कामता प्रसाद, रमेश चंद्रवंशी, अमरनाथ पांडेय, अमर राम, बबलू पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी सहित काफी लोग मौजूद थे।

चुनाव आयोग के निर्देश पर डीजीपी बनाए गए अजय सिंह

इससे संबंधित आदेश सोमवार की दोपहर चुनाव आयोग के आदेश पर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी कर दी।

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : चुनाव आयोग के निर्देश पर अजय कुमार सिंह को झारखंड का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाया गया है।

इसके अलावा वे झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे।

इससे संबंधित आदेश सोमवार की दोपहर चुनाव आयोग के आदेश पर गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी कर दी।उल्लेखनीय है कि चुनाव आयोग के निर्देश के बाद 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता से झारखंड डीजीपी पद का प्रभार वापस ले लिया गया था और उन्हें निर्देश दिया गया कि झारखंड पुलिस हाउसिंग के एमडी के पद पर पदस्थापित अजय कुमार को यह प्रभार सौंपेंगे। इसको लेकर 19 अक्टूबर की शाम गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई थी।

चुनाव आयोग ने 19 अक्टूबर को झारखंड सरकार को निर्देश दिया था कि डीजीपी अनुराग गुप्ता को तत्काल हटाकर कैडर में उपलब्ध सबसे वरिष्ठ डीजीपी अधिकारी को प्रभार सौंपे। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार से अपने निर्देशों का पालन करने और 19 अक्टूबर की शाम सात बजे तक एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को भी कहा था। चुनाव आयोग ने राज्य सरकार से सोमवार सुबह दस बजे तक पद के लिए विचार किए जाने वाले सीनियर आईपीएस अधिकारियों का एक पैनल भेजने को भी कहा था।उल्लेखनीय है कि बीते 26 जुलाई को झारखंड सरकार ने 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाया था।

अवैध धन के आवागमन पर पूर्णतः रोक लगाएं : के. रवि कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि विधानसभा निर्वाचन में सभी प्रत्याशियों के लिए सामान्य अवसर प्राप्त हो, इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन कराना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के क्रम में अवैध धन के आवागमन के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास हो सकते हैं। इसे लेकर सभी प्रवर्तन ऐजेंसियों का कर्तव्य है कि अवैध धन और अवैध सामग्री पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाएं। वह सोमवार को निर्वाचन सदन में आयोजित प्रवर्तन ऐजेंसियों के वरीय पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।श्री कुमार ने कहा कि वन विभाग अपने सभी चेकपोस्टों पर सघन जांच करते हुए अवैध सामग्री के आवागमन पर रोक लगाए। उन्होंने आयकर विभाग द्वारा अवैध धन के संभावित ठिकानों और उसके आवागमन पर सघन छापेमारी करते हुए उसपर रोक लगाने का निर्देश दिया। बैठक में नशीले पदार्थों के संभावित ठिकानों और उसके आवागमन के साधनों पर छापेमारी करते हुए पूर्णत- प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया।इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित प्रवर्तन ऐजेंसियों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद
General Medicine
• Fever and Sepsis
• Blood Pressure
• Diabetes Management
• Thyroid Management
Dr. Pankaj
General Medicine / Physician
MBBS, DNB (Medicine)
Dr. Sumeet kumar
General Medicine / Physician
MD MEDICINE (MGMMC, INDORE)
O.P.D
Monday to Saturday
10 AM to 2 PM
7808368888 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से मंत्री मिथिलेश ने किया नामांकन

नामांकन रैली में दिखा मिथिलेश का जलवा, अपार भीड़ ने किया विरोधियों का हौसला पस्त

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : झारखण्ड के 80, गढ़वा विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सोमवार को दो सेटों में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली मिथिलेश का जलवा देखते बन रहा था। समर्थकों की अपार भीड़ ने यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि एक बार फिर मिथिलेश का काज। समर्थकों की हुंकार ने विरोधियों के परिवर्तन की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं पर बड़ा प्रहार भी कर दिया है। इस दौरान टाउन हॉल के मैदान से एसडीओ कार्यालय तक लोगों की हुजूम बनी रही। झामुमो और मिथिलेश ठाकुर के समर्थन में लग रहे गगनभेदी नारों से कुछ घंटों

के लिए इलाका झामुमोमय बन गया। झामुमो नेता सह पेयजल स्वच्छता, पर्यटन-खेल मंत्री मिथिलेश ठाकुर अपने समर्थकों के साथ मोटरसाइकिल से अनुमंडल कार्यालय नामांकन करने पहुंचे। इस दौरान प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर के अलावा उनके साथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष औबेदुल्ला हक अंसारी, शंभू राम, परेश तिवारी, रंका प्रमुख लीलावती हाजी निजाम आदि उपस्थित थे। शहर के टंडवा निवासी मो. निजामुद्दीन (हाजी निजाम) तथा मेराल प्रखंड के चामा मुखिया शंभू राम उनके प्रस्तावक बने। मंत्री ने दो सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया।

झामुमो-कांग्रेस में था उत्साह, राजद रहा नदारत

गढ़वा विधानसभा सीट की लड़ाई की परिदृश्य इस बार थोड़ा बदली हुई दिख रही है। इस बार झामुमो-कांग्रेस के पुराने साथी राजद विदक गई है। मंच पर राजद के एक भी नेता नहीं दिखे। इस बार मिथिलेश ठाकुर झामुमो-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार के रूप में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए मैदान में उतरे हैं। यह क्षेत्र राजनीतिक रूप से काफी संवेदनशील माना जाता है। लिहाजा चुनाव में कड़ी टक्कर होना स्वाभाविक है।

विकास और जनता की भलाई के लिए प्रतिबद्ध

मिथिलेश ठाकुर ने नामांकन के बाद कहा कि वह क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपार समर्थन देने के लिए उन्होंने अपने समर्थकों और क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि जनता एक बार फिर उन्हें आशीर्वाद देगी। एक बार फिर से वह क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे।

सिविल सर्जन ने किया मोतियाबिंद शिविर का उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : जिला अंधापन नियंत्रण समिति एवं राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में हुसैनाबाद अर्बन अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन पलामू सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट के संचालक डॉक्टर अखिलेश कुमार गुप्ता, पूर्व मुखिया अभय कुमार सिंह उर्फ टुन्ना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित व फीताकाट कर किया। इस अवसर पर पलामू सीएस ने कहा की किसी व्यक्ति के आँखों की रौशनी लौटाना सबसे सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। इस दिशा में जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ता से अपील

की है की अपने अपने क्षेत्रों से मोतियाबिंद रोग से ग्रसित लोगों को इस शिविर में पहुंचाने का काम करें। डॉक्टर अखिलेश ने बताया की आईएलओ द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा। शिविर के पहले दिन 28 लोगों का मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन किया गया। मौके पर नेत्र चिकित्सक बिरजू प्रसाद, दयानंद कुमार, जयप्रकाश सिंह, सचिन ठाकुर, कुंदन कुमार, सुनील कुमार, मिथिलेश कुमार, बसंती देवी, रागनी कुमारी, विपिन कुमार, प्रो0 संजय सिंह, समेत कई लोग मौजूद थे।

ऊंटारी में चल रहे महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर : जिले के उंटारी रोड प्रखंड मुख्यालय स्थित शिव संपत धाम परिसर में चल रहे 25 कुंडीय श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. अहले सुबह से ही यज्ञशाला की परिक्रमा शुरू हो जा रही है जो देर रात तक जारी रह रहा है.महायज्ञ में भारत के महान मनीषी तपोनिष्ठ पूज्य संत श्री त्रिदण्डी स्वामी जी महाराज के कृपा पात्र प्रातः स्मरणीय श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जियर स्वामी जी महाराज ने भारतवर्ष में बौद्ध परपंरा का उन्मूलन व वैदिक परंपरा की स्थापना की बड़े ही रोचक कथा कहकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस दौरान उन्होंने कई वेद शास्त्र,रामायण व रामचरितमानस के

प्रसंगों का भी जिक्र कर कथा को और रोचक व सुलभ कर दिया. उन्होंने आदि शंकराचार्य व मुंडन मिश्र की शास्त्रार्थ की विस्तृत कथा बताई. उन्होंने कहा कि केवल आज ही पढ़े लिखे लोग नहीं है पहले की नारियां भी विदुषि थी. उन्होंने वेद शास्त्रों के कई प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि राष्ट्र जब भी संकट में पड़ा है तब उसमें माताओं की उदासीनता रही है.इतना ही नहीं और उज्ज्वल भी हुआ है जिसमे भी नारियों का अहम योगदान रहा है. रामचरित मानस के एक प्रसङ्ग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि माता सीता वनवास के दौरान सोने की हीरन देखकर उसे लाने के लिए भगवान श्रीराम से हठ किया था जबकि भगवान ने उसका खंडन किया. वावजूद वो अपनी जिद पर अड़ी रही. श्री स्वामीजी महाराज ने कहा कि सत्ययुग में योग साधना, त्रेता में यज्ञ, तप और द्वापर के लोग तीर्थ व्रत कर भगवत की प्राप्ति करते थे. महायज्ञ में बक्सर के पीठाधीश्वर स्वामी अयोध्या नाथ जी महाराज, स्वामी वैकुंठ नाथ जी महाराज, मारुति किंकर जी महाराज, गोविंदचार्च जी महाराज सहित कई संतो का संगीतमय प्रवचन प्रतिदिन

नगर उंटारी पुलिस की बड़ी करवाई, ढाई लाख का पकड़ा विदेशी शराब

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : वेलासपुर चेकनाका के पास जांच से बचने के लिए दो बोलोरो वाहन को, जो भाग रहे थे, छापेमारी दल ने चालक सहित पकड़ लिया है।जिसमे अवैध रूप से ऑफिसर चॉइस विदेशी शराब की 180 एमएल का 2000 पाउच बरामद किया गया है। उक्त बातें नगर उंटारी थाना में प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने बताया। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा को गुप्त सूचना मिली थी कि दो बोलोरो वाहन विदेशी शराब लेकर विंढमगंज के रास्ते गढ़वा की ओर आ रही है। उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर तत्काल एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। गठित छापेमारी दल वेलासपुर में जांच शुरू किया।उन्होंने बताया कि इसी दौरान दो बोलोरो वाहन विंढमगंज की तरफ से तेजी से आये।पुलिस को देख कर उसी गति से दोनो बोलोरो बीआर 01

पीएफ0740 तथा बीआर29 एम 1908 गाड़ी घुमा कर भागने का प्रयास करने लगे।जिसे छापेमारी दल के सदस्यों ने तीन व्यक्तियों को दौड़ा कर पकड़ लिया। पकड़े गये तीनो लोगो के निशानदेही पर गाड़ी के छत पर जो मोडिफाई करके बनाया गया था से 2000 पाउच ऑफिसर चॉइस विदेशी शराब बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि पकड़े गये लोगो ने बताया कि शराब उत्तर प्रदेश के रेनुकूट से बिहार ले जा रहे थे। इस संबंध में कांड संख्या 217/24 दर्ज कर धारा 274,275,292 बीएनएस एवम उत्पाद अधिनियम 47(ए) के तहत करवाई किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि पकड़े गये व्यक्तियों में बिहार के बैशाली जिला निवासी नीतीश कुमार(19 वर्ष), जिला सारण के नारायण साहनी (30वर्ष)तथा उसी जिले के विवेक कुमार (22वर्ष)का नाम शामिल है।जप्त किये गये सामानों में दो बोलोरो गाड़ी तथा 2000 पाउच शामिल है। छापेमारी दल में एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी नगर उंटारी आदित्य कुमार नायक, पुलिस अवर निरीक्षक संदीप कुमार रवि, जितेंद्र कुमार, हवलदार सुब्रत टुडू, आरक्षी नितेश श्रीवास्तव तथा आरक्षी कौशल दूबेदी शामिल थे।

एआइएमआइएम के प्रत्याशी डॉक्टर एमएन खान 25 करेंगे को नामांकन दाखिल

गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता): एआइएमआइएम पार्टी के गढ़वा विधानसभा प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान 25 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगे। इस संबंध में डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि नामांकन दाखिल करने के पूर्व सुबह 10:00 बजे शहर के रामा साहू स्टेडियम से नामांकन रैली निकाली जाएगी। जो शहर के मुख्य पथ होते हुए अनुमंडल कार्यालय तक जाएगी। इसके बाद नामांकन का कार्य किया जाएगा। नामांकन रैली के दौरान शहर के विभिन्न जगहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। वही नामांकन दाखिल करने के बाद गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान में एक सभा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य रूप से ए आई एम आई एम के विधायक प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान के अलावा पार्टी के कई आला नेता सभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में नामांकन रैली में शामिल होने की अपील की है।

भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से दो निर्दलीय सहित चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन हेतु निर्धारित तिथि के तीसरे दिन सोमवार को 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से दो निर्दलीय सहित चार प्रत्याशियों ने निर्वाची पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा के समक्ष अपना नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। सर्वप्रथम झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी अनंत प्रताप देव ने अपना नाम निर्देशन पत्र निर्वाची पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा के समक्ष दाखिल किया। उसके बाद निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र कुमार प्रजापति ने अपना नामांकन पत्र निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। तीसरे नंबर पर निवर्तमान विधायक सह भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप शाही ने दो सेट में अपना नाम निर्देशन पत्र निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष दाखिल किया। चौथे नंबर पर निर्दलीय प्रत्याशी राहुल प्रसाद गुप्ता ने अपना नामांकन पत्र निर्वाची प्राधिकारी के समक्ष दाखिल किया। इस तरह विधानसभा चुनाव के निमित्त नामांकन के लिए निर्धारित तिथि के प्रथम व द्वितीय दिन एक भी नामांकन नहीं हुआ था, जबकि तीसरे दिन झामुमो व भाजपा प्रत्याशी सहित चार अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन को ले पूरे दिन शहर में गहमागहमी रही। झामुमो प्रत्याशी अनंत प्रताप देव के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरन को आने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग भाषण सुनने गोसाईंबाग के मैदान में पहुंचे थे।

पुष्पा देवी को पुनः उम्मीदवार बनाए जाने पर मनाया जश्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

पाटन : छतरपुर पाटन विधानसभा की भाजपा उम्मीदवार की आधिकारिक घोषणा होते ही विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे जलाने शुरू कर दिए। पाटन, पड़वा मोड, छतरपुर और नौडीहा बाजार में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और पटाखे जलाकर खुशी जाहिर की। टिकट लेकर लौटने पर पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर लोगों से मांगा जन समर्थन। 24 अक्टूबर को भाजपा विधायक पुष्पा देवी का नामांकन किया जाना है। भाजपा कार्यालय से पुष्पा देवी के नाम कीआधिकारिक घोषणा होते ही कार्यकर्ताओं का हुजूम चौक चौराहे पर जमा होने लगा। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई। कार्यकर्ताओं ने बातचीत के दौरान बताया कि यह पार्टी का सही निर्णय है। विधायक पुष्पा देवी ने अपने कार्यकाल में जितना विकास कार्य किया है यह उसकी जीत है।

रामचंद्र सिंह का आगामी 24 को नामांकन तिथि तय, कार्यकर्ताओं में उत्साह

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : आगामी 24 नवंबर को महागठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार और मनिका के वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि विधायक रामचंद्र सिंह के नामांकन तिथि घोषित होने पर महागठबंधन कार्यकर्ताओं में जोश देखा जा रहा है। वहीं कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ता और समर्थकों का जुटान होने वाला है। महागठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ भारी संख्या में अनुमंडल कार्यालय महुआडांड़ में नामांकन प्रक्रिया में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि रामचंद्र सिंह को आलाकमान और महागठबंधन से फिर एक बार उम्मीदवार बनाए जाने से कार्यकर्ताओं और समर्थकों में काफी उत्साह है। कांग्रेस के साथ-साथ गठबंधन के अन्य दलों के नेता भी नामांकन के दौरान अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे, जिससे यह नामांकन समारोह एक बड़े शक्ति प्रदर्शन का रूप ले सकता है। मनिका विधानसभा क्षेत्र में रामचंद्र सिंह की छवि एक सक्रिय और जुझारू नेता की रही है, जिन्होंने जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया है। उनके समर्थन में बड़ी संख्या में लोग जुटने की उम्मीद जताई जा रही है।

डीसी ने मतदाता जागरूकता पर आधारिक नागपूरी वीडियो एलबम का किया विमोचन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता व उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह तथा अपर समार्हत्ता रामा रविदास ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में मतदाता जागरूकता को ले कर बनाये गये नागपुरी वीडिओ एलबम का विमोचन किया।इस एलबम का नाम चला सभे करे मतदान है। एलबम में अपनी आवाज दी है मशहूर कुड़ख व नागपुरी गायक व निर्देशक रविकांत भगत व रीला कुमारी। रविकांत लातेहार जिले के चंदवा प्रखंड के बनहरदी-बारी ग्राम निवासी हैं। एलबम में संगीत सुकुल उरांव व निर्देशन जीतेंद्र भगत ने किया है। इसमे रिंकू उरांव, लवकेश, शारदा, मोनिका टोप्पो व पिंटू उरांव ने अभिनय किया है। मौके पर संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि आम मतदाता को जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन के द्वारा इस वीडिओ एलबम का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस एलबम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं से आगामी 13 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने निर्भिक हो कर मतदान करने की अपील की है। मौक पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी जगतमणी टोप्पो व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा चंदन आदि मौजूद थे।

निर्दयी पिता ने छोड़ी अपनी तीन साल की बच्ची

बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता): मझिआंव प्रखंड में एक निर्दयी पिता ने तीन वर्ष की छोटी बच्ची की मासूमियत और उसका छोटा सा संसार अचानक बदल दिया। जब उसके अपने ही पिता ने उसे मझिआंव मेन रोड स्थित कृष्णा हलवाई के होटल में छोड़ दिया और खुद फरार हो गया। तीन साल की यह बच्ची, जिसे दुनिया की कड़वी सच्चाई से कोई वास्ता नहीं था। अब वह लावारिस हो गई है। स्थानीय लोगों के लिए यह घटना एक गहरा आघात साबित हुई। होटल के आस-पास के लोग उस बच्ची की मासूम आँखों में छिपी निराशा और अनिश्चितता को देख रहे थे, और यही चर्चा हर तरफ थी। कौन होगा ऐसा निर्दयी पिता, जो अपनी बच्ची को इस तरह छोड़कर चला गया? जैसे ही इस घटना की सूचना मझिआंव थाने को मिली, थाना प्रभारी आकाश कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे और बच्ची को अपने संरक्षण में लिया। पुलिस ने बच्ची के पिता की काफी खोजबीन किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। पिता का कोई पता नहीं चलने पर, बच्ची को बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के अध्यक्ष प्रणव कुमार को सौंप दिया गया।बाल कल्याण समिति ने इस मासूम बच्ची को गढ़वा स्थित बाल गृह में भेज दिया है। जहाँ अब उसकी देखभाल की जा रही है। प्रणव कुमार ने कहा, ÷हम बच्ची के पिता और उसके परिवार की खोज में लगे हुए हैं। जैसे ही हमें साक्ष्य के आधार पर उसका पता मिल जाएगा, बच्ची को उसके परिवार को सौंप दिया जाएगा।÷इस बीच समाज में घटी यह घटना एक बड़ा सवाल खड़ा करती है - क्या कोई पिता इतनी निर्दयता से अपने ही खून को छोड़ सकता है? उस बच्ची की जिंदगी अब बाल गृह में बीत रही है, जहाँ उसकी देखभाल तो हो रही है, लेकिन अपने परिवार की गोद का सुकून उससे छीन लिया गया है। जब तक बच्ची के पिता या परिवार का कोई पता नहीं चलता, यह मासूम बच्ची बाल गृह की छत के नीचे, एक नई सुबह की उम्मीद में जी रही है, जहाँ शायद कोई उसे फिर से उसकी खोई हुई मासूमियत और प्यार भरी गोद वापस दे सके।

पूर्वी सिंहभूम 21 मेडल के साथ के ओवर ऑल बना चैंपियन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गढ़वा : बंधन मैरिज हॉल में खेले जा रहे 24 वीं झारखंड राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पूर्वी सिंहभूम ने सात गोल्ड छह सिल्वर और आठ ब्राउंज सहित कुल 21 मेडल प्राप्त कर ओवर ऑल चैंपियन बना वही रांची जिला की टीम ने आठ गोल्ड, पांच सिल्वर और छह ब्राउंज सहित 19 मेडल प्राप्त किया। जबकि गढ़वा ने तीन गोल्ड , छह सिल्वर और दस ब्राउंज सहित 19 मेडल प्राप्त किया। धनबाद की टीम ने एक सिल्वर और तीन ब्राउंज सहित कुल चार मेडल ,हजारीबाग ने पांच ब्राउंज और बोकारो की टीम ने एक ब्राउंज मेडल प्राप्त किया। समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा जिला टेबल टेनिस के संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि झारखंड राज्य टेबल टेनिस को और बेहतर करने की जरूरत है और

इसके लिए गढ़वा जिला झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के साथ मिलकर पूरा करने के लिए तैयार है। झारखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी मेडल प्राप्त करें और वहां से ओलंपिक में जाने का रास्ता तय करें यह हम सबका लक्ष्य होना चाहिए। झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के सचिव समरजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर करने के लिए अपना अभ्यास जारी रखे तभी आप और बेहतर कर सकते हैं ।पुरुष वर्ग के फाइनल में रांची के शत्रुंजय ने रांची के ही सोमनाथ चक्रवर्ती को चार - एक से तथा महिला वर्ग में पूर्वी सिंहभूम की सानिया बनर्जी ने गढ़वा की अंजलि को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। पुरस्कार का वितरण झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के सचिव समरजीत सिंह उपाध्यक्ष सैबल गुप्ता , गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी सचिव आनंद सिन्हा, सह सचिव प्रिंस सोनी, उपाध्यक्ष सुशील केसरी अमित कुमार सिंह, अशोक विश्वकर्मा महेंद्र विश्वकर्मा, संजय सोनी सिस्टर रौशमा, चंद्रभूषण सिन्हा, नंद कुमार गुप्ता ने पुरस्कार वितरण किया। इस मौके पर अजय ठाकुर ,संजय सिंह अभय कुमार, रामाशंकर सिंह, मोजीबुद्दीन खान, अयोध्या ठाकुर, अमोद कुमार पांडेय सहित काफी संख्या में खिलाड़ी एवं अभिभावक उपस्थित थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में मुख्य रेफरी संदीप शाहा, किरण बिहारी शुक्ला, अंपायर एल एन मित्रा, आशीष बनर्जी, आशुतोष कुमार दुबे अमल कुमार ठाकुर ऋषभ राज आयुषी कुमारी साइ अक्षय, सुधांशु रंजन ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने की जबकि धन्यवाद ज्ञापन अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने किया।

पलामू एसपी ने पुलिस संस्मरण दिवस पर शहीदों को दिया श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदनीनगर : सोमवार को पलामू पुलिस केंद्र में पुलिस संस्मरण दिवस मनाया गया। इस संस्मरण में शहीद जवानों को याद किया गया। पलामू एसपी रेशमा रमेशन के द्वारा सहित स्मारक पर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके साथ-साथ शहीद जवानों को सलामी एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। एवं शाहिद के परिजनों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पलामू एसपी के द्वारा शाहिद के परिवार को सम्मानित करते हुए। बच्चों के बीच चॉकलेट व अल्पाहार का वितरण किया। संस्मरण दिवस कार्यक्रम में सीडीपीओ मणि भूषण प्रसाद, आलोक कुमार टूटी, राजीव रंजन, राजेश कुमार, सार्जेंट मेजर सुरेश कुमार ओझा, सार्जेंट विमल कुमार, मेरी खलखो, पुलिस मेंस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी केंद्रीय सदस्य मोहम्मद इसराइल संयुक्त सचिव कृष्ण कुमार एवं उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार से एवं हवलदार एवं पुलिसकर्मी शामिल थे।

मकरी में पलटा ऑटो, 3 घायल

भवनाथपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी मोड़ के समीप मुख्य पथ पर एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में श्रीवंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोलझिकी गांव निवासी दशरथ भुइंया 30 वर्ष पिता हरिहर भुइंया उसकी पत्नी तेतरी देवी 25 वर्ष तथा खरौंधी के मीरा देवी पति रिखी पासवान का नाम शामिल है। उक्त सभी घायलों को ईलाज हेतु स्थानीय सीएचसी लाया गया जहां तैनात चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के दशरथ भुइंया को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि वे सभी भवनाथपुर से ऑटो पर बैठकर खरौंधी जा रहे थे, तभी मुख्य पथ पर मकरी मोड़ के समीप तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

संक्षिप्त खबरें

आरजेडी 6 सीटों पर कर रही है बातचीत

रांची। झारखंड के चुनावी रण में सीट शेयरिंग के झमेले में फंसे इंडिया गठबंधन को लेकर है। प्रदेश में खुद को 22 सीटों पर मजबूत बता रही लालू यादव की पार्टी सम्मानजनक सीटों की मांग पर अड़ी हुई थी। मामला ऐसा उलझा कि लगातार प्रेस कॉन्फ्रेंस का समय देकर राजद उसे कैंसिल कर रही थी। वहीं सोमवार को राजद को सीएम हाउस से बुलावा आया और अब मुख्यमंत्री हेमंत और तेजस्वी की मुलाकात में राजद की बात बन गई है। राजद के सूत्रों के मुताबिक इंडिया गठबंधन में राजद को फाइनली 6 सीटें आगामी विधानसभा चुनाव में लड़ने के लिए मिल गई हैं। वहीं एक और सीट पर बातचीत जारी है। राजद आगामी विधानसभा चुनाव में गोड्डा, देवघर, कोडरमा, चतरा, छतरपुर, हुसैनाबाद सीट पर चुनाव लड़ेगा। वहीं विश्रामपुर सीट पर बातचीत जारी है।

चलाया गया वृक्षा रोपण अभियान

रांची। एक शुरुआत एनजीओ की ओर से पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए त्रश त्रह्लद्गठ्ठ स्थ्रष्द्वद्गह्ल4 अभियान का आरंभ किया गया।इस कार्यक्रम को मोराबादी ऑक्सीजन पार्क के सामने किया गया।जिसमें करीब 100 वृक्षारोपण हेतु पेड़ों का वितरण लोगों के बीच में किया गया। जिसमें फलदार छायादार एवं औषधि युक्त पेड़ों को बांटा गया जिसका उद्देश्य समाज को प्रदूषण रहित बनाना एवं पर्यावरण को बचाना है और जितना अधिक हो सके जगह-जगह पेड़ लगाना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक शुरुआत एनजीओ के संस्थापक श्री सनी कुमार राम सचिव शंकर तिर्की कोषाध्यक्ष नीतू देवी शेखर , तरन्नुम , निर्मल , भानु का मुख्य भूमिका रही।एक शुरुआत के संस्थापक शनि ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए हमारा संस्था हमेशा अपना योगदान समाज में देते रहेगी।

पुलिस संस्मरण दिवस परेड में शामिल हुए डीजीपी, दिया श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखण्ड सशस्त्र पुलिस-1, राँची परिसर स्थित परेड मैदान में पुलिस संस्मरण दिवस परेड का आयोजन सम्पन्न किया गया। उक्त समारोह में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड अजय सिंह से लेकर पुलिस मुख्यालय के वरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे। पुलिस संस्मरण दिवस के अवसर पर शहीदों की याद में सम्मान स्वरूप वाहिनी परिसर स्थित शहीद स्मारक में श्रद्धांजली अर्पित किया गया। इस वर्ष देश के पारा मिलिट्री फोर्स तथा विभिन्न राज्यों की पुलिस बल के कुल 216 (दो सौ सोलह) पदाधिकारी एवं जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं, जिसमें झारखण्ड राज्य के हवलदार चौहान हेम्ब्रम, ने 12.08.2024 को सजायाफता कैदी की सुरक्षा में प्रतिनियुक्ति के दौरान कैदी द्वारा किये गये हमले में शहीद हुए थे। आरक्षी 285 सिकन्दर सिंह एवं आरक्षी 1053 सुकन राम, चतरा जिले में दिनांक 07.02.2024 को नक्सली हमले में शहीद हुए थे तथा आरक्षी 1305 रामदेव महतो 14.08.2023 को अपराधियों के साथ हुए मुठभेड़ में अपने प्राणों की आहुति दी है। शहीदों के परिवारों के साथ झारखण्ड पुलिस के सभी पदाधिकारी / कर्मी हमेशा साथ खड़ा रहेगा।

शहीद पुलिस कर्मियों के परिवार के साथ रांची पुलिस हमेशा खड़ी है : एसएसपी

रांची। संस्मरण दिवस के अवसर पर नवीन पुलिस केंद्र, रांची में रांची में शहीद हुए पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों को शहीद स्मारक में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दिया गया तथा शहीदों के परिवारों को सम्मानित कर छोटा सा भेंट दिया गया। जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार में था, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल , रांची के सीबीआर एसपी सहित सभी पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी, परिचारी प्रवर-1,2,3,4, सभी परिचारी पुलिसकर्मी एवं पुलिस एसोसिएशन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे। एसएसपी ने कहा कि झारखंड में अलग राज्य बनने के बाद रांची जिला बल के अब तक डीएसपी सहित हमारे पुलिस कर्मियों में करीब 20 जवानों ने शहादत प्राप्त की है। उनके परिजनों की हर समस्याएं हर दुख में पुलिस परिवार उनके साथ सदैव खड़ी है , किसी तरह के कोई समस्या होगी तो हम उनके साथ हैं।

सत्यानंद झा और मिस्त्री सोरेन का भाजपा से इस्तीफा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : विधानसभा चुनाव में टिकट न मिलने की स्थिति में नेताओं का एक पार्टी से दूसरे पार्टी में जाने का सिलसिला चल रहा है। भाजपा ने 66 प्रत्याशियों की सूची जारी होने के बाद पार्टी नेताओं के इस्तीफा का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

सबसे पहले पोटका के पूर्व विधायक मेनका सरदार, रांची से संदीप वर्मा, सरायकेला से 2019 में चंपाई सोरेन से मुकाबला करने वाले भाजपा नेता गणेश महली और सारठ के चुन्ना सिंह दुमका से पार्टी के पूर्व विधायक व मंत्री लुईस मरांडी के बाद महेशपुर के पूर्व विधायक सह भाजपा नेता मिस्त्री सोरेन ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, मेनका सरदार ने इस्तीफा वापस ले लिया है। पार्टी से उनकी क्या बातचीत हुई है और किस शर्त पर उन्होंने इस्तीफा वापस लिया है, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं है। मिस्त्री सोरेन ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को लिखे पत्र में कहा है कि वे भाजपा की प्राथमिक सदस्यता के साथ ही तमाम पदों से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देते हैं। इससे पहले पूर्व कृषि मंत्री और नाला से विधायक रहे सत्यानंद झा बाटुल ने भी भाजपा से इस्तीफा दे दिया है। बाटुल नाला विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।

पुलिस संस्मरण दिवस पर आईजी अभियान सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने किया रक्तदान

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : पुलिस संस्मरण दिवस पर झारखंड जगुआर के टेंडर ग्राम मुख्यालय में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आईजी अभियान एवी होमकर सहित झारखंड जगुआर के अन्य पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने रक्तदान किया। मौके पर आईजी अभियान ने पुलिस संस्मरण दिवस पर उन वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अपने कर्तव्य के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान करने वाला शहीद जवान देश का गौरव है। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने रक्तदान किया।

लोजपा ने जनार्दन पासवान को चतरा से दिया टिकट

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांचीः पूर्व विधायक जनार्दन पासवान चतरा से लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के उम्मीदवार होंगे। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने जनार्दन पासवान को उम्मीदवार घोषित करते हुए सिंबल और लेटर दे दिया है। जनार्दन पासवान रविवार को ही दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी में शामिल हुए थे। पार्टी में शामिल होने के बाद उन्होंने चतरा विधानसभा सीट के लिए आवेदन दिया था। इसके बाद संसदीय बोर्ड की बैठक में जनार्दन पासवान के नाम पर सहमति बनी और उन्हें उम्मीदवार घोषित कर दिया गया। दिल्ली में ही चिराग पासवान ने उन्हें पार्टी का सिंबल दे दिया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र प्रधान सहित कई नेता मौजूद थे। भाजपा ने गठबंधन के तहत चतरा की सीट लोजपा को दी है। जनार्दन पासवान भारतीय जनता पार्टी में थे और टिकट के लिए प्रयासरत थे। लोजपा के कोटे में सीट जाने के बाद उन्होंने पार्टी से संपर्क किया और इसमें शामिल होकर टिकट हासिल कर लिया। लोजपा के पास यहां कोई दमदार उम्मीदवार नहीं था। इसलिए उसने जनार्दन पासवान को टिकट दिया है। जनार्दन पासवान यहां से दो बार जीत चुके हैं।

डीईओ लेवल स्ट्रांग रूम खोला गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, वरुण रंजन कि उपस्थिति में - 21 अक्टूबर 2024 को समाहरणालय, ब्लॉक ए के कॉन्फ्रेंस कक्ष में विधानसभा चुनाव 2024 के अन्तर्गत 58-तमाड़, 61- सिल्ली, 62- खिजरी, 63-रांची, 64-हटिया एवं 65-काँके, 66-मांडर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के Radomization v st सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि के समक्ष किया गया।जानकारी हो कि चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से कौन सा बीयू-सीयू/वीवीपैट मशीन किस-किस विधानसभावार भेजा जायेगा। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री बिवेक कुमार सुमन, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग-सह-सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा ,रविशंकर मिश्रा, डी.आई.ओ. रांची, राजीव कुमार एवं सम्बंधित ए.आर.ओ. उपस्थित थे।

स्ट्रांग रूम खोला गया : उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन के द्वारा मोरहाबादी स्थित डीईओ लेवल स्ट्रांग रूम राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि (मान्यता प्राप्त), उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन, नोडल पदाधिकारी उवीएम कोषांग-सह-सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा , रविशंकर मिश्रा, सम्बंधित सभी ए.आर. ओ. की उपस्थिति में खोला गया।

मेनका सरदार ने अपना इस्तीफा वापस लिया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने भाजपा पार्टी से अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को मेनका सरदार से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान मेनका सरदार ने पार्टी से दिए अपने इस्तीफे पर पुनर्विचार करते हुए इस्तीफा वापस ले लिया। साथ ही भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के पक्ष में प्रचार करते हुए जीत सुनिश्चित कराने का निर्णय लिया। आदित्य साहू ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर बताया कि आज पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने पार्टी से इस्तीफा वापस लेने का निर्णय लिया और भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा की के पक्ष में कार्य करने का निर्णय लेकर पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे।

रांची से तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : नगडी थाना पुलिस ने तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में दीपक कुमार बडाईक, बिक्की कुमार बड़ाईक और रॉकी कुमार बडाईक शामिल है। इनके पास से एक नाइन एमएम का पिस्टल, दो जिंदा गोली बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने सोमवार को बताया कि आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे छापेमारी अभियान के क्रम में एसएसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि बारिडीह (सेम्बो) गांव में दीपक बड़ाईक अपने साथियों के साथ अपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। सूचना का सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम उक्त स्थान पर दीपक बडाईक के घर पर पहुंची और घर को चारो तरफ से घेर कर दरवाजा खुलवाया तो घर के अंदर से तीन युवक बाहर निकले । पुलिस को देखते ही भागने का प्रयास करने लगे। टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी के के जरिये भागने का प्रयास कर रहे तीनों युवक को पकड़ा गया।

रांची जिला के सातों विधासभा क्षेत्र का पहला रेडमाइजेशन किया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : विधानसभा चुनाव को लेकर रांची जिला के तमाड़, सिल्ली, खिजरी, रांची, हटिया, कांके और मांडर विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम और वीवी पैट का फर्स्ट रेंडमाइजेशन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में आयोजित रेडमाइजेशन में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान डीईओ लेवल पर स्ट्रांग रूम खोला गया। चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर के माध्यम से बीयू-सीयू और वीवीपैट मशीन विधानसभावार भेजा जायेगा।

रेडमाइजेशन के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग-सह-सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, डीआईओ राजीव कुमार एवं संबंधित एआरओ उपस्थित थे।

पांच विधानसभा क्षेत्र में एक भी उम्मीदवार ने नहीं किया नामांकन

रांचीः आगामी विधानसभा चुनाव में सोमवार को पांच विधानसभा सभा क्षेत्र तमाड़, रांची, हटिया, कांके और मांडर में नामांकन एवं फार्म बिक्री किया गया। जिला प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार तमाड़ विधानसभा क्षेत्र से एक भी नामांकन नहीं हुआ, जबकि छह फार्म बिक्री हुई है। साथ ही रांची विधानसभा क्षेत्र से एक भी नामांकन नहीं हुआ, जबकि तीन फार्म की बिक्री हुई। हटिया विधानसभा क्षेत्र से एक भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया, सात फार्म बिक्रा।

विधानसभा चुनाव में अर्धसैनिक बलों की 119 कंपनियों की होगी तैनाती

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांचीः झारखंड विधानसभा चुनाव में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। राज्य में दो चरणों में चुनाव होगा। पहला चरण 13 नवंबर और दूसरा चरण 20 नवंबर को होगा। चुनाव के परिणाम 23 नवंबर को आयेंगे। तारीखों की घोषणा के बाद झारखंड पुलिस भी चुनाव की तैयारियों में जुट गयी है, ताकि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो सके। पुलिस मुख्यालय से सोमवार को मिली जानकारी के अनुसार इसको लेकर झारखंड में 119 कंपनी (11 हजार जवान) अर्धसैनिक बल की तैनाती होगी। इनमें 91 अर्धसैनिक बल की कंपनियां झारखंड आ गयी हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर झारखंड पुलिस ने चुनाव आयोग से 590 कंपनी अर्द्धसैनिक बल की मांग की थी। एक जिले में तीन से पांच कंपनी अर्धसैनिक बल की तैनाती होगी। तीन से पांच कंपनी अर्द्धसैनिक बल एक-एक जिला को मिल सकेगा। इन बलों को फ्लैग मार्च, एरिया डोमिनेशन, चेकिंग आदि के कार्यों में लगाया जायेगा।

ये जवान रहेंगे तैनात

बीएसएफ-43 कंपनी
सीआरपीएफ-36 कंपनी
आईटीबीपी-15 कंपनी
सीआईएसएफ-10 कंपनी
एसएसबी-15 कंपनी

राज्य में आज जारी होगी दूसरे चरण के विस चुनाव की अधिसूचना

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : राज्य विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण की अधिसूचना मंगलवार को जारी होगी। इसके साथ झारखंड की बाकी बची 38 विधानसभा सीटों के लिए नामांकन शुरू हो जाएंगे। इन 38 सीटों में 3 अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित हैं, तो आठ अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए। दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के बाद नामांकन का दौर शुरू हो जाएगी। उम्मीदवार 29 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। 30 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। एक नवंबर तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण की वोटिंग 20 नवंबर को होगी। 23 नवंबर को झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों पर मतगणना कराई जाएगी। झारखंड में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया 25 नवंबर को पूरी हो जाएगी। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने 15 अक्टूबर को विधानसभा आम निर्वाचन झारखंड 2024 के कार्यक्रम की घोषणा की थी। साथ ही पूरे झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। पहले चरण की अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की गई थी। 25 अक्टूबर तक पहले चरण के लिए नामांकन होंगे। झारखंड में कुल 81 विधानसभा सीटें हैं। लंबे समय तक नक्सलवाद से त्रस्त इस राज्य में पहली बार सिर्फ 2 चरणों में वोटिंग हो रही है। इसके पहले चार या पांच चरणों में विधानसभा के चुनाव कराए जाते रहे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 में झारखंड की 14 सीटों पर 4 चरणों में मतदान हुए थे।

इन सीटों के लिए 22 अक्टूबर को जारी होगी अधिसूचनाः राजमहल बोरियो (एसटी) बरहेट (एसटी) लिट्टीपाड़ा (एसटी) पाकुड़ महेशपुर (एसटी) शिकारीपाड़ा (एसटी) नाला जामताड़ा दुमका (एसटी) जामा (एसटी) जरमुंडी मधुपुर सारठ देवघर (एससी) पोड़ैयाहाट गोड्डा महगामा रामगढ़ मांडू धनवार बगोदर जमुआ (एससी) गांडेय गिरिडीह डुमरी गोमिया बेरमो बोकारो चंदनकियारी (एससी) सिंदरी निरसा धनबाद झरिया टुंडी बाघमारा सिल्ली।

चोरी मामले में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांचीः रांची के जगन्नाथपुर थाना पुलिस ने चोरी के मामले में दो वारंटियों को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपितों में हटिया चांदनी चौक निवासी राजाराम चौहान और बाईपास रोड पत्थर कोचा निवासी अंकित कुमार वर्मा शामिल है।

थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ घर में चोरी करने का आरोप था। दोनों जमानत पर थे, लेकिन कोर्ट में निर्धारित तिथि पर उपस्थित नहीं हो रहे थे।इस वजह से इनके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। दोनों को पड़कर जेल भेज दिया गया है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने किया मतदाता जागरूकता एलईडी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा के द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान व मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से समाहरणालय परिसर से मतदाता जागरूकता एलईडी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही खूँटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए रोस्टर निर्धारित कर एलईडी जागरूकता रथ को संचालित करने का निर्देश दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एलईडी जागरूकता रथ शहर और गांव-गांव में घूम कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ ईभीएम व वीवीपैट मशीनों के बारे में सभी को विस्तृत जानकारी देगा। विधानसभा क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के साथ वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूकता रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जायेगा। मतदान के दौरान बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी के अलावा मतदान केन्द्रो पर मतदाताओं की सुविधा हेतु रैंप, पेयजल, शौचालय, बिजली के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूलभूत सुविधा (रूम्न) के तहत सभी मूलभूत सुविधा की जानकारी जागरूकता रथ के माध्यम से दी जायेगी। इसके अलावा जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि 18 वर्ष पूरे कर चुके अधिक से अधिक फर्स्ट टाइम वोटर को मतदान हेतु प्रेरित किया जाय ताकि वे अपने मताधिकार की ताकत को जान सके एवं मतदान के दिन वे मतदान कर लोकतंत्र के इस पर्व का हिस्सा बन सके। मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, स्वीप कोषांग के सभी पदाधिकारी, कर्मी एवं जिला स्तरीय अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

आवारा कुत्तों के हमले में घायल युवक को पूर्व मंडल अध्यक्ष ने की सहायता

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): पिपरवार थाना क्षेत्र के टीएच एलो कालोनी के समीप सोमवार को आवारा कुत्तों के हमले मे बुंडू निवासी कृष्ण कुमार साव घायल हो गया।घटना तब हुई जब कृष्ण कुमार साव ड्यूटी के लिए जा रहे थे।इसी बीच अचानक उन पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया और उनके पैर को काटकर जख्मी कर दिया।सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने तुरंत कार्रवाई की और घायल कृष्ण कुमार को लेकर बचरा अस्पताल पहुंचे।हालांकि वहां उन्हें यह जानकर निराशा हुई कि अस्पताल में एंटी रेबीज टीका उपलब्ध नहीं था।इस स्थिति पर पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कड़ा रोष व्यक्त करते हुए अस्पताल प्रबंधन से टीका की उपलब्धता की मांग की। मिश्रा ने कहा कि कॉलोनी में आवारा कुत्तों के हमले की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, और इस परिस्थिति में बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में एंटी रेबीज टीका की अनुपलब्धता बेहद चिंताजनक है।उन्होंने घायल को तत्काल टीटी का इंजेक्शन दिलवाया और टंडवा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुदीप कुमार से संपर्क कर पारा मेडिकल स्टाफ सुरेंद्र कुमार की मदद से कृष्ण कुमार को एंटी रेबीज का टीका लगवाया।इस घटना से स्थानीय लोगों में अस्पताल प्रबंधन के प्रति नाराजगी है और आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान करने की मांग की जा रही है।

स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रखंडों में रंगोली के माध्यम से चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता): विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले में प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज खूँटी जिला के विभिन्न प्रखंड कार्यालयों एवं अन्य स्थानों पर सहिया समेत अन्य द्वारा रंगोली के माध्यम से क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान एक से बढ़कर एक रंगोली बनाकर आमजनों को खूँटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ हीं मतदान की विशेषता बताते हुए सभी को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया एवं लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

छात्रों को भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की दिलाई गई शपथ

मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता): संत माईकल स्कूल, मूरी में सोमवार को छात्रों को यूनियन बैंक मूरी शाखा के प्रबंधक दिनेश कुमार के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्यनिष्ठा एवं ईमानदारी की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाखा प्रबंधक ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को प्रभावी बनाना जन जागरूकता से ही संभव हो सकेगा। नागरिकों को समाज में फैले भ्रष्टाचार को खत्म करने के अभियान में सबको मिलकर अपनी सहभागिता निभानी होगी एवं प्रत्येक नागरिक को सतर्क होगा । इस कार्यक्रम में शामिल सभी शिक्षको एवं उनके सहकर्मियों को भी भ्रष्टाचार के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। इस मौके पर विद्यालय के निर्देशक श्री राकेश कुमार , प्रधानाचार्य श्री सी. एल. प्रजापति एवं सभी शिक्षक शिक्षकाए सपना दत्ता, हनि कश्यप, किशोर कुमार, वि वेंकट राव, प्रतिमा कुमारी, एन. सी. साहू, अजय बराइक, शंकर महतो, रमेश गोराई , ममता गोस्वामी, सुशील कुमार, अभिरुप दाता इत्यादि उपस्थित थे।

सिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से चल रहे तीन संचालित शराब भट्ठियों को किया नष्ट

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली थाना क्षेत्र के ग्राम टेटेबंदा और लोसेरा में रविवार को अवैध रूप से संचालित तीन शराब भट्ठियों पर सिल्ली पुलिस की बड़ी कार्रवाई। तीन संचालित भाटियों में दो हजार किलो जावा महुआ और तीस लीटर महुआ शराब को जप्त किया गया । शराब भट्ठियों को भी पुरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान शराब भट्टी से कई प्रकार के बर्तन एवं कोयला को जप्त कर लिया गया। वहीं अवैध शराब की छापेमारी के बाद शराब कारोबारी में हड़कंप मच गया। शराब बना रहे लोग पुलिस को देखते ही भाग निकले। सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक रांची के निर्देशानुसार यह कार्रवाई की गई है। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी । छापेमारी दल में सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार एएस आई हेंब्रम एवं पुलिसकर्मी मौजूद थे

जेएन फाउंडेशन की ओर से बृजकिशोर नेत्रहीन विद्यालय में 1 क्विंटल चावल की मदद

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): जेएन फ़ाउंडेशन की ओर से बृजकिशोर नेत्रहीन विद्यालय में 1 क्विंटल चावल की मदद की गई।मौके पर फाउंडेशन के प्रेसिडेंट साहिल इक़बाल तथा मेंबर चंदन, ज़ीशान रूखसार तथा विद्यालय की सहायक शिक्षक व शिक्षिका भी मौजूद थीं। सबने बच्चों संग अन्ताक्षरी खेल कर बच्चों का खूब मन बहलाया। फाउंडेशन के मेंबर ने कहा कि वे आगे भी ऐसे ही मदद की मुहिम चलाते रहेंगे।

बचरा दुर्गापूजा पंडाल के पास स्कूली बच्चे एवं शिक्षकों ने चलाया सफाई अभियान

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बाजारटांड़ स्थित सार्वजनिक दुर्गापूजा पंडाल के समीप सोमवार को स्कूली बच्चे सहित शिक्षकों ने साफ सफाई अभियान चलाया। इस सफाई अभियान में प्रस्तावित बालिका उच्च विद्यालय बचरा एवं बाल विकास विद्यालय बचरा के छात्र-छात्राऐ एवं शिक्षक शामिल हुए।जानकारी के अनुसार दोनों स्कूल के बच्चे एवं शिक्षकों ने बचरा दुर्गा पूजा पंडाल के आसपास एवं मेलाटांड़ परिसर में झाड़ू लगाया और साफ सफाई कर कूड़ा कचरा को हटाया। इस संबंध में स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि दुर्गा पूजा के बाद पंडाल परिसर एवं मेला परिसर में काफी संख्या में कुड़ा कचरा का अंबार लगा हुआ था,जिसको देखते हुए स्कूल के बच्चों के साथ शिक्षकों ने सफाई अभियान चलाया और कूड़ा कचरा को साफ किया। शिक्षकों ने बताया कि स्वछता हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।क्षेत्र के प्रत्येक लोगों को अपने घर एवं आसपास के क्षेत्रो मे साफ सफाई के प्रति ध्यान देने की जरूरत है।वहीं लोगों को समय निकालकर सार्वजनिक स्थानों पर भी सफाई अभियान चलाने की जरूरत है।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से स्वच्छता के प्रति जागरूक होते हुए अपने आसपास के इलाकों एवं घरों को साफ रखने की अपील की।

सड़क निर्माण में अनियमितता, डस्ट की जगह डाली जा रही मिट्टी

प्रभात मंत्र संवाददाता

अनगड़ा : प्रखंड क्षेत्र के रांची पुरलिया रोड (नामकोम आर.ओ.बी से अनगड़ा सेक्शन) चार लेन डिवाइडेड कैरीजवे में चौड़ीकरण कार्य पुलों के निर्माण सहित झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी पथ प्रमंडल रांची ग्रामीण के अंतर्गत सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण का कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने इन सड़क निर्माण में संबंधित ठेकेदार द्वारा घोर अनियमितता बरते जाने की शिकायत स्थानीय विधायक राजेश कच्छप से की है। शिकायत में क्षेत्र के लोगों ने संबंधित ठेकेदार एवं पदाधिकारियों की मिली भगत से मानक को दरकिनार कर कार्य करने का आरोप लगाया है। इनका कहना है कि सड़क निर्माण में डस्ट की जगह मिट्टी डाली जा रही है।

इस दौरान सड़क निर्माण कार्य में व्याप्त अनियमितता को देखते हुए कांग्रेस के युवा नेता छोटेलाल महतो ने इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। झारखंड सरकार सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है लेकिन निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। गुणवत्ताहीन कार्य होने पर ग्रामीणों ने इसका विरोध भी जताया था। रेत की जगह मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है और उसकी भी सही मात्रा का उपयोग नहीं किया गया है। कई सड़कों पर तो सूचना बोर्ड तक नहीं लगाया गया है। जो सरकार के निर्देशों को पूरी तरह ठेंगा दिखा रहा है।

दीपोत्सव नजदीक आते ही घूमने लगे हैं कुम्हारों के चाक

प्रभात मंत्र संवाददाता

खलारी : दीपावली यानी दीपोत्सव नजदीक आते ही खलारी क्षेत्र के कुम्हारों के घर में चाक घूमना शुरू हो गया है। मिट्टी के अन्य उपकरणों के साथ-साथ मिट्टी की दीये बनाने के काम में रफ्तार बढ़ गया। मिट्टी की दिये से लेकर मटकी, कलश, ग्वालिन आदि बनाने के लिए माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी को आकर दे रहे हैं। वहीं प्रखंड के जेहलीटांड में 10 परिवार, बाजारटांड में 4 से 5 परिवार, डकरा में 1 परिवार और राय में 3 से 4 कुम्हार परिवार रहते हैं। इन सभी परिवार दिये बनाने में जुट गए हैं। खासतौर पर जेहलीटांड में मिट्टी की दीये, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां आदि उपकरण सबसे अधिक बनती हैं। इधर दीपवाली को लेकर जेहलीटांड में ग्वालिन की भट्टी लागा रहे बसंत प्रजापति ने बताया कि एक बार में 150 ग्वालिन एक भट्टी में तैयार होता है। कहा कि इस वर्ष 10 हजार का दिये बनाने का टारगेट में 7000 दिये बन चुकी है। बाकी पूजा से संबंधित मिट्टी के बर्तन भी बनाए जा रहे हैं। जगदीश प्रजापति ने बताया कि 25 हजार का दिये बनाने का टारगेट में 20 हजार दिये बन चुकी है, और 150 ग्वालिन भी तैयार कर लिया गया है। बाकी पूजा संबंधित अन्य सभी उपकरण भी बनाए जा रहे है। मूर्तिकार प्रमोद प्रजापति ने बताया कि पूरे खलारी प्रखंड में इस वर्ष 4 से 5 लाख दिये की बिक्री होने की संभावना है। दीपवाली आते ही खलारी क्षेत्र सहित झारखंड के रांची, गुमला, लोहरदगा, लातेहार, रामगढ़, हजारीबाग आदि जगहों पर दिये एवं लक्ष्मी-गणेश की मूर्ति की मांग बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष डिजाइन दिया भी मार्केट में देखे जाएंगे। साथ ही दीपवाली को लेकर भगवान गणेश, माता लक्ष्मी एवं माता काली की प्रतिमाएं बनाई जा रही है। प्रजापति ने बताया कि इस वर्ष मिट्टी की दिये के लिए एक मानक रेट तय को लेकर जेहलीटांड प्रजापति समाज के द्वारा आगमी 25 तारीख के भीतर बैठक होगी। बैठक में उंचीत रेट तय किया जाएगा।

94 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल खूंटी में 65वां पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : 94 बटा. के.रि.पु.बल, खूंटी (झारखण्ड) में 65 वां पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस दिन को राज्य पुलिस तथा अर्धसैनिक बलों से जुड़े तमाम लोग पुलिस शहीद दिवस या फिर पुलिस स्मृति दिवस के नाम से भी जानते है। 21 अक्टूबर को भारत में हर साल पुलिस स्मृति दिवस इसलिए मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन 21 अक्टूबर सन 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में हमारे 10 वीर सीआरपीएफ जवानों ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। 21 अक्टूबर का महत्व इस तथ्य में निहित है कि 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग में चीनी सेना द्वारा सीआरपीएफ के 20 बहादुर जवानों पर घात लगाकर हमला किया गया था। हॉट स्प्रिंग में सीआरपीएफ के 20 जवानों को तैनात किया गया था। हालोंकि चीनी सैनिकों के हमले के दौरान सीआरपीएफ के पास पर्याप्त हथियार और पर्याप्त नफरी नही थी, फिर भी सीआरपीएफ के जवानों के बडी हिम्मत और बहादुरी से चीनी सैनिकों का सामना करते हुए हमारे 10 जवान शहीद हो गए। उन्ही की याद में हर साल पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाता है। पुलिस स्मृति दिवस के दिन देश के सुरक्षा बल, चाहे वो राज्य पुलिस हो, या फिर अर्धसैनिक बल हो. सभी एक साथ मिलकर इस दिवस को मनाते है। सबसे पहले पिछले एक वर्ष (01 सितंबर 2023 से 31 अगस्त 2024) तक देश की खातिर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उन सभी को याद किया गया तथा उनके नाम पढकर सुनाये गये व शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर. पुष्कर भारद्वाज- द्वितीय कमान अधिकारी 94 बटा.. संतोष कुमार के - उप कमाण्डेन्ट 94 बटा., विनय कुमार यादव-चिकित्सा अधिकारी 94 बटा तथा इस वाहिनी के अन्य अधिकारी गण तथा जवान उपस्थित थे।

एनसीओईए रोहिणी शाखा सम्मेलन में शाखा कमेटी की गठन

खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): एनसीओईए (सीटू) रोहणी शाखा का सम्मेलन सोमवार को रोहिणी स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित हुआ। अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष राजेंद्र लोहार ने की। सम्मेलन में पर्यवेक्षक के रूप में यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सह केंद्रीय सचिव शैलेश कुमार एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे। सम्मेलन के दौरान रोहिणी के सर्वसम्मति से यूनियन की नयी रोहिणी शाखा कमेटी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राकेश कुमार, उपाध्यक्ष मोहन कुमार पाण्डेय, सचिव सुरेश साव, सह सचिव सुरेश प्रसाद साव, संगठन सचिव किसुन राम, संजय प्रसाद, कोषाध्यक्ष नेपाल राम रवानी, किसुन महतो के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में लक्ष्मण यादव, सुंदर कुमार, राजेंद्र लोहार, लालचंद लोहार, सरजू राम, महेंद्र प्रजापति, रामदास मांडी, पिंकू कुमार, लहसन गंझू, नन्दलाल भगत, संजय प्रसाद, नागेंद्र महतो, राकेश उरांव, दीपक प्रसाद, लीलू सिंह एवं राजेंद्र गंझू को शामिल किया गया है। इस अवसर पर यूनियन के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं परियोजना कामगार उपस्थित थे।

खलारी स्टेशन में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में एक की मौत, एक युवती घायल

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): खलारी रेलवे स्टेशन में सोमवार की सुबह में अलग-अलग हुई दो दुर्घटनाओं में एक युवती आंचल चौहान गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं दूसरी घटना में नरकोपी थाना के बोको गांव के रहने वाले 34 वर्षीय रणविजय सिंह की मौत हो गई। पहली घटना सुबह की करीब 8:20 में और दुसरी घटना 11:04 में बताया गया। जानकारी के अनुसार मृतक रणविजय सिंह अपने गांव से मां और अपनी बुआ को लेकर खलारी रेलवे स्टेशन गोमिया जाने के लिए पहुंचा था। टिकट कटवा कर सभी प्लेटफार्म पर आ गए। ट्रेन विलंब होने के कारण वो अपनी मां और बुआ को प्लेटफार्म पर बैठा कर टहलते हुए प्लेटफार्म के किनारे पहुंचा। इसी क्रम में पोल संख्या 14 के पास डाउन लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना से अंजान रणविजय की मां और बुआ पैसेंजर ट्रेन पर सवार होकर गोमियां जाने के लिए निकल गई। इधर रेल प्रबंधन एवं रेल पुलिस मौके पर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिजनों के खलारी पहुंचने पर आरपीएफ के द्वारा पंचनामा कर रंजीत के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरकाकाना भेज दिया गया। वहीं दुसरी घटना के खलारी बाजारटांड़ की रहने वाली युवती आंचल चौहान अपने घर से मुड़मा मेला देखने की बात कह कर निकली थी। इसी क्रम में सिग्नल स्टार्टर के पास गोमो चोपन सवारी गाड़ी से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके बाद तत्काल स्टेशन अधीक्षक जॉन सोरेंग ने आरपीएफ की मदद से एम्बुलेंस बुला कर युवती को डकरा सीसीएल केन्द्रीय अस्पताल भेजा। जहां से आंचल का प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

बीमा शिविर का किया गया आयोजन

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत की अग्रणी नई पीढ़ी की बीमा कंपनियों में से एक गो डिजिट जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने मारुति सुजुकी इंश्योरेंस ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर झारखंड के रांची जिले के कांके में बीमा प्रचार और प्रसार अभियान के तहत बीमा शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह अभियान आईआरडीएआई के ग्रामीण, सामाजिक क्षेत्र और मोटर थर्ड पार्टी ऑब्लिगेशन, विनियम 2024 के अनुसार ग्रामीण शहरी सामाजिक आउटरीच कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आयोजित किया गया था। आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य आईआरडीएआई के 2047 तक सभी के लिए बीमा को सक्षम करने के लक्ष्य के अनुरूप बीमा जागरूकता फैलाना था। आईआरडीएआई की राज्य बीमा योजना पहल और ग्रामीण दायित्वों के एक हिस्से के रूप में, डिजिट इंश्योरेंस झारखंड राज्य के लिए नियुक्त प्रमुख सामान्य बीमाकर्ता है।

टाटा साल्ट ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): विश्व आयोडीन की कमी दिवस (डब्ल्यूआईडीडी) पर, आयोडीन युक्त नमक में भारत की अग्रणी और बाजार की अग्रणी कंपनी टाटा साल्ट ने देश भर के बच्चों में आयोडीन की कमी से जुड़ी बीमारियों (आईडीडी) से निपटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। पहले राष्ट्रीय ब्रांड वाले आयोडीन युक्त नमक के रूप में, टाटा नमक आयोडीन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जो मानसिक विकास के लिए आवश्यक एक महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है, विशेष रूप से प्रारंभिक बचपन के दौरान।1983 से, टाटा साल्ट आयोडीन की कमी को दूर करने में मदद करने में सबसे आगे रहा है, और लाखों भारतीय परिवारों के लिए एक भरोसेमंद नाम बन गया है। अपनी निरंतर गुणवत्ता के लिए जाने जाने वाले, टाटा साल्ट ने पूरे देश में आयोडीन युक्त नमक को सुलभ बनाया है, जिससे समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद मिली है।

गणेश स्पोर्टिंग क्लब के तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता



पिपरवार : गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के तीन एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए किया गया है।यह 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा 25 अक्टुबर से 29 अक्टुबर तक भुवनेश्वर उड़ीसा में किया जाएगा।राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाले खिलाड़ियों मे अभय लोहारा,पूनम कुमारी एवं बबली कुमारी का नाम शामिल है।गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने बताया कि अभय लोहारा को अंडर 16 बालक आयु वर्ग 600 मीटर दौड़ के लिए चयन किया गया है।अभय लोहारा राय बस्ती निवासी अजय लोहरा का पुत्र है।वही पूनम कुमारी को अंडर 18 बालिका आयु वर्ग 400 मीटर दौड़ के लिए चयन किया गया है।पूनम कुमारी बमने पंचायत के पाही बस्ती निवासी चैता महतो की पुत्री है।जबकि बबली कुमारी का चयन अंडर 18 बालिका आयु वर्ग भाला फेंक के लिए किया गया है।बबली कुमारी बमने पंचायत के बमने गांव निवासी नरेंद्र उर्फ भोला महतो की पुत्री है।उन्होंने बताया कि तीनों एथलेटिक्स खिलाड़ियों को झारखंड एथलेटिक्स संघ के द्वारा झारखंड एथलेटिक्स टीम में शामिल कर लिया गया है।यह तीनों एथलेटिक्स खिलाड़ी 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में झारखंड राज्य से प्रतिनिधित्व करेंगे।उन्होंने कहा कि उक्त चयनित तीनों एथलेटिक्स खिलाड़ी सबसे पहले गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय से प्रशिक्षण प्राप्त करना शुरू किया,इसके बाद काफी मेहनत और अथक प्रयास से तीनो खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक होने वाले प्रतियोगिता के लिए चयनित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त तीनों खिलाड़ी इसी माह रजरप्पा रामगढ़ में संपन्न हुए 18वीं झारखंड स्टेट जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया था।खिलाड़ियों के इस बेहतर प्रदर्शन पर झारखंड एथलेटिक्स संघ के द्वारा 39वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है।तीनों खिलाड़ियों के चयन होने पर पिपरवार एवं खलारी कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024 | पेज 5

नामांकन कार्यक्रम में आमंत्रण नहीं मिलने से आहत कांग्रेस नेता मृत्युजंय ने कहा मंगल कालिंदी झामुमो प्रत्याशी

पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जुगसलाई के निवर्तमान विधायक मगंल कालिंदी ने सोमवार को हजारों कार्यकर्ता व समर्थकों के साथ जमशेदपुर में नामांकन किया। इस नामांकन कार्यक्रम में आमंत्रण नहीं मिलने की वजह से पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड के कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता शामिल नहीं हुए। इस संबंध में पटमदा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मंत्री स्व घनश्याम महतो के पुत्र मृत्युंजय महतो ने बताया कि पार्टी के किसी भी नेता व कार्यकर्ताओं को मंगल कालिंदी की ओर से आमंत्रण नहीं दिया गया इससे उन लोग आहत हैं। उन्होंने बताया कि मंगल कालिंदी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नहीं बल्कि झामुमो के प्रत्याशी हैं इसलिए कांग्रेस का कोई भी कार्यकर्ता उनके लिए जनता से वोट नहीं मांगेंगे बल्कि जमशेदपुर पूर्वी और पश्चिमी के पार्टी प्रत्याशी को जीताने के लिए दिन रात मेहनत करेंगे। उन्होंने बताया कि पटमदा प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष शिशुलाल महतो, पूर्व अध्यक्ष फूलचांद महतो, छुटुलाल महतो, बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार महतो, पूर्व अध्यक्ष बलराम महतो, अरूण गोप, जिला महासचिव किशनलाल महतो समेत सभी कांग्रेसी नेता नामांकन कार्यक्रम से दूरी बनाई है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा जागरूकता एवं कार्यशाला का आयोजन

चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पश्चिम सिंहभूम चाईबासा के निर्देश अनुसार तथा राष्ट्रीय महिला आयोग के सामंजस्य में जागरूकता कार्यक्रम और कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सेविका सहिया जे एस पी एल एस पदाधिकारी और सदस्य गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चक्रधरपुर रेलवे डिवीजन के मजिस्ट्रेट मंजीत साहू उपस्थित रहें। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकार और कानून से संबंधित जानकारी दी। इस बैठक में वरिष्ठ और सरकारी अधिवक्ता पवन कुमार शर्मा भी मौजूद थे उन्होंने बैठक में बहुत सारी ज्ञानवर्धक बातें और जानकारी दी। वहीं एल ए डी सी के सुरेंद्र प्रसाद दास ने बृहद रूप से सारे महिलाओं को उनके विधान से समाधान के अंतर्गत आने वाले संरक्षण अधिकार और कर्तव्य की जानकारी दी। वहीं अधिकार मित्र संजय निषाद ,श्वेता रवानी ,राजशेखर रवानी ने भी प्राधिकार से संबंधित कार्य प्रणाली संरचना मौलिक अधिकार तथा प्राधिकार के द्वारा कैसे निशुल्क विधिक सेवा प्राप्त करें उसे रिलेटेड जानकारी दी गई।

कई दलों के नेता झामुमो में शामिल

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय में केंद्रीय सदस्य शेख बदरुद्दीन एवं प्रमोद लाल के नेतृत्व में अन्य दलों से कई लोगों ने झामुमो का दामन थामा, जिसमें आप पार्टी से जितेंद्र यादव अधिवक्ता एस जेड खान, प्रानेस भट्टाचार्य, नियारण हैरेंज, मैनुल खान, संजय होरो, मदिना, सुरेश सिंह ने सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से के एन ठाकुर प्रीतम हेंब्रम अजय रजक सम्मद अंसारी सपन राय गुरमीत सिंह गिल आदि उपस्थित थे।

जमशेदपुर पश्चिम से बृंदावन दास व बहरागोड़ा सीट से सनत कुमार लड़ेंगे बसपा के टिकट पर चुनाव

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा सीट से पटमदा निवासी ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष बृंदावन दास प्रत्याशी होंगे। जबकि इसी जिले के बहरागोड़ा विधानसभा सीट से जिले के पूर्व लोकपाल सनत कुमार महतो उर्फ़ रतन महतो प्रत्याशी होंगे। इसकी जानकारी देते हुए बसपा नेता सह जमशेदपुर लोकसभा सीट के पूर्व प्रत्याशी प्रणव महतो ने बताया कि सोमवार को रांची स्थित पार्टी कार्यालय में दोनों ही नेताओं ने केंद्रीय राज्य प्रभारी जीसी दिनकर के समक्ष पार्टी की सदस्यता लेते हुए चुनाव लड़ने की इच्छा जताई। पार्टी ने दोनों पर भरोसा जताते हुए चुनाव लड़ाने की घोषणा की है। इससे पूर्व झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सदस्य रहे बृंदावन दास ने पार्टी के जिलाध्यक्ष किशोरी हांसदा को इस्तीफा पत्र भेज दिया है। उन्होंने बताया कि जिले की सभी 6 सीटों पर प्रत्याशी खड़ा किया जाएगा।

सी- विज़िल एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत, 100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई

स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया के लिए चुनाव आयोग की पहल

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : विधानसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सी- विज़िल मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है । जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने बताया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है ।

क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है?

सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है ।

शिकायत का निष्पादन कैसे होता है?

शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है ।

एप से क्या-क्या शिकायत दर्ज करा सकते हैं?

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है । बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी शकियातें की जा सकती हैं ।

जुगसलाई से भाजपा नेत्री नीलू मछुआ ने शुरू किया जनसंपर्क

- लोगों में चर्चा तेज, कहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान उतरने की तैयारी तो नहीं ?

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से सक्रिय भाजपा जमशेदपुर महानगर की महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष नीलू मछुआ ने रविवार को क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। उन्होंने पटमदा मंडल अंतर्गत पगदा व बिड़रा पंचायत क्षेत्र में लोगों से संपर्क करते हुए आशीर्वाद मांगा।चुनाव की घोषणा के बाद अचानक क्षेत्र में बढ़ी सक्रियता से लोग यह चर्चा कर रहे हैं कि कहीं यह भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरने की तैयारी तो नहीं है? हालांकि नीलू मछुआ ने चुनाव लड़ने के सवाल पर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी है। गौरतलब हो कि जुगसलाई विधानसभा सीट एनडीए गठबंधन के तहत आजसू के खाते में जाने की वजह से भाजपा के नेताओं द्वारा चुनाव लड़ने की तैयारी धरी रह गई। भाजपा के एक दावेदार विमल बैठा ने भी निर्दलीय या किसी अन्य दल से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। हालांकि पिछले चुनाव में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ चुके मुचीराम बाउरी ने किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

कबड्डी का जंग जीतने बांगुरदा का छात्र रांची रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : पटमदा के आदिवासी उच्च विद्यालय बांगुड़दा के छात्रों का एक दल राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए सोमवार को विद्यालय से रांची के लिए प्रस्थान किया। प्रार्थना सभा के बाद सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र-छात्राओं ने उन सभी की जीतकर आने के लिए हौसला आफजाई की। ज्ञातव्य हो कि यह कबड्डी दल प्रखंड, जिला एवं प्रमंडल स्तर पर जीत दर्ज कर राज्य स्तर पर खेलने का टिकट हासिल किया। टीम को मजबूत एवं शक्तिशाली बनाने के लिए खेल शिक्षक राहुल कुमार व रथुनाथ महतो का भी अहम योगदान रहा। प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य ने खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए गुरु मंत्र दिया।

विधायक ऐसा चुने जो आपके बीच पला बढ़ा हो : सुधा गुप्ता

- गुजराती महिला मंडल की बैठक बिस्टुपुर जलाराम कुटीर में संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : गुजराती महिला मंडल की एक बैठक बिस्टुपुर जलाराम कुटीर में संपन्न हुई. जिसमें उपस्थित होकर समाजसेविका सुधा गुप्ता ने आग्रह किया कि अधिक से अधिक संख्या में महिलाएं मतदान करें. मतदान शत प्रतिशत हो, इसके लिए सबसे अहम भूमिका महिलाएं ही अदा कर सकती हैं. उन्होंने कहा कि विधानसभा में हम सबको ऐसा प्रत्याशी चुनना चाहिए जो आपके बीच पला बढ़ा हो. आप सब जिसके पास कभी भी बेझिझक अपनी समस्या लेकर जा सकें. उसके बाद सुधा गुप्ता चैंबर भवन में आयोजित दीपावली मेला में भी शामिल हुई.

बांकादा में 6 माह से जलमीनार खराब, 40 परिवारों में पेयजल की किल्लत

प्रभात मंत्र संवाददाता

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत बांकादा गांव के मुदी पाड़ा का जलमीनार करीब 6 महीने से खराब पड़ा हुआ है। गांव के रंजित प्रमाणिक ने बताया कि जलमीनार के खराब की सूचना स्थानीय जनप्रतिनिधियों को दी गई है परंतु किसी भी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया। इससे 40 परिवारों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मुदी पाड़ा में पेयजल हेतु एकमात्र जलमीनार ही है। इस समस्या का समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में काफी रोष है। सभी ग्रामीणों ने मांग की है कि 13 नवंबर मतदान के पहले जल मीनार को ठीक किया जाए अगर उससे पहले ठीक नहीं कराते हैं तो लोग वोट बहिष्कार भी कर सकते हैं। ग्रामीणों में श्रावण मुदी, रंजित प्रमाणिक, मुचीराम तंतुबाई, किंकर मुदी, सुनिल मुदी, सन्तोष मुदी, शिशिर मुदी, परमेश्वर मुदी, कर्मू मुदी, मेनका मुदी, सुमित्रा मुदी, सरस्वती प्रमाणिक आदि शामिल हैं।

सृष्टि रानी और रूपेश का खिताब पर कब्जा

- पूर्व क्षेत्रीय गोल्फ टूर्नामेंट संपन्न, 92 गोल्फरों ने लिया हिस्सा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : स्टील सिटी के गोलमुरी गोल्फ कोर्स में एनजीओ नवजीवन ज्योति की ओर से आयोजित पूर्वी क्षेत्र गोल्फ टूर्नामेंट रविवार को संपन्न हो गया. पुरुष वर्ग के मेन टूर्नामेंट में रुपेश कतरियार विजेता, विजय बिरादर उपविजेता रहे. वहीं, महिला वर्ग के मेन टूर्नामेंट में सृष्टि रानी चैंपियन और अदिति बिरादर उपविजेता बनी. मीडिया कर्मियों के लिए आयोजित पटिंग कंपीटिशन में सीनियर खेल पत्रकार आदित्य नाथ झा चैंपियन बने. इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में रांची, पटना, कोलकाता और अन्य जगहों के कुल 92 गोल्फरों ने हिस्सा लिया. रविवार की देर शाम गोलमुरी गोल्फ कोर्स में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में टूर्नामेंट के विभिन्न वर्गों के विजेताओं को मुख्य अतिथि संजय श्रीवास्तव (लाइजनिंग ऑफिसर, एसबीआइ) , टाटा स्टील के पूर्व एमडी रणवीर सिन्हा,

नवजीवन ज्योति के सचिव सुमित कुमार महतो व नीरज सिन्हा ने बारी-बारी से पुरस्कृत किया. प्रतियोगिता को सफल बनाने में डॉ अनिल कुमार, दिग्विजय सिंह, सुशांत महतो, नवतेज सिंह, राजीव कुमार, सौरभ घोष, निपम मेहता, राजेश बहादुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा. एनजीओ नव जीवन ज्योति 16 वर्षों से रांची में गोल्फ टूर्नामेंट आयोजित कर रहा है, और यह पहली बार होगा जब यह आयोजन जमशेदपुर में हो रहा है.।

एएमएफआई ने जमशेदपुर में सेबी के सहयोग से किया भारत निवेश रन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : विश्व निवेशक सप्ताह (14 से 20 अक्टूबर, 2024) के दौरान एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) ने सेबी के तत्वावधान में रविवार को जमशेदपुर में भारत निवेश रन के दूसरे एडिशन का आयोजन किया। इस अनूठी पहल का उद्देश्य म्यूचुअल फंड के बारे में निवेशकों में जागरूकता फैलाना और छोटे शहरों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत चंडीगढ़, बेलगावी, जोधपुर, जमशेदपुर और विशाखापत्तनम में रन आयोजित किए जाएंगे।निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के जोनल ट्रेनिंग मैनेजर (पूर्व और उत्तर) भावेश खोडियार ने जमशेदपुर के सुमंत मूलगांवकर स्टेडियम में रन को हरी झंडी दिखाई। इस रन में कुल 2069 प्रतिभागियों ने भाग लिया। लोगों की ओर से मिली यह जबरदस्त प्रतिक्रिया व्यायाम के माध्यम से अपने शारीरिक स्वास्थ्य की देखभाल करने और निवेश संबंधी बेहतर निर्णय लेते हुए वित्तीय कल्याण की सुरक्षा के बारे में बढ़ती जागरूकता को दर्शाती है। एएमएफआई के चीफ एक्जीक्यूटिव वेंकट चालसानी ने कहा, 'भारत निवेश रन देशभर में निवेशकों को और अधिक सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है, खासकर छोटे शहरों में जहां वित्तीय शिक्षा तक पहुंच अक्सर सीमित होती है। इसके तहत 5 शहरों में म्यूचुअल फंड के बारे में जागरूकता और समझ को बढ़ावा देने के लिए 5 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया, जिसमें फिजिकल रन के लिए 6,000 से अधिक प्रतिभागियों और वर्चुअल एडिशन के लिए अतिरिक्त 1,500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

भाजपा नेता गोविंद पति ने मेनका दीदी का जताया आभार

प्रभात मंत्र संवाददाता

राजनगर : पोटका विधनसभा क्षेत्र के भाजपा नेता सह घाघीडीह मंडल युवा उपाध्यक्ष गोबिंदा पति ने पोटका विधानसभा में तीन बार रही विधायक मेनका सरदार ने पार्टी समर्पित उमीदवार के पक्ष में अपने त्याग पत्र को वापस लेने पर आभार जताया। उन्होंने कहा पोटका विधानसभा क्षेत्र में इस बार भाजपा से मीरा मुंडा को टिकट देने के बाद जिस प्रकार पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार ने रविवार को जल्दबाजी में अपने पद से इस्तीफा दिया था, वहीं सोमवार को

मीरा मुंडा से मुलाकात के बाद मेनका सरदार भाजपा में वापसी की खबर से पूरे पोटका विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर है अब भाजपा कार्यकर्ता मिल कर फिर एक बार पोटका में भाजपा को जिताने का कार्य करेंगे।

पोटका में मीरा मुंडा का विरोध दूसरे दिन भी जारी, 24 घंटे में प्रत्याशी बदलने की मांग ने पकड़ी जोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

जादूगोड़ा : भाजपा हाई कमान द्वारा 66 प्रत्याशियों की पहली सूची में पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा का नाम घोषित किए जाने के बाद से पोटका में विरोध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्र के कार्यकर्ता किसी स्थानीय नेता को टिकट देने की मांग पर अड़े है। इधर भाजपा एस टी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता व होपना महाली की अगुवाई में आज दूसरे दिन सोमवार भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी रहा। जिसको लेकर आदिम भूमिज मुंडा कल्याण समिति ,जुड़ी में भाजपा की बूथ स्तर कमिटी की बैठक हुई। बैठक में 24 घंटे के अंदर पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा का बदलने की मांग की गई अन्यथा भाजपा कार्यकर्ता की ओर से किसी भी व्यक्ति को उम्मीदवार बनाकर खड़ा करने का फैसला लिया गया व मीरा मुंडा वापस जाओ के नारे लगे। इस बैठक में भाजपा एस टी मोर्चा के प्रवक्ता उपेन्द्र नाथ सरदार,गुलशन सरदार,संतोष सरदार, विवेक त्रिवेदी, ललन यादव,मनोज कुमार सिंह,जनता सरदार, श्यामल महाकूड, नील कमल सिंह, भानु भूमिज, अमूल्यो सी, सचिन बारीक, मिठू भूमिज, होपाना महाली, आपत्ति केवर्त, पूर्ण गोप, काशीराम सरदार, रतन सरदार निवास सरदार, संतोष सरदार ,अतुल सरदार आकाश सरदार, समेत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

मेनका सरदार ने इस्तीफा लिया वापस

जादूगोड़ा : टिकट नहीं मिलने से नाराज पोटका की पूर्व विधायक मेनका सरदार को मनाने की कवायद आज सोमवार को जारी रहा। इधर दोपहर एक बजे रांची से राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू पोटका स्थित मेनका सरदार के आवास पहुंचे व दोनों नेताओं के बीच कई घंटों बैठक चली। जिसके बाद मेनका की नाराजगी खत्म हुई व मेनका सरदार ने प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा वापस ले लिया। इसके पूर्व पोटका से भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा भी पूर्व विधायक मेनका सरदार से मिलकर जीत गले मिली व जीत का आशीर्वाद मांगा। यहां बताते चले कि बीते 2019 में चुनाव हारने के बाद पूर्व पोटका विधायक मेनका सरदार निष्क्रिय हो गई थी, चुनाव आने के बाद दोबारा सक्रिय हुई। जिसकी वजह भाजपा ने उनका टिकट काट दिया। जिसके खिलाफ पूर्व विधायक मेनका सरदार बगावत पर उतरी है व पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया था। राज्यसभा सांसद आदित्य साहू के समझने के बाद मेनका सरदार मानी व अपनी इस्तीफा वापस के लिया।

जमशेदपुर पूर्वी से शिवशंकर सिंह कल करेंगे नामांकन दाखिल, भाजपा नेताओं ने दिया समर्थन

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर पूर्वी में भाजपा के प्रत्याशी पूर्णिमा दास साहू को प्रत्याशी घोषित किए जाने के खिलाफ बवाल बढ़ गया है. पूर्व मुख्यमंत्री और ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू को टिकट दिए जाने से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता शिव शंकर सिंह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है. शिव शंकर सिंह ने इसकी आधिकारिक घोषणा की और कहा कि वे भाजपा के कार्यकर्ताओं के मान सम्मान की लड़ाई लड़ रहे हैं.उन्होंने कहा कि वह अपने खुद के लिए हमें

मतलब नहीं है. अगर उनका नाम पसंद नहीं था तो मिथिलेश सिंह यादव को टिकट दे दिया गया होता, अभय सिंह को टिकट दे दिया गया होता, रामबाबू तिवारी जैसे कर्तव्य निष्ठा व्यक्ति को टिकट दिया गया होता या फिर दिनेश कुमार को टिकट दिया गया होता तो यह उनको मंजूर होता लेकिन अपने घर की बहू को टिकट देकर रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं का अपमान किया है और कार्यकर्ताओं के अपमान का बदला लेने के लिए वह निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे.उन्होंने कहा है कि 23 अक्टूबर को वे नामांकन दाखिल करेंगे. उसको लेकर उन पर कोई दबाव नहीं है. उनके साथ मौजूद महिला मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष राजपति देवी ने तो पूर्व मुख्यमंत्री और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास का जोरदार विरोध किया. राजपति देवी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में ही कई महिला नेता है जो झंडा धोते-धोते जिंदगी खत्म दी है लेकिन उनको नहीं पूछा गया और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की बहू को टिकट दे दिया गया। यह सरासर अन्याय है।

शहीद अजित धनंजय महतो के शहादत दिवस पर विभिन्न राजनीतिक दलों ने श्रद्धा सुमन किया अर्पित

प्रभात मंत्र संवाददाता

तिरुलडीह/ ईचागढ़ : सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के तिरूलडीह शहीद स्थल, शहीद चौक व सीरूम शहीद चौक में सोमवार को 43वां शहादत दिवस मनाया गया। तिरूलडीह शहीद स्थल पर शहीद बेदी व शहीद चौक में शहीद अजित धनंजय महतो के मूर्ति पर विभिन्न राजनीतिक दलों व समाजिक कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं विधायक सविता महतो, स्नेहा महतो, आजसू के केन्द्रीय महासचिव हरेलाल महतो,

समाजसेवी खगेन महतो, जेएलकेएम के केन्द्रीय महासचिव गोपेश महतो, समाजसेवी सुखराम हेम्ब्रम,झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार महतो,सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, नकुल घोष सहित सैकड़ों लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मालूम हो कि 21 अक्टूबर 1982 को तत्कालीन प्रखंड कार्यालय तिरूलडीह में क्रांतिकारी छात्र युवा मोर्चा के बैनर तले सुखा क्षेत्र घोषित करने सहित कई मांगों को लेकर छात्रों ने प्रखंड कार्यालय का शांतिपूर्ण ढंग से घेराव, प्रदर्शन किया था। प्रदर्शन के क्रम में निहत्थे आंदोलनकारी छात्रों पर अंचल गार्ड द्वारा गोली चलाया गया था। गोलीकांड में अजित महतो व धनंजय महतो शहीद हो गए थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

आतंकवाद पर अकेली आवाज

आतंकवाद अलगाववाद, चरमपंथ के साथ-साथ संवाद, सहयोग और कारोबार नहीं चल सकते। यह भारत की बुनियादी सोच है। बेशक हम पाकिस्तान के संदर्भ में यह सोच दोहराते रहे हैं, लेकिन इस बार 'शंघाई सहयोग संगठन' का मंच था, जिस पर पाकिस्तान और चीन के अलावा कुछ और राष्ट्र भी थे। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने किसी भी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन एक बार फिर पाकिस्तान को 'आतंकीस्तान' करार दे दिया। दुनिया जानती है कि आतंकवाद का पर्याय कौनसा देश है। 'शंघाई सहयोग संगठन' के जरिए जिस क्षेत्रीय सहयोग, आर्थिक मदद, आपसी कारोबार, ऊर्जा, डिजिटल सहयोग, क्षेत्रीय एकजुटता आदि की अपेक्षाएं की जा रही हैं, वे आतंकवाद के रहते हुए संभव नहीं हैं, लिहाजा इस अंतरराष्ट्रीय संगठन का मकसद नाकाम होता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने चौतरफा विकास के लिए वास्तविक साझेदारी, शांति और स्थिरता के महत्व पर अपना पक्ष रखा। यदि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आतंकवाद जारी रहता है, तो कमोबेश देशों के बीच शांति, स्थिरता और ईमानदारी की स्थितियां बरकरार नहीं रह सकतीं। तो फिर इस संगठन का औचित्य ही क्या है? इस संगठन की स्थापना 15 जून, 2001 को चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान द्वारा शंघाई में की गई थी। समय के साथ इसका विस्तार हुआ और भारत, पाकिस्तान, ईरान सरीखे देश जुड़ते गए। इस बार पाकिस्तान में 'शंघाई सहयोग संगठन' की शासनाध्यक्ष परिषद की 23वीं बैठक हुई थी। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत की तरफ से शिरकत की, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी अन्य कार्यों में व्यस्त थे। जयशंकर जैसे भाव 2015 में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने, पाकिस्तान की जमीं पर ही, व्यक्त किए थे, लेकिन इन 9 सालों में कुछ भी बदलाव नहीं हुआ। पाकिस्तान का सीमापार आतंकवाद आज भी जारी है और चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तथा आम सभा में पाकिस्तान के आतंकवाद का बचाव करता रहा है, लिहाजा चीन भी आतंकवाद में भागीदार है। विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे की 'वन बेल्ट वन रोड' परियोजना को भी खारिज किया है, क्योंकि यह गलियारा पाक अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है। यह कश्मीर भी बुनियादी तौर पर भारत का ही है। आज भी हमारे जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद सक्रिय है। घटनाएं हर रोज हो रही हैं। इस गलियारे के जरिए आतंकवाद की भी मदद की जा सकती है। हालांकि 'शंघाई सहयोग संगठन' की बैठक के अंत में जारी एक साझा विज्ञप्ति में रूस, बेलारूस, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उजबेकिस्तान आदि देशों ने चीनी संपर्क पहल, 'वन बेल्ट वन रोड', के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की है। साफ है कि चीन पाक आर्थिक गलियारे के मुद्दे पर इस संगठन के अधिकतर देश भारत के निर्णय के विरोधी हैं। तो शंघाई सहयोग संगठन में भारत की मौजूदगी के फायदे क्या हैं? संगठन के लगभग सभी देशों के साथ, पाकिस्तान को छोड़ कर, भारत के व्यापारिक, सांस्कृतिक, राजनयिक रिश्ते हैं। शंघाई के कारण उनमें इजाफा नहीं हुआ है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आतंकवाद जैसे मुद्दे पर भारत अकेली आवाज है, लेकिन उसकी गूंज 'आसमानी' है। भारत ने आतंकवाद को कई और वैश्विक मंचों पर उठाया है। उसे साझा घोषणा-पत्र में शामिल किया गया है। यदि वर्षों से भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत बंद है, तो उसकी बुनियादी वजह आतंकवाद ही है। भारत के प्रति पाकिस्तान का दुश्मनी और नफरत वाला व्यवहार किसी से छिपा नहीं है। जब शंघाई जैसे मंच पर आतंकवाद को स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं, पाकिस्तान आतंकवाद को अब भी कबूल नहीं करता, तो संबंधों में सुधार कैसे संभव है।

बेशक हम पाकिस्तान के संदर्भ में यह सोच दोहराते रहे हैं, लेकिन इस बार 'शंघाई सहयोग संगठन' का मंच था, जिस पर पाकिस्तान और चीन के अलावा कुछ और राष्ट्र भी थे। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने किसी भी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन एक बार फिर पाकिस्तान को 'आतंकीस्तान' करार दे दिया। दुनिया जानती है कि आतंकवाद का पर्याय कौनसा देश है। 'शंघाई सहयोग संगठन' के जरिए जिस क्षेत्रीय सहयोग, आर्थिक मदद, आपसी कारोबार, ऊर्जा, डिजिटल सहयोग, क्षेत्रीय एकजुटता आदि की अपेक्षाएं की जा रही हैं, वे आतंकवाद के रहते हुए संभव नहीं हैं, लिहाजा इस अंतरराष्ट्रीय संगठन का मकसद नाकाम होता है। विदेश मंत्री जयशंकर ने चौतरफा विकास के लिए वास्तविक साझेदारी, शांति और स्थिरता के महत्व पर अपना पक्ष रखा। यदि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से आतंकवाद जारी रहता है, तो कमोबेश देशों के बीच शांति, स्थिरता और ईमानदारी की स्थितियां बरकरार नहीं रह सकतीं।

पूरे राज्य में सैकड़ों घटनाएं ऐसी हुईं जबकि भाजपा प्रत्याशी को चुनाव प्रचार बीच में छोड़कर ही वापस आना पड़ा

हरियाणा चुनाव परिणाम : इस घर को आग लग गई घर के चराग़ से

निर्मल रानी

राज्य में भाजपा विरोधी लहर के कई प्रमुख ठोस कारण थे। इनमें पहला सबसे बड़ा कारण इस कृषि बाहुल्य राज्य के किसानों की भाजपा से ज़बरदस्त नाराज़गी थी। साथ ही अग्निवीर योजना को लेकर भी यहाँ के युवाओं में काफ़ी रोष था। महिला पहलवानों के अपमान को लेकर भी राज्य में काफ़ी नाराज़गी थी। यह नाराज़गी केवल किसी पूर्वाग्रही पक्ष द्वारा प्रचारित की जा रही ज़बरदस्ती या दिखावे की नाराज़गी नहीं थी बल्कि जनता का यह रोष उस समय सिर चढ़कर बोलता था जबकि जनता के इसी विरोध के चलते राज्य के अधिकांश भाजपा उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान जनता के विरोध प्रदर्शनों व काले झंडों का सामना करना पड़ता था।

हरियाणा व जम्मू कश्मीर विधानसभा के चुनाव परिणाम आ चुके हैं। कश्मीर में जहां कांग्रेस – नेशनल कॉन्फ्रेंस (इंडिया) गठबंधन ने जीत हासिल की है वहीं हरियाणा में कांग्रेस के दस सालों बाद सत्ता में वापसी की लगाई जा रही तमाम अटकलों, संभावनाओं, भविष्यवाणियों यहाँ तक कि लगभग सभी एजेंसियों द्वारा दिए जा रहे एग्ज़िट पोल के बावजूद भारतीय जनता पार्टी राज्य के इतिहास में पहली बार एक ऐसा राजनैतिक दल साबित हुआ जिसने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की हो। राज्य में भाजपा विरोधी लहर के कई प्रमुख ठोस कारण थे। इनमें पहला सबसे बड़ा कारण इस कृषि बाहुल्य राज्य के किसानों की भाजपा से ज़बरदस्त नाराज़गी थी। साथ ही अग्निवीर योजना को लेकर भी यहाँ के युवाओं में काफ़ी रोष था। महिला पहलवानों के अपमान को लेकर भी राज्य में काफ़ी नाराज़गी थी। यह नाराज़गी केवल किसी पूर्वाग्रही पक्ष द्वारा प्रचारित की जा रही ज़बरदस्ती या दिखावे की नाराज़गी नहीं थी बल्कि जनता का यह रोष उस समय सिर चढ़कर बोलता था जबकि जनता के इसी विरोध के चलते राज्य के अधिकांश भाजपा उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान जनता के विरोध प्रदर्शनों व काले झंडों का सामना करना पड़ता था। पूरे राज्य में सैकड़ों घटनाएं ऐसी हुईं जबकि भाजपा प्रत्याशी को चुनाव प्रचार बीच में छोड़कर ही वापस आना पड़ा। भाजपा के बड़े से बड़े स्टार प्रचारकों को सुनने के लिये जुटने वाली कम भीड़ भी यही इशारा कर रही थी कि राज्य के मतदाता भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिये कमर कस चुके हैं। कांग्रेस ने तो इन नतीजों को परिभाषित करते हुये कहा है कि – 'यह तंत्र की जीत और लोकतंत्र की हार है, हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। और 'हम इन सारी शिकायतों को लेकर चुनाव आयोग जाएंगे।' बहरहाल जो विश्लेषक व समीक्षक कल तक हरियाणा में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत दिला रहे थे और भाजपा को 15 से बीस सीटों पर धकेल रहे थे वही लोग अब भाजपा की अप्रत्याशित वापसी के कारण खोजने में जुट गए हैं। अनेक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा ने ग़ैर जाट वोट बैंक तैयार कर उनका ध्रुवीकरण इतनी

ख़ामोशी व चतुराई से किया कि विपक्ष उसे भांप ही नहीं पाया। राज्य में कांग्रेस नेताओं की आपसी कलह को भी कुछ लोग इस हार का ज़िम्मेदार बता रहे हैं। परन्तु हक़ीक़त यह है कि हरियाणा में भाजपा की वापसी का सबसे बड़ा कारण भाजपा विरोधी मतों का विभाजन है। ख़ासकर आम आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, आज़ाद पार्टी (चंद्रशेखर रावण), जन नायक जनता पार्टी, इनेलो जैसे दल जोकि भाजपा विरोधी स्वरों के साथ चुनाव तो ज़रूर लड़े परन्तु हक़ीक़त में इनके मतों के विभाजित होने के कारण ही भाजपा बहुमत के आंकड़े तक पहुँच सकी। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी जोकि इण्डिया गठबंधन का हिस्सा भी है उसने तो हठधर्मिता की सभी हदें पार करते हुये राज्य की सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े कर दिये। परिणाम यह निकला कि उसके तो सभी उम्मीदवारों की ज़मानत ज़ब्त हो गयी। परन्तु इससे भाजपा को यह फ़ायदा ज़रूर हुआ कि भाजपा ने अनेक सीटों पर मात्र 2-3 हज़ार मतों से जीत दर्ज की। यानी उतने ही वोट आप ले गयी। यदि कांग्रेस के साथ आप का सीट बंटवारा हो गया होता और आप अपनी हैसीयत से अधिक सीटों के लिए ज़िद न करती तो नतीजे कुछ और ही हो सकते थे। मज़े की बात तो यह भी है कि इन चुनावों को केजरीवाल ने अपनी ईमानदारी का प्रमाणपत्र समझ रखा था। उन्होंने कहा था कि ' इन चुनावों में देश की जनता अपने वोट के माध्यम से ही यह बताएगी कि हम कितने ईमानदार हैं।' तो अब हरियाणा में आप के सभी प्रत्याशियों की ज़मानत ज़ब्त होने का क्या अर्थ निकाला जाये ? आप के चुनावी मैदान में उतरने और सभी सीटों पर चुनाव लड़ने के फ़ैसले को राज्य के मतदाताओं ने केजरीवाल की ईमानदारी या भ्रष्टाचार पर जनमत संग्रह के रूप में तो नहीं देखा हाँ चुनाव पूर्व केजरीवाल की ज़मानत होना और हरियाणा में कांग्रेस से समझौता न कर सभी सीटों पर आप के चुनाव लड़ने के फ़ैसले को आप को भाजपा की सहयोगी यानी बी टीम के रूप में ज़रूर देखा। जिसका नतीजा आप को बुरी तरह भुगतना पड़ा। इसी तरह मायावती की बसपा व आज़ाद समाज पार्टी ने भी अपने प्रत्याशी उतारकर अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा को ही मदद पहुंचाई। सवाल यह है कि पिछले लोकसभा चुनावों में जब इण्डिया गठबंधन की एकता यह साबित कर चुकी थी कि जिन जिन राज्यों में भाजपा के मुक़ाबले में इण्डिया गठबंधन का एक ही उम्मीदवार चुनाव लड़ा ऐसे अनेक सीटों पर इण्डिया गठबंधन को सफलता मिली और जहाँ जहाँ इण्डिया गठबंधन बिखरा रहा वहां वहाँ उसे ज़्यादा नुक्सान हुआ। भाजपा ख़ुद भी यह अच्छी तरह जानती है कि विपक्ष के एक के मुक़ाबले अपना एक प्रत्याशी लड़वाकर उसे आसानी से जीत नहीं मिल सकती। इसलिये वह इण्डिया के उन घटक दलों के प्रति नर्म रुख़ से पेश आती है जो इण्डिया गठबंधन से अलग होकर चुनाव लड़कर चुनावी संघर्ष को त्रिकोणीय या चतुर्थकोणीय बनाने की क्षमता रखते हैं। कांग्रेस के लिये भी यह गहन चिंतन का समय है। जिस तरह चुनाव परिणाम आने से पहले चुनाव के दौरान ही मुख्यमंत्री पद को लेकर 'सूत न कपास, जुलाहों में लट्ठम लट्ठ' जैसी स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। इतना ही नहीं बल्कि राज्य कांग्रेस के मुख्य मंत्री पद के दावेदार कुछ प्रमुख नेता अत्यधिक आत्मविश्वास में डूबे हुये अपने परिजनों व अपने समर्थकों को टिकट दिलाने की जुगत भिड़ा रहे थे यहाँ तक कि जातिगत दुर्भावना फैलाने तक की ख़बरें आने लगीं, इन बातों से भी कांग्रेस को नुक्सान उठाना पड़ा। राहुल गांधी ने भी अपनी तरफ़ से राज्य में चुनावी माहौल कांग्रेस के पक्ष में तैयार करने में कोई कसर न छोड़ी। परन्तु पार्टी के नेताओं की आपसी फूट, उनका अत्यधिक आत्म विश्वास और इण्डिया गठबंधन का पूरी मज़बूती के साथ खड़े न होना यानी भाजपा विरोधी मतों का विभाजन कांग्रेस की हार व भाजपा की विजय का कारण बना।

दृष्टि कोण

प्रशिक्षक कैडर के साथ अन्याय क्यों

फिजिकल व अन्य विषय पढ़ाने के लिए उस विषय का दक्ष शिक्षक नियुक्त होता है। जिन खेलों में हम विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की बात करते हैं, उनके लिए भारत में कितने प्रशिक्षक नियुक्त हैं? किसी भी विषय को सही तरीके से पढ़ाने के लिए उस विषय का शिक्षक जरूरी होता है। उसी तरह हर खेल को सिखाने के लिए उस खेल का प्रशिक्षक चाहिए होता है। विद्यालयों व महाविद्यालयों में नियुक्त शारीरिक शिक्षा के शिक्षक इस कार्य को नहीं कर सकते हैं। इसलिए अलग से राज्यों में खेल विभागों का गठन हुआ। आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल परिणाम अपने उच्च स्तर तक पहुंच गए हैं। इस स्तर को प्राप्त करने के लिए राज्य में जहां जिस जिस खेल की सुविधा उपलब्ध है, वहां पर उस खेल का प्रशिक्षक नियुक्त होना चाहिए। आज हिमाचल प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड उपलब्ध हैं। वहां पर सम्मानजनक तरीके से प्रशिक्षकों की नियुक्ति होनी चाहिए। हिमाचल प्रदेश के इस विभाग में प्रशिक्षकों की पदोन्नति व पूर्व सैनिक आरक्षित पदों पर नियुक्त प्रशिक्षकों का दशकों बाद भी वेतन निर्धारण नहीं हुआ है। हिमाचल प्रदेश में खेलों के उत्थान के लिए अस्सी के दशक के शुरू में हिमाचल प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल विभाग का गठन हुआ। इस विभाग में निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों, कनिष्ठ प्रशिक्षकों व युवा संयोजकों के पद सृजित हैं। विभाग का कार्य प्रदेश में युवा गतिविधियों व खेलों का विकास करना है। हिमाचल प्रदेश में यह विभाग खेल प्रशिक्षण, खेलों के लिए आधारभूत ढांचा व राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता होने पर नगद पुरस्कार व अवार्ड देने के लिए बनाया गया है। हिमाचल प्रदेश के इस विभाग का निदेशक प्रशासनिक सेवा से ही अधिकतर नियुक्त होता रहा है। केवल विशेष परिस्थितियों में ही आज तक दो बार ही विभागीय अधिकारी निदेशक पद तक पहुंच पाए हैं। उपनिदेशक और कभी-कभी संयुक्त निदेशक पद तक विभाग के प्रशिक्षक व युवा संयोजक पदोन्नत होकर पहुंच जाते हैं। इन विभागीय अधिकारियों को अधिक तकनीकी जानकारी होती है। दो वर्ष पूर्व हुई एक उपनिदेशक की सेवानिवृत्ति के बाद अब तक हिमाचल प्रदेश युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के पास कोई भी उपनिदेशक नहीं है। नियमित जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी भी केवल चुनिंदा ही जिलों में हैं। राज्य के शेष जिलों में कामचलाऊ अधिकारी बिठा रखे हैं। सरकार को चाहिए कि जल्दी ही उपनिदेशक के पद पर नियमित पदोन्नति की जाए तथा जिलों में भी नियमित अधिकारी हों। इस समय जो प्रशिक्षक जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी के पद पर तदर्थ कार्य कर रहे हैं, उन्हें एकमुश्त नियमों में छूट देकर नियमित अधिकारी बना दिया जाए। विभाग में नाममात्र के प्रशिक्षक हैं। अधिकतर खेलों में तो एक भी प्रशिक्षक पूरे जिले के लिए उपलब्ध नहीं है। विभाग में जो प्रशिक्षक नियुक्त हैं, उन्हें कनिष्ठ प्रशिक्षक के पद पर नियुक्ति मिली है। उसके बाद वे सेवानिवृत्ति तक भी प्रशिक्षक नहीं बन पाए हैं। विभाग में नियुक्त प्रशिक्षकों को जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी पद पर पदोन्नति के लिए केवल 25 प्रतिशत ही कोटा है। 50 प्रतिशत युवा संयोजक व 25 प्रतिशत पद हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से भरे जाते हैं। प्रशिक्षक बनने की योग्यता बहुत कठिन है। स्नातक डिग्री के साथ जो प्रतिभागी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हो या तीन बार वरिष्ठ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व किया हुआ हो या शारीरिक शिक्षा में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में खेला हो, उसके बाद राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान में प्रवेश परीक्षा पास कर एक वर्ष के कठिन प्रशिक्षण व शिक्षण के बाद प्रशिक्षक बनता है। पिछली बार हुई भर्ती में विभाग ने नियमों को ठेंगा दिखा कर छह सप्ताह में प्रशिक्षण पूरा किए सर्टिफिकेट कोर्स वाले को प्रशिक्षक भर्ती कर दिया है। सेवा नियमों में एक समय एमपी एड के साथ कंडैंस कोर्स जो छह माह का होता था, उसे पास किया हुआ प्रशिक्षक के पद के लिए योग्य था, न कि छह सप्ताह का सर्टिफिकेट कोर्स किया हुआ। भविष्य में इस तरह का गोलमाल नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे हिमाचल प्रदेश की खेल जगत में काफी खिल्ली उड़ी है। हिमाचल प्रदेश सरकार को चाहिए कि वह प्रदेश में नियुक्त कनिष्ठ प्रशिक्षकों को पांच साल के बाद प्रशिक्षक के पद पर पदोन्नति कर 50 प्रतिशत कोटा जिला अधिकारी पद पर पदोन्नति के लिए दिया जाए, क्योंकि प्रशिक्षकों की संख्या बहुत अधिक है। अगर हर खेल में जिला स्तर पर पांच प्रशिक्षक भी हों तो प्रशिक्षकों की संख्या सौ से भी अधिक जा सकती है। इसके मुकाबले बारह जिलों में बारह ही युवा संयोजक नियुक्त हैं। इस तरह देखा जाए तो यह प्रशिक्षकों के साथ बहुत अन्याय है। प्रदेश में विभिन्न खेलों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड तो पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के कार्यकाल में बन गई थी, मगर उनका न तो सही रखरखाव है और न ही उन पर उस स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम हो रहा है।

कुछ अलग

ऊष्मावान लेखक...

दो साहित्यकार थे। दोनों पक्के दोस्त थे। एक का नाम मगन लाल तथा दूसरे का नाम छगन लाल था। दोनों स्वयं को साहित्य का सपूत तथा महान लेखक मानने की भूल भी पाले हुए थे। एक साहित्यिक गोष्ठी में मैंने दोनों को देखा, दोनों मित्रधर्म का निर्वाह बखूबी कर रहे थे। मगन लाल ने छगन लाल को महान बताया तो छगन लाल ने मगन लाल को एक मात्र ऊर्जावान लेखक ठहराया। उन दोनों का मानना था कि राज्य में तमाम साहित्यकारों की ऊर्जा समाप्त हो गई है तथा यदि ऊष्मा बची है तो केवल उन दोनों के पास। उनका तर्क था कि लघु पत्रिकाएं बंद हो जाने से साहित्य की बहुत हानि हुई है, यदि आज वे होतीं तो वे दोनों अपनी रचनाएं उनमें छपवाकर अपनी ऊष्मा को और अधिक तेज बनाए रखते। परंतु व्यावसायिक पत्र-पत्रिकाओं के दलदल में फंसकर साहित्य का सत्यानाश हो गया है तथा उनके लिए व्यर्थ का 'काम्पीटीशन' बढ़ गया है। मित्रों की लघु पत्रिकाओं में छपना आसान होता है तथा उन्हें किसी संघर्ष व साधना की जरूरत नहीं होती। मैं सदैव महान साहित्यकारों का अनुगामी रहा हू तथा उनसे कुछ सीखने की लालसा भी रखता हूं। इसलिए एक दिन मैंने उनसे साक्षात्कार का मूड बनाया और जा पहुंचा छगन लाल जी के निवास पर। मगन लाल जी भी वहीं मिल गए। दोनों पहुंची हुई आत्माओं को एक साथ पाकर मन गदगद हो गया। दोनों को सादर प्रणाम के बाद मैंने अपना मंतव्य बताया तो वे बल्लियों उछल गए और बोले, 'भाई पूछो, हम तो साहित्य-चर्चा को सदैव लालायित रहते हैं।' मैंने कहा, 'मगन लाल जी साहित्य में बड़ा घान-मसान हो रहा है, आपकी क्या राय है इस बारे में?' मनचाहा प्रश्न पाकर खुल पड़े दोनों। एक साथ ही बिलबिलाए, 'वाह, शर्मा जी क्या प्रश्न पूछा है आपने भी। व्यावसायिक लेखकों ने साहित्य की तो कब्र खोदकर ही धर दी है। हर कोई लेखक बन गया है। किसी जमाने में हम दो-चार लेखक थे। आज दो-चार सौ हो गए हैं। इतनी संख्या में भी कोई लेखक होते हैं? परंतु दुर्भाग्य साहित्य का कि हर ऐरा-गैरा नत्थू-खैरा साहित्य लिखने लगा है। लोगों की किताबें आने लगी हैं। पच्चीस कविताएं लिखीं कि कविता संकलन छपा डालेंगे। हम दोनों को देखो, अभी तक एक पुस्तक भी नहीं आई है। हम अभी तक अपने लेखन को धार दे रहे हैं तथा ऊष्मा प्रदान कर रहे हैं।' 'यह ऊष्मा से आपका क्या तात्पर्य है?' मगन लाल मेरी नासमझी पर कुटिलता से हंसे और बोले-'यह थोड़ा साहित्यिक मसला है -शर्मा जी। आप नहीं समझेंगे। फिर भी मैं आपको समझाऊं, मानवीय व सामाजिक संवेदनाओं से जुड़ी रचनाओं की गर्मी को ऊष्मा कहते हैं। आज पत्रिकाओं की स्थिति को देखिए-हर किसी की रचनाएं छप रही हैं।' 'तो क्या, ये लोग जो छप रहे हैं, वे लेखक नहीं हैं?' मैंने पूछा। 'हो सकता है वे अपने आप को लेखक मानते हों, लेकिन हम नहीं मानते।' इस बार छगन लाल बोले। 'लेकिन क्यों?' 'वह इसलिए कि उनकी रचनाओं में ऊर्जा नहीं है। वे सर्वहारा के दर्द को समझ ही नहीं रहे हैं।' मैं बोला-'जो भी लिखता है, वह अपने आसपास को देखकर ही लिखता है, इसलिए यह कैसे हो सकता है कि उनमें सामाजिक संवेदना ही नहीं है।' 'होगा, लेकिन वैसी ऊष्मा नहीं है, जैसी मेरी व छगन लाल जी की रचनाओं में पाई जाती है।' फिर वे छगन लाल जी से 'हां' भरवाने के लिए बोले-'क्यों छगन लाल जी, मैं सत्य ही कह रहा हूं न।'

देश दुनीया से

मनुष्यता की पराजय का दंश न झेले देश

सांप्रदायिकता की आग को हवा देकर मनुष्य को मनुष्य से दूर करने का 'खेल' हमारी राजनीति का आजमाया हुआ हथियार रहा है। आज़ादी से पहले और आज़ादी प्राप्त करने के बाद भी अक्सर हमारे यहां धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम राजनीतिक ताकतें करती रही हैं। यह खतरनाक 'खेला' कितना राजनीतिक लाभ देता है या दे सकता है, यह कोई छिपी हुई बात नहीं है। सच तो यह है कि सांप्रदायिकता और जातीयता के नाम पर वोटों की राजनीति सब कर रहे हैं। क्या यह सच्चाई नहीं है कि हमारे राजनीतिक दल उम्मीदवारों के चयन का आधार 'जीतने की संभावना' को बताकर जातीयता या धर्म का ही सहारा लेते हैं।

उत्तर प्रदेश के बहराइच में जो कुछ हुआ और हो रहा है वह कोई नई बात नहीं लग रही। सांप्रदायिकता की आग को हवा देकर मनुष्य को मनुष्य से दूर करने का 'खेल' हमारी राजनीति का आजमाया हुआ हथियार रहा है। आज़ादी से पहले और आज़ादी प्राप्त करने के बाद भी अक्सर हमारे यहां धर्म के नाम पर समाज को बांटने का काम राजनीतिक ताकतें करती रही हैं। यह खतरनाक 'खेला' कितना राजनीतिक लाभ देता है या दे सकता है, यह कोई छिपी हुई बात नहीं है। सच तो यह है कि सांप्रदायिकता और जातीयता के नाम पर वोटों की राजनीति सब कर रहे हैं। क्या यह सच्चाई नहीं है कि हमारे राजनीतिक दल उम्मीदवारों के चयन का आधार 'जीतने की संभावना' को बताकर जातीयता या धर्म का ही सहारा लेते हैं। कौन-सा दल ऐसा है जो अपना उम्मीदवार तय करने के लिए यह नहीं देखता कि क्षेत्र विशेष में किस जाति या धर्म के लोग अधिक प्रभावशाली हैं? यह एक पीड़ादायक सच्चाई है कि विविधता में अपनी ताकत देखने वाला हमारा देश धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्रीयता आदि के आधार पर भीतर ही भीतर लगातार बंटता जा रहा है? हमारे राजनेता कुछ भी कहें, पर राजनीतिक नफे-नुकसान का गणित अक्सर इन्हीं आधारों पर तय होता है। यह एक शर्मनाक सच्चाई है। पर कितनों को शर्म आती है इस सच्चाई पर? सच तो यह है कि हम इस सच्चाई से रूबरू होना ही नहीं चाहते। यदि ऐसा न होता तो कभी तो हम अपने राजनेताओं से पूछते कि उनकी कथनी और करनी में इतना अंतर क्यों है? क्यों अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए वे धर्म या जाति के नाम पर बंटने के खतरों को समझना नहीं चाहते? आज भाजपा वाले कांग्रेस पर यह आरोप लगाते नहीं थकते कि वह तुष्टिकरण की राजनीति करती रही है, अब भी कर रही है, और दूसरी ही सांस में उनकी सरकारें एक तरफ बहुसंख्यकों को रिझाने में लगी दिखती हैं और दूसरी ओर अल्पसंख्यकों पर डोरे डालती! उत्तर प्रदेश में मदरसों की राजनीति का खेल हम अरसे से देखते चले आ रहे हैं। 'मदरसों की राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों' का हवाला देने से न थकने वाले जब महाराष्ट्र में चुनाव के मद्देनजर मौलवियों का वेतन बढ़ाते दिखते हैं, हां राजनीति का दोमुंहापन छिपाये नहीं छिपता। सवाल मौलवियों को उचित वेतन मिलने का नहीं है। सबको उनका उचित देय मिलना ही चाहिए, पर जब दूसरे द्वारा किया कोई काम 'रेवड़ी बांटना' लगे और स्वयं वही काम करना 'न्याय देना' तो इसे एक राजनीतिक विद्रूप के अलावा और क्या कहा जाएगा? हाल ही में एक मुकदमे की सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने यह आशा व्यक्त की थी कि धर्म को राजनीति से दूर रखा जायेगा। पर देश ने यह आशा कब नहीं की थी? और कब उसकी यह आशा पूरी हुई? जब बड़े-बड़े राजनेता चुनावी सभाओं में कपड़ों के आधार पर लोगों को पहचानने की बात करते हैं, मंगलसूत्र छीनने का हवाला देते हैं, मंदिर-मस्जिद के नाम पर राजनीति करते हैं, तो सवाल उठाना ही चाहिए कि यह सब कहने का अधिकार और अवसर उन्हें क्यों दिया जाये? जब हमने आज़ादी पायी थी तो अपने लिए धर्मनिरपेक्षता का रास्ता चुना था। आज भी कुल मिलाकर देश की जनता सर्वधर्म समभाव के आदर्श में ही विश्वास करती है लेकिन, आज भी कुछ लोग हैं हमारे देश में जो बंटवारे के समय रह गए कथित काम को अब पूरा करने की दुहाई दे रहे हैं! क्या अर्थ है इसका? आखिर वे चाहते क्या हैं? और क्यों ऐसी बात कहने वालों को बेनकाब नहीं किया जाता? बहुसंख्यकों को एकजुट होने के समय का हवाला देने वालों को यह क्यों नहीं पूछा जाना चाहिए कि विश्वास, भगवान और राजनीति के बीच रेखाएं क्यों मिटायी जा रही हैं? जीवन में विश्वास और धर्म का अपना स्थान है–इन्हें राजनीतिक नफे-नुकसान के तराजू पर नहीं तोला जाना चाहिए। पर दुर्भाग्य से ऐसा करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। और यह काम बिना किसी हिचकिचाहट के हो रहा है! कहीं कोई मुख्यमंत्री अपने राज्य में मंदिरों के विकास का आश्वासन दे रहा है तो कहीं चुनावी सभाओं में बड़े राजनेता धार्मिक नारे लगवाना ज़रूरी समझने लगे हैं। हद तो तब हो जाती है जब 'ईश्वर-अल्लाह तेरा नाम' कहना भी किसी राजनेता को खटकने लगता है! उनकी शिकायत यह है कि राष्ट्रपिता बापू के प्रिय भजन के यह शब्द तो मूल भजन में थे ही नहीं! इसे बीमार मानसिकता के अलावा और क्या संज्ञा दी जा सकती है? यह देश 140 करोड़ भारतीयों का है, हम सबका है। इसकी पहचान को किसी धर्म विशेष के नाम से जोड़े जाने की कतई आवश्यकता नहीं है। हम किसी भी धर्म को मानने वाले क्यों न हों, मूलतः हम सब भारतीय हैं। हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हम सब धर्मों को आदर की दृष्टि से देखते हैं। ईश्वर एक है, धर्म उस तक पहुंचने का मार्ग है। मार्ग भले ही अलग-अलग हों, पर सब पहुंचाते एक ही लक्ष्य पर हैं।

आप का नजरीया

पानी में आत्मनिर्भरता का अक्स

कानूनों के लंबित सफों की अंदरूनी परख अगर हो जाए, तो कई रास्ते कम गुनहगार हो जाएंगे। वाटर सेस एक कानूनी मजमून बनकर अदालत की सीढियों से भले ही फिसल गया, लेकिन यह हिमाचल का आर्थिक आईना है, जिसे यूं ही नहीं तोड़ा जा सकता। ऐसे में हिमाचल सरकार पानी की जिरह की मजबूती के उद्देश्य से तत्संबंधी सभी कानूनों की झाड़पौंछ करके, एक अंब्रेला एक्ट की शक्ल में सशक्त कर रही है। यह हार नहीं मानने का जज्बा है, जो वर्षों की गाद से लड़ रहा है। संघर्ष के पांव अपना दर्द या रास्ता नहीं देखते, मंजिलों को आबाद करना है तो निरंतर प्रयास करना होगा, लेकिन इस परिपाटी में केवल शिखर नहीं, जमीन को भी तपना पड़ेगा। हमें यह तो मालूम नहीं कि अंब्रेला एक्ट के बदौलत वर्षों से जनरेशन टैक्स की राह खोज रहा हिमाचल कहां तक सफल होगा, लेकिन इतना तय है कि इस केस की केस स्टडी अपनी सार्थकता का भूगोल पैदा कर रही है। अंततः सवाल हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने का है, तो प्रयास भी इसी उत्कंठा से करने होंगे। हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जमीन-आसमान एक करने के लिए यहां की आबोहवा, जंगल और पानी के योगदान का विस्तार व मूल्यांकन जरूरी है। यानी आबोहवा अगर पर्यटन के माफिक रख पाए, तो यह उद्योग आर्थिकी को ऐसे स्थान पर पहुंचा सकता है, जहां रोजगार व स्वरोजगार प्रदेश की युवाशक्ति को सफल होने का हर अवसर मुहैया करवा सकता है। विडंबना यह है कि पर्यटन की आबरू का चीरहरण करते हुए हम जिन मंजिलों को तराश रहे हैं, वहां दृश्यावलियों से छेड़छाड़ रुकनी चाहिए, वरना सारे मकसद एक समय धराशायी हो जाएंगे। इस आबोहवा का बेहतर इस्तेमाल होना चाहिए, न कि पर्यटन के दबाव में सब कुछ नष्ट हो जाए। इसलिए हम पांच करोड़ पर्यटकों के बजाय एक करोड़ पर्यटकों की पांच रातें और दिन बढ़ाने की वकालत करते हैं। दूसरा आर्थिक स्रोत जंगल में जाया हो चुकी जमीन है। प्रदेश की सत्तर फीसदी जमीन के बजाय अगर पचास प्रतिशत भूमि वन के नाम रह जाए, तो अतिरिक्त बीस फीसदी जमीन हासिल करके हिमाचल को नई आर्थिक संरचना करनी चाहिए। प्रदेश की आत्मनिर्भरता का झगड़ा जमीन की अनुपलब्धता से है। हम वनापत्तियों के मारे अपने होने का सबूत कैसे दें। अंततः किसी दिन संघर्ष की डालियां जंगल की उस जमीन पर उगानी पड़ेंगी, जो विकास की बाड़बंदी करने पर आमादा है। इतना ही नहीं हिमाचल के जंगलों को चीड़ से हटाकर चारे, चाय, कॉफी या जड़ी-बूटियों से जोडक़र पर्वतीय आर्थिकी का संचार हो सकता है। अंत में पानी हमारी आशाओं की किश्ती को ढो सकता है। पहले एक बार शांता कुमार की वजह से विद्युत उत्पादन की मुफ्त रॉयल्टी से संबल मिला था। दूसरी बार प्रेम कुमार धूमल ने 23 हजार मेगावाट विद्युत क्षमता के उत्पादन का शपथपत्र तैयार करके रास्ता दिखाया, लेकिन अब वाटर सेस की परिभाषा जलाधिकार को पुकार रही है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024 | पेज 7

एनडीए के घटक दल लोजपा के चतरा विधानसभा उम्मीदवार ने ईटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर में टेका माथा, लिया आशिर्वाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

प्रतापपुर : एनडीए के घटक दल लोजपा के चतरा विधानसभा उम्मीदवार सह पूर्व विधायक जनार्दन पासवान सोमवार को अपने हजारो हजार समर्थको के साथ ईटखोरी के लिए रवाना हुये।सबसे पहले पुरे चतरा विधानसभा के एनडीए समर्थको के साथ भाजपा कार्यालय मे एक दूसरे से रू बरू हुये।इसके बाद ईटखोरी पहुंचे।जहां हजारो समर्थको के साथ भद्रकाली मंदिर में मां काली की विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया । तथा माता से आशिर्वाद लिया एवं क्षेत्र की शांति व सौहार्द वातावरण के लिए प्रार्थना किया ।मौके पर श्री जनार्दन पासवान के हजारो समर्थको ने श्री जनार्दन पासवान जिन्दाबाद, एनडीए घटक दल के कार्यकर्ता जिन्दाबाद, लोजपा पार्टी जिन्दाबाद, अबकी बटम कहां दबेगी हेलीकॉप्टर छाप जहां रहेगी सहित कई नारे लगाये। मौके पर पूर्व विधायक एवं लोजपा उम्मीदवार श्री जनार्दन पासवान ने कहा कि एनडीए के समर्थको से आपार समर्थन, प्यार व सहयोग मिलने से हम काफी उत्साहित है। कहा कि आप लोगो का प्यार, सहयोग, समर्थन व विश्वास के आधार पर हमे एनडीए सहयोगी दल लोजपा से टिकट मिली है। जिस विश्वास के साथ एनडीए के आलाकमान ने हमे टिकट दिया है, आपलोग का यही प्यार, सहयोग व समर्थन मिला तो हम विश्वास पर खडा उतरेंगे।वही समर्थको ने दाबा किया कि हेलीकॉपटर के हवा व धूल मे विपक्ष कही दिखायी नही देगे।झारखंड प्रदेश मे एनडीए की सरकार बनना लगभग तय है।मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भोक्ता जी, अशोक शर्मा, जिप उपाध्यक्ष बिरजु तिवारी, सरयु राम, जिला के तमाम व वरिष्ट नेता,पूर्व बीसुत्री गणेश प्रसाद, संतोष कुमार सिंह, अजीत कुमार पांडेय, सत्येन्द्र प्रसाद, विहारी कुमार, युवा बिनोद कुमार, कासिफ रजा, विनय पांडेय, निर्मल राम, नौशाद आलम, मुसा अंसारी, आजो खान, कपिल पासवान, सतेन्द्र पासवान, अड्डु खान, पंकज कुमार, गणेश बाबू बस ऑनर, मिथलेश ठाकुर, उमेश ठाकुर, प्रमोद कुमार, भोला साई, सुरेश प्रसाद, गजेन्द्र प्रसाद, राजा राम प्रसाद, गोलू, अजय कुमार, गौतम सिन्ह, घोरीघाट से रंजन पासवान, प्रेम कुमार, विनय राय, अजय कुमार, समेत प्रतापपुर, हन्टरगंज, कुन्दा, जोरी, चतरा सदर, चतरा ग्रामीण, कान्हाचट्टी के एनडीए के समर्थक, भाजपा के सभी मोर्चा के अध्यक्ष, व पदाधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

नवयुवक एकता क्लब रोल ने 4-0 से पराजित किया सिमरिया 11 स्टार टीम को

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : 11 स्टार मैदान में चल रहे फाइनल मैच में नवयुवक एकता क्लब रोल ने सिमरिया 11 स्टार फुटबॉल टीम को 4-0 से पराजित कर जीत हासिल किया है । जिसे लेकर मौके पर उपस्थित अतिथि सिमरिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार,थाना प्रभारी मानव मयंक प्रेमलता चंद्रा जिप सदस्य देवनन्दन साहू व अन्य के हाथों विजेता टीम को 31 हजार रुपए नगद और शिल्ड पुरस्कार के रूप मे दिया गया। वहीं उपविजेता टीम को भी 15 हजार रुपए नगद और शिल्ड पुरस्कार के रूप में दिया गया। मौके पर उपस्थित नवयुवक एकता फुटबॉल टीम के कोच सह बाना साड़ी पंचायत के उप मुखिया मनीष सिंह ने कहा कि हमलोग कई मैच खेलकर फाइनल पहुंचे थे और बेहतर प्रदर्शन का परिणाम है कि आज विजेता टीम का पुरस्कार मिला। यह मैच सिमरिया 11 स्टार के द्वारा आयोजन किया गया था। जिसका अहम भूमिका मो. फारूक, मुकेश पासवान निभा रहे थे। मैच में रेफरी का अहम भूमिका मो ऐनुल निभा रहे थे। मौके पर रौशन सिंह, अभिषेक सिंह, नवलेश सिंह, अनिल सिंह आदि कई लोग उपस्थित थे। वहीं खेल मैदान दर्शकों से पूरा भरा पड़ा हुआ था।

सिमरिया सीओ व एक्साइज इंस्पेक्टर ने किया 80 लीटर शराब जब्त, की कार्रवाई

सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड के इचाक खुर्द गांव से सोमवार को 80 लीटर अवैध देसी शराब के साथ एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार युवक तापेश्वर भुइंया इसी गांव का रहने वाला है। उक्त संबंध में सिमरिया सीओ गौरव कुमार राय ने बताया कि मेरे नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर एक्साइज इंस्पेक्टर आशीष कुमार, सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक ने संयुक्त रूप से विधिवत छापामारी प्रखंड के इचाक खुर्द गांव निवासी तापेश्वर भुइंया के घर किया गया।जहां से 80 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी तापेश्वर भुइंया को गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध सिमरिया थाना में मुकदमा दर्ज कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। छापामारी में सिमरिया अंचल, थाना और एक्साइज के संयुक्त टीम शामिल थे।

सोमवार के सुबह व्यम प्रेक्षक ने मंझगांवा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया

चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार के सुबह सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र का निरीक्षण करने व्यम प्रेक्षक श्री बुद्रुक गणेश बालासाहेब पहुंचे। उन्होंने मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र में मँझगांवा चेक पोस्ट पर हो रहे वाहन जांच अभियान का निरीक्षण किया। साथ ही कहा निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन हो इसका खास ख्याल रखा जाए। चेक पोस्ट से आने जाने वाले सभी वाहनों का जांच हो यह भी सुनिश्चित करें।

ब्लॉक मोड़ चार मुहान में लगाया गया /कौनवेकश मिरर/उतल लेंश

गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड़ मुख्यालय के ब्लॉक मोड़ चार मुहान में सोमवार को उतल लेंश लगाया गया।उतल लेंश बीडीओ राहुल देव,थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के मौजूदगी में लगाया गया।इस दौरान थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बीते 6 अक्टूबर को गिद्धौर दुर्गा पूजा पंडाल के निरीक्षण के क्रम सिमरीया अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज को पूजा समिति अध्यक्ष राजेश कुशवाहा के साथ साथ सदस्यों ने चार मुहान मोड़ लेंश लगाने की मांग के साथ साथ स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग किया था। एसडीओ के निर्देश पर ब्लॉक मोड़ चार मुहान मोड़ पर उतल लेंश लगाया गया।मालूम हो कि इस मुख्य पथ से कोलवाहन हाइवा के परिचालन से कई दुर्घटनाएं घटी है। मोड़ में वाहन चालकों के साथ साथ राहगीरों को आने वाले को दिखाई देगा। जिससे मोड़ में दुर्घटनाएं नही होने की संभावना होगी। मौके पर मंटू कुमार,राजू लाल वर्मा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा आज करेंगे नामांकन, पहुंचेंगे हेमंत और कल्पना

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : इंडिया गठबंधन सह जेएमएम प्रत्याशी के उम्मीदवार मनोज चंद्रा मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन एवं गांडेय विधान सभा के विधायक कल्पना सोरेन आईए एस अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी सिमरिया के समक्ष अपना नामांकन करेंगे नामांकन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन शामिल रहेंगे। नामांकन के बाद सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन सभा को संबोधित करेंगे। जिसे लेकर हर्षनाथ पुर स्थित कर्बला मैदान में भव्य पंडाल लगाया गया है। सीएम और गांडेय विधायक हेलीकॉप्टर से सिमरिया हर्षनाथपुर पहुंचेंगे जहां से बाइ कार कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कार्यक्रम में हजारों की संख्या कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहेंगे। वहीं विधि व्यवस्था को लेकर प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहे। जानकारी के अनुशार सीएम और कल्पना सोरेन का सिमरिया कार्यक्रम स्थल में आगमन 12 बजे के लगभग बताया जा रहा है।

सिंघम और नायक फिल्म के तर्ज पर काम करते हैं प्रखंड विकास पदाधिकारी बुथ की बारीकी से कर रहे हैं जांच

प्रभात मंत्र संवाददाता

मयूरहंड : झारखंड में विधानसभा चुनाव का बिगुल बच चुका है बूथ तक मतदान कर्मियों से लेकर मतदान करने वाले लोगों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो इसे लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी श्री मनीष कुमार फिल्म सिंघम और नायक फिल्म के तर्ज पर इन दिनों काम करते हुए नजर आ रहे हैं। बीते लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करानेवाले श्री मनीष कुमार के कंधे पर इस बार विधानसभा चुनाव की भी बड़ी जिम्मेवारी है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने प्रभात मंत्र से दो टूक कहा लोकतंत्र के इस पर्व में सभी मतदाताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है और हम उनकी सेवा में पूरे मुस्तैदी के साथ तत्पर है। आपको बता दें कि निर्वाची पदाधिकारी के रूप में श्री मनीष कुमार हर बूथ तक स्वयं जाकर बारीकी से जांच कर रहे हैं और जो भी बुथ पर कमी पा रहे हैं उसे समय रहते दुरुस्त करने का फौरी टास्क दे रहे हैं। झारखंड में विधानसभा के चुनाव दो चरणों में होना है ऐसे में बहुत कम समय भी बचा है यही वजह है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी बिल्कुल अपनी पूरी टीम के साथ समर्पित भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं। देर शाम तक प्रखंड के बुथों का निरीक्षण कर रहे हैं और इनका साथ दे रहे हैं पूरी कर्तव्यता के साथ थाना प्रभारी श्री अमित कुमार, प्रखंड के मझगावां और करमा पंचायत के बुथों के निरीक्षण के क्रम में मझगावां पंचायत के पंचायत सचिव चंदन कुमार व करमा पंचायत सचिव मनीष कुमार करमा मनरेगा बीएफटी उमेश कुमार दांगी ग्राम पंचायत रोजगार सेवक डॉ सुनील कुमार दास मौजूद थे।

आयुष्मान आरोग्य शिविर का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : लातेहार उपायुक्त व सीएस के निर्देशनुसार बारियातू प्रखण्ड मुख्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयुषमान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। प्रखण्ड मुख्यालय स्थित स्वास्थ्य आयुष्मान आरोग्य मन्दिर में सीएचओ सेलिना एक्का एवं एएनएम उषा कुमारी व एमपीडब्ल्यू बलराम कुमार की देखरेख में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य मेला में हेल्थ टीम की ओर सें सर्दी, खासी, बुखार, बीपी, सुगर, मलेरिया टेस्ट एचबी टेस्ट प्रगेन्सी टेस्ट टीवी टेस्ट तथा एनसीडी स्क्रीनिंग, सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जाँच व परिवार नियोजन शिशु स्वास्थ्य, मातृत्व स्वास्थ्य एवं किशोरी स्वास्थ्य व आयुष की जानकारी तथा दवाओं का वितरण इत्यादि किया गया। साथ ही उपस्थित लोगो को हेल्थ के बारे में विस्तार रूप सें महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। मौके पर सहिया साथी रेखा देवी, मायो देवी सहिया देवन्ती देवी, ललिता देवी, मिरेश देवी सहित काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : 21 अक्टूबर 2024 को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। देश की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए वीर शहीदों को नमन किया। इस अवसर उपायुक्त,पुलिस अधीक्षक ने शहीद पुलिस जवानों के परिजन को सम्मानित किया।पुलिस लाइन में मौजूद अमर जवान स्मारक पर पुलिस उपाधीक्षक, सार्जेंट मेजर, पुलिस मेंस एसोएसीयन के पदाधिकारी, काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों ने शहीदों को याद कर सलामी के साथ श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया।पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान मे पुलिस लाइन में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने रक्तदान कर किया। उन्होंने दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि रक्तदान महादान है। इससे किसी की जान बच सकती है। मौके पर पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव व सिविल सर्जन डा अवधेश सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : विधान सभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा समाहरणालय परिसर से दो मतदाता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। झारखंड विधानसभा आम चुनाव 2024 के निमित 74 लातेहार एवं 73 मनिका क्षेत्र में पहले चरण में 13 नवंबर 2024 को मतदान किया जाएगा। यह जागरूकता रथ लातेहार और मनिका विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों में रोस्टर अनुसार मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य करेगी।जिले अंतर्गत मतदाताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने, मतदान में भाग लेने, युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये प्रेरित करने के लिए स्वीप अभियान अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांस जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा आदि उपस्थित थे।

सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय के तत्वधान में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार झारखंड के तत्वधान में महाविद्यालय में जागरुकता अभियान एवं बानपुर गांव के आसपास मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया। इस में कार्यक्रम में प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद शामिल रहे। वहीं मौके पर पूर्णिमा कुमारी सुमन कुमारी चांद मुनि कुमारी सोनी कुमारी कविता कुमारी अंजली कुमारी आरती कुमारी कोमल कुमारी श्वेता बार सुषमा टीका रूपा कुमारी सहित उपस्थित थे।

विस चुनाव को लेकर बीडीओ व सीओ ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार परिसर में सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अमीत कुमार पासवान व अंचलाधिकारी नंद कुमार राम के संयुक्त अध्यक्षता में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर, सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, एवं निर्वाचन से संबंधित कर्मीयों के साथ बैठक की गई। इस बैठक की संयुक्त अध्यक्षता कर रहे सीओ नंद कुमार राम व सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अमीत कुमार पासवान ने दिव्यांग मतदाता, वरिष्ट,मतदाता, एएसडी, एवं मतदान केंद्रो पर मुलभुत सुविधाओं के बारे में बिस्तार पुर्वक जानकारी दी।साथ ही कई आवश्यक निर्देश देते हुए निर्धारित समय पर प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर सभी बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक विजय यादव, प्रकाश कुमार यादव, ईश्वरी कुमार, संजीव कुमार साव, नागेन्द्र कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर सह निर्वाचन सहायक आलोक दुबे सहित निर्वाचन से सम्बन्धित कई कर्मी मौजूद रहे।

एसवीएम में पलामू विभाग स्तरीय दो दिवसीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लातेहार : जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ लातेहार में दो दिवसीय पलामू विभाग स्तरीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख बहन गीता कुमारी विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे, सचिव नरेंद्र कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी, जिला संघ चालक अनिल कुमार ठाकुर, अभिभाविका रितु पांडे के द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का परिचय वाटिका की दीदी नीलम अम्बास्टा के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग व कार्यशाला कार्यक्रम का संचालन वाटिका की दीदी शिल्पा कुमारी के द्वारा और धन्यवाद ज्ञापन स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा किया गया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ने कहा कि आचार्य दीदी जी के ऊपर बहुत बड़ा दायित्व है।वहीं विद्यालय की कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी ने कहा कि हमें बच्चों को वह सीखाना है जो वह चाहते हैं। जिला संघचालक अनिल कुमार ठाकुर ने बताया कि वाटिका का अर्थ उपवन है जो बचपन का सबसे मूल्यवान समय है। वहीं सचिव नरेंद्र पांडे ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि बच्चों से स्नेह करना सीखना होगा।इस दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग सह कार्यशाला को विभिन्न सत्रों के द्वारा संपन्न कराया गया। प्रथम दिवस के द्वितीय सत्र में हस्त पेपर निर्माण, अभिनय के माध्यम से व कहानी के द्वारा भैया बहन को सीखने की कला बताया गया। तृतीय सत्र में विज्ञान प्रयोगशाला, अंगूठा का ठप्पा लगाना, धागा रील से अलग-अलग आकृति बनाना, विभिन्न तरह के आकृतियों को पहचाना, मौखिक विधि से बच्चों का ज्ञानवर्धन करना जैसे विभिन्न क्रियाकलापों को बताया गया। संध्याकालीन सत्र में चित्र पुस्तकालय की जानकारी दी गई। प्रथम दिवस के रात्रि सत्र में शिशु वाटिका गीत संगीत से संबंधित कार्यक्रम संपन्न कराया गया।इस सत्र में विभिन्न विद्यालयों से आए दीदी जी आचार्य जी ने अपनी अपनी प्रस्तुति देकर वातावरण को संगीत मय बना दिया। द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में वंदना के पश्चात वाटिका की 12 व्यवस्था व 8 आंतरिक व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं द्वितीय सत्र व समापन सत्र में प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख गीता कुमारी के द्वारा दो दिवसीय शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग का वृत्त रखा गया इसके पश्चात विभिन्न विद्यालय से आए हुए दीदी जी के द्वारा अपना अनुभव कथन बताया गया। पलामू विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल ने शिशु वाटिका प्रशिक्षण वर्ग की उपयोगिता को आचार्य दीदी जी के समक्ष रखा।इस कार्यक्रम में गढ़वा, भवनाथपुर बाजार, भवनाथपुर नगरी, केतार, वंशीधर नगर, बरियातू, लातेहार स्टेशन, जपला के सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य व स्थानीय विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी के साथ पलामू विभाग के विभिन्न विद्यालयों से 68 आचार्य बंधु भगिनी सम्मिलित हुए।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
हजारीबाग
रांची, मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024 | पेज 8

सदर अंचल के राजस्व उपनिरीक्षक, अंचल निरीक्षक व अंचल अधिकारी पर लगाया रिश्वत वसूली को लेकर दाखिल खारिज अस्वीकृत करने का आरोप

उपायुक्त को गहन जाँच कर विभागीय कार्यवाई करने को लेकर दिया आवेदन

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चानो निवासी अमरेंद्र कुमार सिंह ने सदर अंचल के राजस्व उप निरीक्षक अनुराग कुमार सुमन, अंचल निरीक्षक व अंचल अधिकारी मयंक भूषण पर रिश्वत वसूली के उद्देश्य से दाखिल खारिज वाद अस्वीकृत करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने हजारीबाग उपायुक्त को एक आवेदन देकर इसपर गहन जांच कर विभागीय कार्रवाई करने की गुहार लगाया है। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि प्रथम बार दाखिल खारिज वाद संख्या 10697/ 2023-24 दायर किया। इसे अस्वीकृत कर दिया गया। इसके बाद उन्होंने इस संबंध में अंचलाधिकारी से बात की तो उन्हें कहा गया कि दोबारा अप्लाई करें दाखिल खारिज हो जाएगा। तो उन्होंने पुनः

दाखिल खारिज वाद संख्या 155/ 2024 - 25 दायर किया। इसके बाद उपनिरीक्षक अनुराग कुमार सुमन ने उन्हें अपने निजी कार्यालय में बुलाकर म्यूटेशन करने के नाम पर ?20,000 मांग किया। उन्होंने रुपया देने से इनकार कर दिया तो दाखिल खारिज वाद को अस्वीकृत कर दिया गया। आवेदक अमरेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि दाखिल खारिज करने हेतु उन्होंने मौजा चानो के खाता नंबर 32 प्लॉट नंबर 185 के भूमि से संबंधित सभी दस्तावेज ऑनलाइन व ऑफलाइन उपलब्ध करवाए थे। जिस भूमि का दाखिल खारिज करना था उस भूमि पर उनका दखल कब्जा भी है। भूमि रैयती खाते की भी है बावजूद इसके इनके द्वारा दाखिल खारिज नही कर वाद को अस्वीकृत कर दिया जाता है। आवेदक ने उपायुक्त से गुहार लगाते हुए कहा है कि दाखिल खारिज वाद को अस्वीकृत करने का कोई जायज कारण नहीं है मात्र रिश्वत उगाही करने हेतु उनके द्वारा दायर दाखिल खारिज वाद को अस्वीकृत कर दिया गया है। दाखिल खारिज वाद संख्या 155/ 2024-25 को रद्द करने का वास्तविक कारण आदेश में अंकित नहीं है यदि इस वाद की जांच गहनता से की जाए तो इसकी सच्चाई सामने आ जाएगी ।

सांसद मनीष जायसवाल ने सदर विधानसभा में किया चुनावी शंखनाद, क्षेत्र के बीजेपी कार्यकर्ताओं में भरा जोश, दिया जीत का मंत्र

▶ **कार्यकर्ता रणनीति के तहत करें प्रचार, बड़ी मार्जिन से जीतेंगे हजारीबाग : मनीष जायसवाल**

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के आवाह्न पर हजारीबाग के भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानन्द सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हजारीबाग शहर के डाक बंगला स्थित पैराडाइज रिसोर्ट्स सभागार में हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख बीजेपी कार्यकताओं की एक अहम बैठक आहूत की गई। जिसमें विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, छत्तीसगढ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी, सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए और कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के लिए कई जरूरी टिप्स दिए। इससे पहले सभी अतिथियों का भाजपा कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर गर्मजोशी से स्वागत किया। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग भाजपा का एक ऐसा हॉट सीट है जहां से स्थानीय स्तर से लेकर राजकीय और राष्ट्रीय स्तर के नेता चुनाव लड़ने को इच्छुक थे लेकिन पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने

प्रदीप प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि प्रत्याशी तो एक मुखौटा मात्र होता है असल में चुनाव कार्यकर्ता लड़ते इस बार भी अपने अनुभव के ताकत की बदौलत पूरे झारखंड में हजारीबाग का मान सर्वाधिक मतों से जीतकर प्रदर्शित करेंगे। बीजेपी कार्यकर्ताओं को अन्य भाजपा नेताओं में बीजेपी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता के.पी.ओझा, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, शंकरलाल गुप्ता, सुदेश चंद्रवंशी, दिनेश सिंह राठौड़, नरेंद्र कुमार सहित सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी भाजपा मंडल अध्यक्षों ने संबोधित किया। उक्त बैठक में सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंडों से हजारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए ।

काली पूजा पूरे धूमधाम से मानने को लेकर बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : बरकट्ठा बाजार स्थित सार्वजनिक काली मंदिर में काली पूजा को सफल बनाने व टीम गठन को लेकर काली मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में काली पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा किया गया। वहीं कार्यक्रम में नई कमेटी का चयन भी किया गया है। सर्व समिति से नए समिति का गठन कुछ इस प्रकार किया गया है, मोनू मंडल अध्यक्ष, अजय राणा उपाध्यक्ष, बिट्टू मोदी सचिव, शंकर साव उपसचिव, मुकेश मंडल कोषाध्यक्ष, सचिन साव उपकोषाध्यक्ष, निगरानी

समिति अध्यक्ष नरेश मंडल , बीरेंद्र रजक उपाध्यक्ष के रूप में चयन किए गए है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किशोर मोदी ने कहा काली पूजा हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी धूमधाम से किया जाएगा। मौके पर महेंद्र मंडल, रंजन मोदी ,बीरेंद्र सोनी, राम खेलावन , धीरज गुप्ता, शुभम कसेरा, मोनू मंडल,काली मंडल, किशोर मोदी, उमेश ठाकुर, बिट्टू मोदी, मिश्रा मोदी, प्रदीप लाल, अनिल मोदी, उमेश राणा, संजय मंडल, दुक्खन पंडित, आनंद पांडे, के अलावे कई लोग उपस्थित थे।

कुमकुम देवी ने बीजेपी से दिया इस्तीफा , लोकहित अधिकार पार्टी से लड़ेंगी चुनाव

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरकट्ठा : बरकट्ठा भाजपा से टिकट नहीं मिलने से नाराज भाजपा नेत्री कुमकुम देवी ने समर्थकों संग दिव्य कल्याण आश्रम बरकट्ठा में बैठक कर भाजपा के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया और लोकहित अधिकार पार्टी से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी. कुमकुम देवी ने अपने समर्थकों से राय शुमारी किया तो उपस्थित पूर्व जिप प्रतिनिधि केदार साव समेत अन्य समर्थकों ने कहा कि महिला के मानसम्मान की बात करने वाली भाजपा ने एक कर्मठ महिला को टिकट देकर फिर वापस ले लिया जो बीजेपी

की वरिष्ठ नेत्री कुमकुम देवी का घोर अपमान है। विधायक का क्या कर्तव्य है उसे आज तक समझ नहीं पाया कि ऐसे विधायक के कारण क्षेत्र के नौजवान बर्बाद हो रहे हैं और उनका भविष्य चौपट हो रहा है। कुमकुम देवी ने कहा यदि वे चुनाव जीती तो क्षेत्र की हर समस्या के निदान होने के साथ साथ हर गरीब गुरबों की सेवा के लिए निःस्वार्थ रूप से तत्पर रहेंगी। मौके पर पूर्व जिप प्रतिनिधि केदार साव,पीतांबर नायक, अर्जुन नायक,उमेश गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि श्यामसाव, महेश साव, रीत लाल चौधरी,मुरली प्रसाद, लालमोहन प्रसादसमेत सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

सोमवार को बरही अनुमंडल कार्यालय से तेरह लोगों ने खरीदा नामांकन प्रपत्र, एक प्रत्याशी ने कराया नामांकन

बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता): सोमवार को बरही अनुमंडल कार्यालय से तेरह लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। वहीं एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल किया। निर्वाचन पदाधिकारी सह बरही एसडीओ जोहान टुडू ने बताया कि बरही विधानसभा से सात व बरकट्ठा विधानसभा से भी छः लोगों ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। 20 बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से नामांकन प्रपत्र खरीदने वालों में निर्दलीय से चंद्रकांत पांडेय, पिता- शिवकांत पांडेय, राजकुमार, पिता- स्व तलेश्वर कुम्हार, पीपीआईडी से बसंत नारायण मेहता, पिता- पोखन मेहता, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से सुखदेव यादव, पिता- बुधन यादव, भाजपा से अमित कुमार यादव, पिता-चित्ररंजन यादव, निर्दलीय से मो. शमशाद आलम, पिता- रजाक मियां आदि शामिल हैं। वहीं 21 बरही विधानसभा क्षेत्र से नामांकन प्रपत्र खरीदने वाले प्रत्याशी में बद्री यादव, पिता- छठु गोप, निर्दलीय, रामाशीष सिंह, पिता- स्व रामलखन सिंह, अटल विचार मंच, मनोज कुमार यादव, पिता- रामनारायण यादव, भाजपा, शिवकुमार राम, पिता- खड्गधारी राम, पीपीआईडी, महेश ठाकुर, पिता- सरयू ठाकुर, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, अविनाश कुमार, पिता- महावीर प्रसाद, निर्दलीय, डॉ. बालेश्वर राम, पिता- डेगन राम, निर्दलीय शामिल है। वहीं बरकट्ठा विधानसभा से संतोष नायक ने निर्दलीय से अपना नामांकन दर्ज किया। बता दे की नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण करवाने के लिए निर्वाचन प्राधिकारी समेत बरही प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है, प्रत्याशियों के आने जाने के लिए बेहतर सुविधा रखी गई है।

कॉंग्रेस पार्टी के आब्जर्बर ने केरेडारी का किया दौरा

प्रभात मंत्र संवाददाता

केरेडारी : कांग्रेस पार्टी के दो आब्जर्बर केरेडारी के दौरा किया। जिसमें रामगढ़ विधान सभा सौरभ सिंह ठाकुर है एवं दूसरा संतोष तिवारी थे,जिन्हें कांग्रेस पार्टी प्रदेश कमिटी द्वारा मनोनीत किया गया है। केरेडारी पार्टी कार्यालय मे दोनों ने संयुक्त रूप से कहा कि राज्य में गठबंधन का सरकार बनना तय है,इसलिए बड़कागांव विधानसभा से पार्टी को भारी मत से जीतना है।मौके पर अंकित राज,रविंद्र गुप्ता,अर्जुन राम, सुरेश साहू,धीरेंद्र साहू,मोहन साहू ,इलियास अंसारी, विनय कुमार ,भागीरथ साहू, देवनाथ महतो ,संतोष साहू समेत कई लोग उपस्थित थे।

भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने बरही के विभिन्न पंचायतों में चलाया जनसम्पर्क अभियान

▶ **राज्य में भाजपा सरकार बनाने की अपील, लोगों को हर सम्भव सहयोग का दिया आश्वासन : मनोज यादव**

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : सोमवार की सुबह भाजपा प्रत्याशी और पूर्व विधायक मनोज यादव ने बरही विधानसभा क्षेत्र के दुधपनिया और खोड़हर के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की और आगामी चुनावों में भाजपा को समर्थन देने की अपील की। जनसम्पर्क अभियान के दौरान मनोज यादव ने ग्रामीणों को राज्य में भाजपा सरकार बनाने के लिए सक्रिय समर्थन देने की बात कही। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि भाजपा सरकार बनने पर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा और क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। श्री यादव ने कहा, मैं हर सम्भव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हूं और भाजपा की सरकार लोगों के हित में काम करेगी। हम राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लेते हैं। इस अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने पूर्व विधायक के प्रति अपनी समर्थन की भावना प्रकट की और उनसे अपने गांव की समस्याओं के बारे में चर्चा की।

मनोज यादव के इस जनसम्पर्क अभियान को आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों का हिस्सा माना जा रहा है, जिसमें वह भाजपा के प्रत्याशी के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। भाजपा समर्थकों का मानना है कि श्री यादव की सक्रियता और जनसमर्थन उनकी जीत की राह को और आसान बना सकता है। मौके पर जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, खिरोधर यादव, दीनानाथ यादव, अरुण चन्द्रवंसी, रोहित यादव, गणेश साव समेत अन्य लोग मौजूद थे।

महाराष्ट्र में विष्णुगढ़ के प्रवासी मजदूर की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रवासी मजदूरों की मौत का सिलसिला अनवरत जारी है।इसी कड़ी में विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंतर्गत जोबर पंचायत के फुसरो के प्रवासी मजदूर की महाराष्ट्र के अहमदनगर में शनिवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।मौत के बाद परिजनों ने उनके अंतिम दर्शन के लिए सरकार से गुहार लगाई है।विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत जोबार पंचायत के फुसरो निवासी उतिमचंद करमाली के 36 वर्षीय पुत्र नागेश्वर करमाली की महाराष्ट्र के अहमदनगर में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई गयी।मौत की सूचना मिलते ही परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हैं।गांव वाले भी शोक में हैं। मृतक नागेश्वर करमाली पोकलेन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत था।मृतक अपने पीछे पत्नी सावित्री कुमारी पवन करमाली(13) पम्मी कुमारी(12) और परी कुमारी(12) को अपने पीछे छोड़ गया! वहीं इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली मृतक के घर पहुंचकर परिवार का हौसला बढ़ाया और संवेदना संवेदना प्रकट करते हुए

सरकार से महाराष्ट्र से शव लाने की अपील करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है।इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।रोजी-रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है। सरकार को झारखंड ने ही रोजगार की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि मजदूरो का पलायन रोका जा सके।

बरही में विहिप की बैठक संपन्न, मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मनोनीत किये गए पालक

बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड विधानसभा चुनाव के अधिसूचना जारी होते ही राष्ट्र हित को ध्यान में रखते हुए विश्व हिंदू परिषद बरही इकाई ने एक आवश्यक बैठक आहूत की। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष निरंजन केशरी एवं संचालन प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर ने किया। बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा जिला सह संघचालक दयानंद चौरसिया, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, गौ रक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता उपस्थित हुए। बैठक में कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कोडरमा जिला सह संघचालक दयानंद चौरसिया ने कहा कि आज पूरा झारखंड घुसपैठ, धर्मांतरण, लव जेहाद जैसी समस्याओं से ग्रस्त है। जिसके कारण सरकार भी वोट के लालच में विधर्मी ताकतों के साथ मिलकर तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है और झारखंड को मणिपुर और बंगाल बनाने में लगी है, जिससे समस्त झारखंड त्रस्त है। इस त्रस्त को निजात पाने के लिए मतदान का प्रतिशत बढ़ाकर ही सुधारा जा सकता है। इसके लिए आम जनमानस को मतदान के लिए जागरूक करने की जरुरत है और उन्हें प्रेरित कर मतदान केंद्र तक ले जाने की जरूरत है। इस अवसर पर विहिप जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता ने सभी बीस पंचायत में इस कार्य को संपन्न करने के लिए पालक तय किया। जिसमें बेंदगी पंचायत में संजय राणा, रसोइया धमना, मलकोको पंचायत में नितेश कुमार, बरही पश्चिमी में निरंजन केशरी, बरही पूर्वी में इन्द्रदेव गुप्ता, डपोक व बिजैया पंचायत में नवीन साव, करसो, खोड़हार, केदारूत व गौरिया करमा में कैलाश ठाकुर व प्रदीप चंद्रवंशी, करियातपुर व दुलमाहा में चंदन केशरी सहित शेष सभी पंचायत में गुरुदेव गुप्ता एवं दयानंद चौरसिया को पालक बनाया गया। बैठक में सोनू केशरी, रामकिशुन यादव, सुनील प्रजापति, कुलदीप यादव, महेन्द्र पासवान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

महिला ने जहर खाकर दे दी जान, पड़ोसी पर छेड़खानी तथा अश्लील हरकत का लगा आरोप

विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): विष्णुगढ़ से छेडख़ानी और मानसिक प्रताड़ना के कारण एक विवाहिता के आत्महत्या कर जान देने का मामला प्रकाश में आया। थाने में दिए गए अवेदनानुसार पड़ोसी प्रमोद विश्वकर्मा पिता जमुना मिस्त्री पर मृतका के पति द्वारा आरोप लगाया गया कि आरोपी पिछले एक वर्षो से छेड़खानी किया करता था,मेरी पत्नी द्वारा इसकी जानकारी दिए जाने के बाद इसका सामाजिक तौर तरीके से हल निकालने का प्रयास करते हुए आरोपी को डांट फटकार मामले को हल करने का प्रयास किया गया।परन्तु प्रमोद विश्वकर्मा द्वारा 15 अक्टूबर 2024 मेरे घर मे अनुपस्थिति की सूचना पाकर रात के अंधेरे में मेरे घर घुसकर मेरी पत्नी के साथ अश्लील हरकत करने लगा,मेरी पत्नी द्वारा शोर मचाने पर घर बच्चे इस घटना से सहम गए,इसकी जानकारी मुझे घर आने के बाद पता चली। इस घटनाक्रम के बारे में जब आरोपी से बात की गई तो उसके द्वारा पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई,इसकी जानकारी मृतका के पति ने दी। इस घटना से आहत होकर मेरी पत्नी ने लोकलाज के डर और बदनामी की वजह से जहर खाकर आत्महत्या कर अपनी जान दे दी,जिसका जिम्मेवार प्रमोद विश्वकर्मा है। उपरोक्त घटना पर विष्णुगढ़ थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार आरोपी पर कांड सँख्या के 190/24 दिनाँक 20.10.24 बीएनएस की धारा 74,108 के विष्णुगढ़ थाने में मामला दर्ज कर लिया गया।

जेबीकेएसएस के उम्मीदवारों की पहली सूची जारी, पाँच प्रत्याशियों के नाम पर लगी मुहर

▶ **अध्यक्ष संजय मेहता को बड़कागांव से मिला टिकट, कहा- परिवारवाद पर होगा हमला**

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : झारखंड बचाओ क्रांति सेना समिति (जेबीकेएसएस) ने विधानसभा चुनाव हेतु अपने प्रत्याशियों की औपचारिक घोषणा कर दी है। केन्द्रीय चुनाव समिति की सिफारिश पर नामों को फाइनल किया गया है। पहली सूची जारी करते हुए पाँच प्रत्याशियों की घोषणा की गई है। इसमें केन्द्रीय अध्यक्ष संजय मेहता का नाम भी शामिल है। संजय मेहता को समिति द्वारा बड़कागांव विधानसभा से प्रत्याशी बनाया गया

है। वहीं अन्य चार प्रत्याशियों में कांके विधानसभा से दीपशिखा कुमारी, धनवार विधानसभा से अभिषेक कुमार साहू, लातेहार से ओमप्रकाश पासवान एवं धनबाद विधानसभा से सुधा कुमारी सिंह को टिकट दिया गया है। टिकट की घोषणा होने उपरांत संजय मेहता ने कहा कि जेबीकेएसएस पूरी मजबूती के साथ यह चुनाव लड़ने जा रही है। जनता का पूरा समर्थन हमें प्राप्त है। वहीं बड़कागांव से चुनाव लड़ने की बात पर उन्होंने कहा कि केन्द्रीय चुनाव समिति ने अच्छी रिसर्च के बाद मुझे यहाँ से टिकट दी है। क्षेत्र में पर्याप्त जनसमस्याओं एवं मेरे पुराने कार्यो एवं अनुभवों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। हम सब मिलकर क्षेत्र में परिवारवाद की राजनीति के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे। परिवारवाद एवं मोनोपॉली के खिलाफ उलगुलान करने का इससे अच्छा वक्त नहीं हो सकता। बड़कागांव में बड़ा परिवर्तन होने वाला है।

विस चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला प्रशासन की टीम ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारा में किया औचक निरीक्षण

▶ **सदर अनुमंडल पदाधिकारी समेत 8 दंडाधिकारी व 100 पुलिस के जवान कारवाई के दौरान रहे मौजूद**

▶ **सोमवार तड़के केंद्रीय कारा में पहुंची जिला प्रशासन की टीम**

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला प्रशासन हर संवेदनशील जगहों पर निरंतर जांच अभियान के साथ साथ छापामारी कर रही है। आज तड़के उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा गठित एक जांच टीम लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में औचक निरीक्षण करने

पहुंची। विस चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन हर पहलुओं पर अपनी नजर बनाए हुए है। आज तड़के सुबह 6 बजे केंद्रीय कारा के औचक निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह समेत सदर एसडीएम श्री अशोक कुमार समेत 8 दंडाधिकारी एवं लगभग 100 पुलिस के जवान औचक निरीक्षण की कारवाई में मौजूद रहे। यह निरीक्षण की कारवाई लगभग ढाई घंटे तक चली। इस औचक निरीक्षण की कारवाई में जिला प्रशासन की टीम ने केंद्रीय कारागार के अस्पताल, कैंटीन,बैरक व अन्य जगहों का निरीक्षण किया। एसडीएम ने निरीक्षण की कारवाई के उपरान्त बताया कि नियमित अंतराल में जेल का औचक निरीक्षण किया जाता है। जिला प्रशासन विधि व्यवस्था को लेकर हर बिंदुओं पर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। उन्होंने बताया की इस निरीक्षण की कारवाई के दौरान कोई भी अतिगंभीर सामग्री प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि विस चुनाव 2024 के भी तिथि जारी हो गई है इसे लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सभी विभाग को अलर्ट मोड में रहने का निर्देश प्राप्त है ताकि इस प्रकार की घटना को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि यह औचक निरीक्षण की कारवाई की गई है,यह एक रूटीन जांच प्रक्रिया भी है जो हर एक या दो माह में की जाती है। आगामी चुनाव के मद्देनजर विधि व्यवस्था के संदर्भ में यह महत्त्वपूर्ण कारवाई थी। निरीक्षण के क्रम में किसी भी प्रकार की कोई आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। **दंडाधिकारी रहे मौजूद।** नीतू सिंहबीडीओ सदर, जितेंद्र कुमार मंडल बीडीओ बड़कागांव, शिव बालक कुमार, कटकमदाग बीडीओ , सना उस्मानी कार्यपालक दंडाधिकारी, प्रेम कुमार कार्यपालक दंडाधिकारी, नवीन भूषण कुल्लू कार्यपालक दंडाधिकारी।

20 लाख रुपए कि रंगदारी मांगने वाले तीन अपराधियों को उरीमारी पुलिस ने भेजा सलाखों के पिछे

किसी भी सूरत में उरीमारी क्षेत्र में अपराधियो को फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा : रामकुमार राम

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी ओपी क्षेत्र स्थित पहाड़ी शिव मंदिर के समीप दुकानदार व्यवसाई दशरथ प्रजापति को जंगल पहाड़ी समिति के नाम पर जेनरल फोन कर उरीमारी के ही तीन युवकों ने बीस लाख रुपए कि रंगदारी कि मांग कर रहे थे। वहीं अपराधियों द्वारा व्यवसाई दशरथ प्रजापति को बिते 11 अक्टूबर व 17 अक्टूबर को फोन कर रंगदारी कि मांग कर उन्हें जान से मारने कि लगातार धमकी दे रहे थे। भुक्तभोगी दुकानदार व्यवसाई दशरथ प्रजापति ने इसकी जानकारी उरीमारी ओपी को लिखित देकर उचित कार्यवाही कि मांग कर रहे थे। जिसमें उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने फोन कॉल कि तेहकिकात जांच करके उरीमारी ओपी क्षेत्र के ही महेश मुर्मू (22)पिता स्व रैना मांझी पता करमाटील्हा,धानो मरांडी(27) पिता माताड मांझी पता जोजोटोला,प्रदिप गंझू(28)पिता स्व लहसन गंझू पता असवा सतमारा टोला तीनों अपराधियों को उरीमारी से ही गिरफ्तार किया गया। वहीं ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि थाना कांड संख्या 254/24 कि धारा 308 (3)/ 308(4) बीएनएस दर्ज कर उरीमारी क्षेत्र से तीन अपराधियो को पकड कर सोमवार को जेल भेजा गया। वहीं पकड़े गए अपराधियों ने पुलिस के समक्ष अपने अपराध को स्वीकार किए है। और इस घटना में उपयोग किया गया सीम और रेडमी कंपनी का फोन बरामद किया गया है। मौके पर ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि उरीमारी ओपी क्षेत्र में किसी भी सूरत में अपराधियो को सह नहीं दिया जाएगा और उन्हें फलने-फूलने नहीं दिया जाएगा। वहीं अपराधियों कि छापामारी दल में उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम एवं समस्त्र बल के जवान शामिल थे।

पतरातू डैम में झारखंड स्टेट इंटर स्कूल काता चैंपियनशिप आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

पतरातू : रविवार को पतरातू प्रखंड के पतरातू डैम स्थित मां पंचबहिनी मंदिर के प्रांगण में झारखंड स्टेट इंटर स्कूल काता प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन मॉडर्न मार्शल आर्टस कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया सह कराटे फेडरेशन ऑफ सोतोकान के तत्वाधान में झारखंड के मुख्य प्रशिक्षक सेंसी विकास पाठक की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डीएवी पतरातू को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। वहीं किसान हाई स्कूल पिठोरिया रांची सीनियर ग्रुप में अव्वल रहे। लड़कियों की टीम में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पतरातू की छात्राओं ने अपना परचम लहराया तो जूनियर वर्ग के बच्चों की टीम में पतरातू स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स का बोलबाला रहा। वही टीम काता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम काता में बेस्ट टीम का खिताब जीता। जूनियर टीम काता में लोटस लिटिल स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबका दिल जीता चैंपियनशिप में राज्य के लगभग 280 बच्चों ने शिरकत किया था।

मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल में दिए जा रहें प्रशिक्षण का उपायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ : आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त,रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन के निमित मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल में दिए जा रहें प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार ने उपस्थित सभी मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया के दौरान होने वाली सामान्य गलतियों के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही उपायुक्त ने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर दिए जा रहे प्रशिक्षण का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया गया । प्रशिक्षण के दौरान उपायुक्त ने सभी मतदान कर्मियों की दुविधाओं को भी दूर किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री रोबिन टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम वर्मा,जिला शिक्षा अधीक्षक संजीत कुमार, सभी मास्टर ट्रेनर सहित अन्य उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का हुआ आयोजन

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिया गया ।इसी क्रम में एलडीएम दिलीप महली की अध्यक्षता में बैंक ऑफ़ इंडिया रामगढ़ ब्रांच के मैनेजर सहित कर्मियों के साथ सोमवार को आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी बैंक कर्मियों ने मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 निर्धारित तिथि बड़कागांव,ष्ट- 22, 13 नवंबर 2024 एवं रामगढ़,ष्ट -23, 20 नवंबर 2024 को बैंक में आने जाने वाले मतदाताओं को अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर आवश्यक रूप से मतदान करने हेतु अपील करने का शपथ लिया।

पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस केन्द्र में रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने शहीद जवानो को दिया श्रद्धांजलि

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस केन्द्र, रामगढ़ में अजय कुमार, पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद जवानों का नाम पढ़ कर उनको कोटि-कोटि नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजली दी गई। पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने शस्त्र झुकाकर शहीदों को शोक सलामी दी गई। शहीद जवानों का सर्वोच्च बलिदान हमेशा हम सभी पुलिस पदाधिकारियों/कर्मियों को प्रेरित करता रहेगा। पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिस उपाधीक्षक (मु0)/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातू पुलिस उपाधीक्षक (प्रो0), परिचारी प्रवर, रामगढ़, पु0नि0 पतरातू/माण्डु/गोला अंचल, पु0नि0-सह-थाना प्रभारी, रामगढ़ /रजरप्पा थाना एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी/कर्मियों के द्वारा पुलिस केन्द्र, रामगढ़ में उपस्थित रह कर शहीद जवानों को कोटि-कोटि नमन करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजली दी गई।

भुरकुंडा में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन, 20 यूनिट रक्त हुआ संग्रहित

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): जेएम कॉलेज भुरकुंडा में मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट संस्था द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सबसे पहले मंच के अध्यक्ष, सचिव एवं ब्लड बैंक की टीम द्वारा दीपक जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। जेएम कॉलेज भुरकुंडा के शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने इस रक्तदान शिविर में काफी उत्साहित होकर बढ़चढकर हिस्सा लिया।मारवाड़ी युवा मंच द्वारा सदर ब्लड बैंक के सहयोग से 20 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि इस समय डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। हर हॉस्पिटल में रक्त की बहुत आवश्यकता होती है। उसी को देखकर हमने यह रक्तदान शिविर लगाया है। रक्तदाता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। मंच के सचिव ने बताया कि रक्तदान महादान है और रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। इस दौरान काफी संख्या में मारवाड़ी युवा मंच के सदस्य मौजूद थे।

रामगढ़ कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन ने रामगढ़ कॉलेज को दिये उपहार में पुस्तकें

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ कॉलेज एलुमनी एसोसिएशन के द्वारा रामगढ़ महाविद्यालय, रामगढ़ की प्राचार्या डॉ. रत्ना पांडेय को पुस्तकालय हेतु अंग्रेजी की चालीस पुस्तकें उपहार स्वरूप भेंट की गई। एसोसिएशन की अध्यक्ष डॉ. शारदा प्रसाद, संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल, अखौरी कृष्ण बिहारी प्रसाद,उपाध्यक्ष, प्रो. प्रणीत कुमार, सचिव, सुंदरलाल प्राचार्या को पुस्तकें प्रदान कीं। प्राचार्य डॉक्टर रत्ना पांडेय ने एसोसिएशन को धन्यवाद देते हुए कहा कि अंग्रेजी के इन उपन्यासों से सिर्फ अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थी ही नहीं वरन महाविद्यालय के सभी विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। सुरेश पी अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए सिर्फ किताबी ज्ञान ही महत्वपूर्ण नहीं होता वरन पाठ्यपुस्तक की पुस्तकों के अलावा ज्ञानवर्धन हेतु अन्य पुस्तकें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैः। डॉ. शारदा प्रसाद ने कहा कि पुस्तक हर उम्र के व्यक्ति के लिए सच्ची मित्र होती हैं और महाविद्यालय में इन विविध उपन्यासों के रहने से सभी विषय के विद्यार्थी इसे पढ़ सकेंगे और इसका लाभ उठा सकेंगे।कार्यक्रम में डॉ. रणविजय देव, डॉ. विजेता तिग्गा, डॉ. मालिनी डीन, डॉ मोहित जैन, सरयू महतो, किशुन महतो, उज्ज्वल राय, मनोज नायक, सुमंत महली, ब्रह्मदेव, अनीता इत्यादि महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर बनाए गए अंतराज्यीय पोस्ट में जांच के दौरान पकड़ा गया 96 पीस केन बीयर

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देशानुसार चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व प्रदर्शित के साथ संपन्न करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अंतराज्यीय चेक पोस्ट का निर्माण कर आने जाने वाले वाहनों को जांच करने का निर्देश दिया गया है इसी क्रम में सोमवार को अन्तराजीय चेक पोस्ट डाकागढ़ा में जांच के दौरान प्रीतिनियुक्त दंडाधिकारी, बरलंगा थाना एवं उत्पाद विभाग रामगढ़ के सहयोग से एक तीन पहिया टेंपो वाहन, जो वाहन संख्य छ्व24श्व0652 से 96 पीस हेवर्डस केन बीयर जप्त किया गया। साथ ही मौके पर अभियुक्त ओम पोद्दार को उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ड्ड), 55 एवं 66 के तहत गिरफ्तार किया गया । मौके पर मुख्य रूप से प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी हरेन्द्र मरांडी, स.अ.नि. अरविंद कुमार सिंह, बरलंगा थाना प्रभारी अंनत कुमार सिंह, उत्पाद अवर निरीक्षक कांग्रेश कुमार, उत्पाद सिपाही उज्ज्वल कच्छप सहित अन्य उपस्थित थे।

रामगढ़ में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): विधानसभा चुनाव से पहले रामगढ़ के गोला थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद की है। साथ ही पुलिस ने इस दौरान एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी है।पुलिस को सूचना मिली कि गोला थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम घाघरा टोला तोपासारा निवासी शिवा बेदिया के द्वारा अपनी किराना दुकान में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब भंडारण कर बिक्री की जा रही है। सूचना मिलने पर वरीय पदाधिकारी को अवगत कराया गया तथा इसको लेकर सनहा दर्ज करते हुए सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस बल को आते देख एक व्यक्ति भागने का प्रयास किया, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया।पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम शिवा बेदिया बताया है। इसके बाद आरोपी के घर एवं दुकान की तलाशी ली गयी। इस क्रम में शिवा बेदिया के घर से भारी मात्रा मे अंग्रेजी शराब बरामद की गयी। शराब बरामदगी से संबंधित शिवा बेदिया से वैध कागजात की मांग करने पर उसने कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया।इसके बाद शराब जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रामगढ़ के सिख रेजीमेंट के म्यूजियम को देखा

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रामगढ़ के सिख रेजीमेंट के म्यूजियम को देखा जहां पर सिख वीरों की वीरता का वर्णन किया गया है। बच्चों ने देखा कि कैसे वीर सैनिक अपने देश के लिए अपने प्राणों को हंसते-हंसते कुर्बान कर दिया । म्यूजियम में बचपन में विभिन्न प्रकार के शास्त्रों को दिखा जिससे उन वीर सैनिकों ने वीरता पूर्वक युद्ध लड़ा था। बच्चों को उन वीरों की वीरता के संघर्ष के बारे मे बताया गया।सिख रेजिमेंट के जवान अपने अदम्य साहस के लिए जाने जाते हैं। सिख रेजिमेंट का आदर्श-वाक्य है, निश्चय कर अपनी जीत करूं सिख रेजिमेंट और सिख लाइट इंफ़ैंट्री की वॉर क्राई जो बोले सो निहाल सत अकाल है, सिख रेजिमेंट ने सारागढ़ी की लड़ाई लड़ी थी। इस लड़ाई में 21 सिख सैनिकों ने करीब 10,000 अफ़ग़ानों के ख़िलाफ़ लड़ाई लड़ी थी। वहबच्चों को कारगिल युद्ध के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल प्रबंधन सिमिति के सदस्यो एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों के साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी मौजूद रहे जिन्होंने बच्चों का अच्छे से ध्यान रखा।

चितरपुर महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को समारोह में दिया गया विदाई

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर के हिंदी विभाग में सत्र 2021-24 के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के द्वारा विदाई दी गई। इस अवसर पर छात्रों तथा शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तथा केक काटकर बधाई दी गई, उसके बाद पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं को उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित हिंदी विभाग के प्रो.उत्तम कुमार सहित सभी शिक्षकों ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके आनेवाले भविष्य की ढेर सारी शुभकामनाओं के साथ आशीर्वाद देकर उनके बेहतर भविष्य की कामना की कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्रो. जूही उपाध्याय, प्रो. निरंजन महतो, प्रो. कुरातुल ऐंन, प्रो. अंजनी करमाली, प्रो. मनोज झा, प्रो. निकहत प्रवीण, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. मीना मुंडा, प्रो. नगमा नौशाबा, ज़फरूल हसन खान, आसिया आफ़रीन सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।



विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन तथा इस दौरान शत प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित कराने को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के सभी सदस्यों से कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन में आप सभी का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के सभी सदस्यों को रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों आदि में कार्यरत कर्मियों को मतदान के दिन अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु अवकाश देने तथा इसमे किसी तरह की अवमानना होने की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत 135 क्कसहित अन्य प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई किए जाने की बात कही। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने चेंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के साथ-साथ रामगढ़ जिले के सभी प्रतिष्ठानों, कारखानों, दुकानों आदि के संचालकों से विधानसभा आम निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक करने की अपील की वहीं उन्होंने मतदान के दिन जो भी व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग कर उनके प्रतिष्ठानों में आए ।

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: Janata Dal (United)

***Name of the Election: General Election to Legislative Assembly of Jharkhand**

Name of State/UT: Jharkhand

(1) Name of the Constituency- **49 Jamshedpur West**
Name of the candidate- **Saryu Roy**

Sl.no.			
1.	Criminal antecedents		
	a.	Nature of the offences	1) Case U/S 499, 500 (IPC) 2) U/S-409, 379, 411, 120(B), 468, 471 IPC 3) U/s 109, 201, 204, 218, 120(B), 468, 471 IPC 4) U/s 403, 406, 408, 409, 420, 120(B) IPC and sections 7, 11, 12 and 13(2) Prevention of Corruption act 1988
	b.	Case no.	1) Complain Case No.- 121/2022 2) Doranda PS Case No.- 105/2022 3) Doranda PS Case No.- 253/2023 4) Argora PS Case No.- 228/2024
	c.	Name of the Court	1) 9-S.D.J.M. Sadar Cum. Spl. Judge, MP-MLA Court, West Singhbhum At Chaibasa. 2) Sri Sarthak Sharma, J.M.F.C-XXII, Spl. Judge, MP-MLA Court At Ranchi 3) Sri Sarthak Sharma, J.M.F.C-XXII, Spl. Judge, MP-MLA Court At Ranchi 4) Sri Sarthak Sharma, J.M.F.C-XXII, Spl. Judge, MP-MLA Court At Ranchi
	d.	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	1) Yes 2) No 3) No 4) No
	e.	Date of conviction, if any	N/A
	f.	Details of punishment undergone, if any	N/A
	g.	Any other information required to be given	N/A
2.	The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words)		The candidate was selected based on his exceptional qualifications, including a strong academic background and extensive experience in public service. His achievements in successfully implementing public policies have positively impacted the community. Demonstrating leadership, integrity, and commitment to public welfare, the candidate merit lies in his proven ability to address key issues and drive meaningful changes. The selection was made on the basis of his competence and achievements, ensuring that merit, not mere "winnability," guided the decision.
3.	Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)		Other individuals, while free of criminal antecedents, were not selected due to their relatively limited qualifications, experience, and accomplishments compared to the chosen candidate. Saryu Roy demonstrated a stronger track record of leadership, public service, and problem-solving abilities, which made him better suited to address the pressing needs of the community. In addition, the other candidates lacked the same level of proven competence and ability to deliver impactful results, making them less favorable choices for the role.

(2) Name of the Constituency- **49 Jamshedpur West,** Name of the candidate- **Saryu Roy** .... and so on

* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.

(Sharwan Kumar), General Secretary, Bihar Pradesh Janata Dal (United)

भारत में नवीनीकृत चिकित्सा उपकरणों के अवैध आयात पर जनहित याचिका दायर

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): नवीनीकृत चिकित्सा उपकरणों की बढ़ती प्रवृत्ति रोगी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण जोखिम प्रस्तुत करती है और इन उपकरणों की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता के बारे में महत्वपूर्ण प्रश्न उठाती है, जो स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत फाउंडेशन का पैशेंट सेफ्टी एंड एक्सेस इनिशिएटिव (पीएसएआईआईएफ) ने दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की, जिसमें नवीनीकरण किए गए चिकित्सा उपकरणों के आयात में कई उल्लंघनों और अनुपालन की कमी का हवाला दिया गया। अदालत के आदेशों के अनुसार, पीएसएआईआईएफ को हाल ही में स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशालय (डीजीएचएस) और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एम्ओ ईएफसीसी) से प्रतिक्रियाएँ प्राप्त हुई हैं। इस मामले पर बोलते हुए, पीएसएआईआईएफ के संस्थापक प्रोफेसर बेजोन कुमार मिश्रा ने कहा कि चूंकि जवाब अदालत के आदेश के अनुसार प्राप्त हुए हैं, इसलिए इस पर तब तक कोई बयान नहीं दिया जा सकता जब तक कि इस पर निर्णायक कानूनी सलाह नहीं ली जाती। आवश्यक स्वीकृति प्राप्त किए बिना भारत में नवीनीकृत चिकित्सा उपकरणों का अवैध आयात एक गंभीर मुद्दा है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य, विनियामक अखंडता और भारत की आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण चिंताएँ पैदा करता है। प्रोफेसर मिश्रा ने आगे कहा, याचिका दायर कर प्रतिवादियों को निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे सभी सेकेंड-हैंड और री-फर्बिश्ड हाई-एंड एंड हाई-वैल्यू (एचईएचवी) प्रयुक्त चिकित्सा उपकरणों की पहचान करें और उन्हें प्रस्तुत करें, जो कि क्रिटिकल केयर मेडिकल उपकरणों के अलावा 2019 से भारत में पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) की अनुमति के बिना आयात किए गए हैं और इंट्यूटिव सर्जिकल सहित कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे ऐसे सभी रीफर्बिश्ड एचईएचवी मेडिकल उपकरणों को तुरंत वापस बुलाएं जो नियमों और विनियमों के अनुसार पूर्व अनुमोदन के बिना स्थापित किए गए हैं

डॉ. शैलेष चंद्रा 1 साल की उम्र के बाद बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए 7 जरूरी टीके

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत में एक साल से कम उम्र के बच्चों में टीकाकरण का कवरेज अच्छा है, लेकिन एक साल की उम्र के बाद टीकाकरण कवरेज में गिरावट आने लगती है। इस कारण से देश में बहुत से बच्चों का आंशिक टीकाकरण ही होकर रह जाता है। बच्चों को उनके पहले जन्मदिन के बाद भी कुछ महत्वपूर्ण टीके लगवाना जरूरी है, जिससे कुछ गंभीर वैक्सीन प्रिवेंटेबल डिसीज के खिलाफ उनकी इम्यूनिटी मजबूत हो और उन्हें खुश एवं स्वस्थ भविष्य मिल सके।

इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) ने 1 से 2 साल की उम्र के बच्चों के लिए 7 जरूरी टीकाकरण की सिफारिश की है- चिकनपॉक्स एवं हेपेटाइटिस ए की दो डोज, मेनिंजाइटिसस और एमएमआर की दूसरी डोज, पीसीवी एवं डीटीपी एचआईबी आईपीवी की बूस्टर डोज और फ्लू की सालाना डोज। ये 7 जरूरी टीके बच्चों को चिकनपॉक्स, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, मेनिंजाइटिस, मीजल्स, मम्प्स, रुबेला, न्यूमोनिया, इन्फ्लूएंजा, डिप्थीरिया, टिटनस, परट्यूसिस, पोलियो और एचआईबी इन्फेक्शन जैसी 14 बीमारियों से बचा सकते हैं।इन महत्वपूर्ण टीकों की जरूरत पर रानी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के कंसल्टेंट डॉ. शैलेष चंद्रा ने कहा, 'कई माता-पिता टीकाकरण के दुष्प्रभावों को लेकर चिंतित होते हैं और बच्चों को सभी जरूरी टीके नहीं लगवाते। वे बच्चे के पहले जन्मदिन के बाद से उसे कई महत्वपूर्ण टीके नहीं लगवाते हैं। बच्चों की सेहत एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने 1 से 2 साल की उम्र के बच्चों के लिए 7 टीकों की सिफारिश की है, जो 14 बीमारियों से बचाते हैं। बच्चों को समय से एवं पूरे टीकाकरण के महत्व के बारे में जानने के लिए प्रत्येक माता-पिता को अपने पीडियाट्रिशियन से बात करनी चाहिए।'

बारलोंग का गैर मजरूआ व बकास जमीन दलालों के हाथों नहीं बिकने देंगे : मुखिया रेखा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ प्राखंड क्षेत्र के बारलोंग पंचायत के गैरमजरूवा व बकास जमीन खरीद- बिक्री पर जोरदार तरीके से होगा ग्रामीणों ने विरोध जताया है बारलोंग पंचायत मुखिया रेखा देवी ने बताई की पिछले दिनों बारलोंग के खाता संख्या 1 प्लाट संख्या 313 कुल रकवा 18 डिसमिल बकास जमीन एवं खाता संख्या 1 प्लाट संख्या 314 रकवा 5 डिसमिल गैरमजरुवा जमीन को दलालों के द्वारा बेच दिया गया है जिसमें पूरा ग्रामीण उसका विरोध किया है,उक्त जमीन को किसी दलाल के द्वारा बकास जमीन एवं गैर मजरूआ जमीन को बेच दिया गया है जिससे ग्रामीणो में काफी आक्रोष है बका स जमीन का मालिकाना हक ललिता देवी का बताया गया जो जमीन दलालो के द्वारा किसी अन्य बाहरी लोगों के पास बेचा गया है खरीददरी की गई है दोनों जमीन पर चार दीवारी निर्माण का कार्य चल रहा था जहाँ ग्रामीणो को सूचना मिलने के पश्चात चहर निर्माण दिवारी कार्य को रोक दिया ग्रामीणो का कहना है की गांव का जमीन है तो गांव के ही लोग खरीद करें बाहरी लोगों के खरीद बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा,इस बाबत अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी रामगढ़ जाँच पड़ताल हेतू हस्ताक्षर युक्त ग्रामीणों ने आवेदन दिया है जहा 18 डिसमिल बकास

जमीन का बिक्री बिक्री किया गया है वो कोई बाहरी आदमी खरीद किया है जबकी अन्य पांच डिसमिल फ्रंट में गैर मजरूवा जमीन ह्या 23 से सटटा उसे जमीन खरीद करने वाले मालिक द्वारा अपने कब्जे में रखा गया है ग्रामीण मांग है की उक्त स्थल पर समुदायिक भवन अथवा विवाह हॉल बनाया जाएगा, पंचायत के मुखिया रेखा देवी ने बताया की विवाह मंडप अथवा समुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा या विवाह मंडप, मौके पर पंचायत समिति सदस्य निशा देवी, पुनम देवी,कांति देवी, कुंती देवी पुनम देवी मंजू देवी जलेस्वरी देवी सरोज देवी मुकेश महतो विनोद महतो आशा देवी,श्यामलाल महतो सुखदेव भागीरथ महतो सहित 50 से अधिक संख्या में ग्रामीणों ने चार दीवारी निर्माण कार्य को रोकवाया और विरोध किया।

समाहरणालय, लातेहार
(प्रशिक्षण कोशांग)

विधान सभा निर्वाचन, 2024 के लिए नियुक्त मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्न प्रकार से निर्धारित है।

प्रशिक्षण केन्द्रः— 1 गाँधी इण्टर कॉलेज, लातेहार
2 बनवारी साहु महाविद्यालय, लातेहार

प्रशिक्षण अवधिः— 09:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक।

प्रशिक्षण केन्द्रवार मतदान कर्मियों के प्रखण्ड का आवंटन

दिनांक	मतदान कर्मी	गाँधी इण्टर कॉलेज, लातेहार में आवंटित प्रखण्ड	बनवारी साहु महाविद्यालय, लातेहार में आवंटित प्रखण्ड	अभ्युक्ति
22.10.2024	पीठासीन पदाधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी	लातेहार एवं महुआडाँड़	बालूमाथ एवं गारू	
23.10.2024	पीठासीन पदाधिकारी एवं प्रथम मतदान पदाधिकारी	चन्दवा, बरवाडीह एवं हेरहंज	मनिका एवं बारियातु	
24.10.2024	द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी	लातेहार एवं हेरहंज	मनिका एवं बारियातु	
25.10.2024	द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी	चन्दवा, बालूमाथ एवं गारू	बरवाडीह एवं महुआडाँड़	
26.10.2024	महिला मतदान कर्मी (PO,P1,P2,P3)	बरवाडीह, महुआडाँड़, गारू, मनिका, बालूमाथ, बारियातु एवं हेरहंज	लातेहार एवं चन्दवा	

नोटः— मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के निदेशानुसार प्रशिक्षण कक्ष में मोबाईल फोन का उपयोग पूर्णतः निशिद्ध है।

ह0/—
प्रभारी पदाधिकारी,
प्रशिक्षण कोशांग, लातेहार।

PR 339338 Election(24-25)D

विधानसभा आम निर्वाचन-2024
जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(मीडिया-सह-MCMC कोषांग, समाहरणालय भवन)

पत्रांक : 27/मी0को, हजारीबाग, दिनांक : 20.10.2024

सूचना

एतद् द्वारा सभी को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक—15.10.2024 को विधानसभा आम चुनाव 2024 की घोषणा कर दी गयी है। दिनांक—15.10.2024 से ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गयी है।

इस संबंध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127क, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के दिशा निर्देश के आलोक में निम्नांकित अनुपालन आवश्यक है:—

1. ऐसी निर्वाचन पुस्तिका/बैनर/पम्पलेट/पोस्टर अथवा अन्य किसी प्रकार का दस्तावेज जिसके मुख्य पृष्ठ पर मुद्रक और प्रकाशक का नाम और पता ना हो, उसे मुद्रित या प्रकाशित करना वर्जित है।
2. सभी मुद्रकों को उपरोक्त दस्तावेजों के प्रकाशन की स्थिति में प्रकाशक से घोषणा पत्र(दो प्रति में) प्राप्त करना अनिवार्य है, जिसपर स्वयं प्रकाशक का हस्ताक्षर एवं दो अन्य व्यक्ति(जो उसे पहचानते हों) द्वारा अभिप्रमाणित रहें, और मुद्रण कार्य समाप्ति के दो दिनों के अन्दर प्रकाशक के घोषणा पत्र की एक प्रति के साथ, प्रकाशित समाग्री की प्रति जिला निर्वाचन पदाधिकारी—सह—उपायुक्त को संसुचित करने का प्रावधान हैं।
3. अतएव हजारीबाग जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस के प्रोपराईटर/प्रकाशक को निदेश दिया जाता है कि उपरोक्त प्रावधानों का अक्षरशः एवं दृढ़ता से अनुपालन करते हुए प्रचार—प्रसार हेतू निर्वाचन पुस्तिका/बैनर/पम्पलेट/पोस्टर अथवा अन्य किसी प्रकार का दस्तावेजों की मुद्रित संख्या, साक्ष्य सहित, पार्टी प्रमुख/उम्मीदवार का सहमति पत्र के साथ दो भिज्ञ व्यक्तियों द्वारा सत्यापित घोषणा पत्र मुद्रण के दो दिनों के अन्दर मीडिया कोषांग, हजारीबाग (जिला सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय में) को परिशिष्ट—क, परिशिष्ट—ख एवं उपरोक्त दस्तावेजों के साथ समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। परिशिष्ट—क एवं परिशिष्ट—ख का प्रारूप मीडिया कोषांग, जिला जनसम्पर्क कार्यालय, तिसरा तल्ला, समाहरणालय भवन, हजारीबाग से प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त प्रावधान के उल्लंघन की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 127(क) के तहत कार्रवाई की जायेगी, जिसके तहत 06 (छः) माह का कारावास या 2000/— (दो हजार) रू0 जुर्माना अथवा दोनों दण्ड अधिरोपित की जा सकती है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
—सह—उपायुक्त, हजारीबाग

PR 339360 Election(24-25)#D

जिला निर्वाचन पदाधिकारी—सह—उपायुक्त का कार्यालय,हजारीबाग
(कार्मिक कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

हजारीबाग जिला अन्तर्गत अवस्थित केन्द्रीय सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदाधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के आलोक में विधान सभा आम निर्वाचन – 2024 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान प्रक्रिया एवं ई. भी. एम. संचालन से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नलिखित तिथिवार आयोजित किया जाता है:—

TRAINING PROGRAMS:

Post	Training Name and Date		Place
	1st Training	2nd Training	
PRESIDING OFFICER	22-10-2024	02-11-2024	INTER SCIENCE COLLEGE, JABRA, HAZARIBAGH
1ST POLLING OFFICER	23-10-2024	03-11-2024	
2nd Polling OFFICER	24-10-2024	04-11-2024	
3RD POLLING OFFICER	25-10-2024	05-11-2024	

आवश्यक दिशा—निर्देश

1. सभी मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण के दौरान मोबाईल फोन वर्जित रहेगा।
2. कोई भी मतदान पदाधिकारी प्रशिक्षण के दौरान मादक पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे।
3. सभी मतदान पदाधिकारी प्रशिक्षण के दौरान डायरी/कॉपी/नोटबुक लेकर उपस्थित रहेंगे।
4. संबंधित सभी विभागीय पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके कार्यालय के प्रतिनियुक्त कर्मी निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण में भाग लेंगे।
5. प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाल कर्मियों के विरूद्ध के सुसंगत धाराओं के तहत् कार्रवाई की जायेगी।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
—सह—
उपायुक्त, हजारीबाग

PR 339363 (Election)24-25*D

वर्तमान सरकार ने अपने कार्यकाल में युवाओं को ठगा : पीयूष चौधरी

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): युवा आजसू वार्ड नंबर 01 की बैठक रांची रोड मे संपन्न हुई। युवा आजसू की कमेटी का विस्तार हेतु आवश्यक बैठक रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी पियूष चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि नगर अध्यक्ष अरुण अग्रवाल उपस्थित हुए।इसकी अध्यक्षता आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष अरुण महतो एवम संचालन युवा मोर्चा जिला सह प्रभारी रोहित सोनी ने किया। इस बैठक पीयूष चौधरी ने कहा कि पूरे प्रदेश में आजसू पार्टी युवाओं को शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में हो या खेल के क्षेत्र में या अन्य कोई भी चीज में हमेशा प्रोत्साहन करने का काम किया है और आगे भी करती रहेगी। युवा एकजुट होकर वर्तमान सरकार की खामियों को उजागर कर उखाड़ फेकेंगे। जिला उपाध्यक्ष अरुण महतो ने कहा कि जिस तरह से युवा पांच वर्षो में छले गए है उसका हिसाब इस चुनाव में किया जायेगा और जनता इसका मतलब जवाब देगी। कार्यक्रम मुख्य रूप से उपस्थित कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा नगर संयोजक अजय पांडे अजीत गुप्ता नीतीश दांगी, सतीश कुशवाहा थे।वार्ड नं 01 युवा आजसू के अध्यक्ष सतीश पासवान सचिव अविनाश महतो उपाध्यक्ष विशाल यादव ,आनंद शाह, भोला बेदिया ,आर्यन कुमार, अभिषेक तिवारी , कोषाध्यक्ष संजीव सिंह प्रवक्ता दिलीप पटेल ,सह सचिव बृजमोहन यादव ,सिद्धार्थ ठाकुर ,विशाल पांडे, सुनील करमाली ,चंदन कुमार सिंह, परवेज आलम, धीरज तिवारी ,भोला पैंथर ,विक्की लोहरा , पप्पू सोनी ,विपुल सिंह मीडिया प्रभारी– सुरेश महतो संगठन मंत्री गोपी मुंडा, रोशन कुमार, अनूप यादव ,राजा यादव, प्रिंस यादव सभी मनोनीत पदाधिकारी को फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया और पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों पर चर्चा की गई।

विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर अंतरराज्यीय चेक नाका बरलंगा का किया गया औचक निरीक्षण

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ अजय कुमार द्वारा संयुक्त रूप विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के उद्देश्य से बनाए गए अंतरराज्यीय चेक नाका बरलंगा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपयुक्त रामगढ़ एवं पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट व जिला बल के जवानों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वहीं मौके पर सीएपीएफ के जवानों के लिए रुकने हेतु बेस कैम्प का भी निरीक्षण किया गया । औचक निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी, रामगढ़ रविंद्र कुमार गुप्ता, डीएसपी ॥क्क् डीएसपी (श्चह्श्ड्ढ) सार्जेंट मेजर, थाना प्रभारी सहित अन्य उपस्थित थे।

उपायुक्त द्वारा अपराधी प्रभात कुमार सिंह को किया गया जिला बदर

रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता): उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामगढ़ चंदन कुमार के न्यायालय में झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 के तहत वैसे अपराधियों जोकि जेल से छूटकर आने पर अपने घर पर न रहकर बाहर से ही व्यावसायियों एवं ठेकेदारों से रंगदारी की मांग करते हुए धमकी देने, विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर अपने प्रभाव क्षेत्र के ठेकेदारों व्यवसायियों, ट्रांसपोर्टरों तथा सीसीएल के पदाधिकारी/ कर्मियों को लेवि के लिए भयभीत करने का कार्य करते हैं एवं जिला बदर किए जाने के उपरांत भी अवांछित रूप से जिला में प्रवेश करने तथा विभिन्न स्रोतों से खबर भिजवाकर या खुद जाकर लेवी के लिए भयभीत करने अथवा वाद के गवाहों व वादी को डराने धमकाने की संभावना एवं अपराधी की गतिविधियों पर प्रतिदिन निगरानी रखने की आवश्यकता से संबंधित मामले में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा की गई सुनवाई में निम्न आदेश जारी किए गए हैं।अपराध कर्मी अशोक महतो, पिता- गोपाल महतो, ग्राम - रोचाप, थाना- पतरातू जिला - रामगढ़ को आगामी 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो प्रतिदिन 10ः00 बजे पूर्वाह्न में थाना प्रभारी पतरातू के समक्ष हाजिरी लगाने हेतु आदेश दिया गया है।यदि कोई अनुज्ञप्ति आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा करना होगा एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्र धारित नहीं करना होगा।इसके अलावा उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा विधि व्यवस्था लोक शांति बनाए रखने तथा अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कुख्यात अपराधी प्रभात कुमार सिंह उर्फ सिक्कू सिंह, पिता शंकर सिंह, ग्राम- स्टाफ कॉलोनी सयाल, थाना- पतरातु(भुरकुंडा), जिला रामगढ़ के विरुद्ध निम्न आदेश जारी किए गए हैं।अभियुक्त को 3 महीने अथवा आदर्श आचार संहिता की अवधि समाप्त होने तक जो भी पहले हो को रामगढ़ जिला क्षेत्राधिकार से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है।अभियुक्त को आदेश पारित होने के 24 घंटे के अंदर जिले की सीमा को छोड़ना होगा एवं अगले 3 माह तक जिले की सीमा में बगैर लिखित पूर्वानुमति के प्रवेश करने की अनुमति नहीं होगी।यदि कोई अनुज्ञप्ति लाइसेंस आधारित शस्त्र है तो अविलंब उसे स्थानीय थाने में जमा कराएंगे एवं इस अवधि में किसी भी स्थिति में शस्त्रधारित नहीं करेंगे।उक्त सभी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है एवं आदेश की अवमानना अथवा उलंघन झारखंड अपराध नियंत्रण अधिनियम 2002 की धारा 25 तथा भारतीय दंड संहिता, इत्यादि के अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत दंडनीय होगा।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

खुली निविदा बैच संख्या– 41/2024 दिनांक 18.10.2024, आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है। 1. निविदा सं. : 39235819A. 2. सामग्री का संक्षिप्त विवरण : सप्लाई ऑफ विंटर जैकेट एस पर अटैच्ड स्पेसिफिकेशन। 3. मात्रा : 3459 Nos. 4. निविदा जारी करने की तिथि एवं समय : 18 अक्टूबर 2024 18:09 बजे। 5. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 11 नवम्बर 2024 14:00 बजे। प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस– www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

व. मंडल सामग्री प्रबंधक/
पूमरे/धनबाद

पीआर/01357/डीएचएन/भंडार/टी/24–25/32

Format C-7

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)
Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

Name of Political Party: Janata Dal (United)
***Name of the Election: Assembly Election 2024**
Name of State/UT: Jharkhand
(1) Name of the Constituency- **58 Tamar (S.T.)**
Name of the candidate- **Gopal Krishna Patar**

Sl.no.			
1.	Criminal antecedents		
	a.	Nature of the offences	Case U/S 120(B), 302 (IPC), 16, 18, 20 U.A.P. Act
	b.	Case no.	N.I.A. 1/2017
	c.	Name of the Court	Special Court of N.I.A. Ranchi
	d.	Whether charges have been framed or not (Yes/No)	Yes,
	e.	Date of conviction, if any	N/A
	f.	Details of punishment undergone, if any	N/A
	g.	Any other information required to be given	Under Trial
2.	The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words)		Mr. Gopal Krishna Patar popularly known as Raja Peter belongs to Scheduled Tribe community and has served as Minister of State in the State of Jharkhand. So high was his popularity that people made him contest the first election in 2009 in which he defeated the former Chief Minister of Jharkhand Shibu Soren He was selected because of popular demand from the party workers. His greatest strength is his live contact with the community at the grassroot level
3.	Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words)		Our party workers believe that the case was registered as a result of political conflicts and is politically motivated. Mr. Gopal Krishna Patar alias Raja Peter is innocent and consistently engages himself in social work. The community continues to respect him and regards him as one of their family members. Our district unit considers that Mr. Gopal Krishna Patar alias Raja Peter is the best among the aspirants from 58 Tamar Assembly Constituency

(2) Name of the Constituency- **58, Tamar,** Name of the candidate-
Gopal Krishna Patar .... and so on

* In the case of election to Council of States or States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of Constituency.

(Sharwan Kumar), General Secretary, Bihar Pradesh Janata Dal (United)

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024 | पेज 11

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में उपस्थित राजनीतक दलों को 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के तीन मतदान केंद्रों और 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र के री-लोकेट किये गये 08 मतदान केंद्रों की जानकारी दी गई। 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के री-लोकेट किये गये बूथों में बूथ संख्या 09 को बूथ संख्या 10 में, बूथ संख्या 12 को बूथ संख्या 21 में, बूथ संख्या 13 को बूथ संख्या 14 में री-लोकेट किये जाने की जानकारी दी गयी। 69-बिशुनपर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में बूथ संख्या 01 को बूथ संख्या 11 में, बूथ संख्या 03 को बूथ संख्या 02 में, बूथ संख्या 04 को बूथ संख्या 02 में, बूथ संख्या 05 को बूथ संख्या 02, बूथ संख्या 06 को बूथ संख्या 11 में, बूथ संख्या 07 को बूथ संख्या 08 में, बूथ संख्या 09 को बूथ संख्या 08 में और बूथ संख्या 11 को बूथ संख्या 08 में री-लोकेट किये जाने की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने कहा कि मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए सभी आवश्यक सुविधा दी जाएंगी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन में व्यय, प्रेस में छपाई कराते समय आवश्यक बिंदुओं का ध्यान रखे जाने, नगदी के प्रावधानों, जिला में एसएसटी व एफएसटी द्वारा किये जाने रहे कार्य, 23 अक्टूबर को प्रथम रेण्डमाइजेशन, बूथ अवेयरनेस ग्रुप की भूमिका, स्वीप के कार्यक्रम, पोस्टल बैलेट से मतदान आदि की जानकारी दी गई। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीएसपी मुख्यालय, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, कोषागार पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक समेत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

लोहरदगा के खिलाड़ी काफी ऊर्जावान और प्रतिभावान है सिर्फ इन्हें मंच देने की आवश्यकता है : नेसार अहमद

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सदर प्रखंड के ग्राम कुज्जी में जय झारखंड फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में धीरज प्रसाद साहू फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रतिनिधि नेसार अहमद जिला कांग्रेस के महासचिव सलीम अंसारी बड़े एवं हेसल पंचायत की मुखिया सुमिता कुमारी के द्वारा फीता काटकर एवं दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच हुटाप फुटबॉल क्लब और बंजार किसको टीम के बीच हुआ जिसमें हुटाप की टीम एक जीरो से विजय हुई। मौके पर नेसार अहमद ने कहा कि लोहरदगा जिला के ग्रामीण युवाओं में फुटबॉल के प्रति काफी आकर्षण है और यहां के खिलाड़ी काफी ऊर्जावान और प्रतिभावान है सिर्फ इन्हें मंच देने की आवश्यकता है खिलाड़ी अनुशासन लगन और मेहनत से प्रशिक्षण प्राप्त कर खेलेंगे तो इन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिल सकता है और वह एक सफल खिलाड़ी बन सकते हैं। खेल से हमें जीवन में प्रतिस्पर्धाओं के साथ आगे बढ़ने का सिख मिलता है। एवं खेल के क्षेत्र में भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मौके पर टूर्नामेंट आयोजन समिति के अध्यक्ष रफीक अंसारी सचिव माना उरांव मुख्य संरक्षक गोस्सनर लकड़ा, राजेंद्र गोप,नवल उरांव दिलीप उरांव, आशीष, मनोज, दीपक, माजिद, धीरज, निमन, मुमताज, सोमरा एवं रंजीत समेत सैकड़ो दर्शक उपस्थित थे।

विद्या मंदिर के खिलाड़ियों ने उत्तर-पूर्व क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): भागलपुर बिहार में आयोजित 35 वां क्षेत्रीय खेलकूद समारोह 2024 पूरनमल बाजोरिया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय भागलपुर बिहार में 16 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित एथलेटिक्स में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के भैया ने बेहतर प्रदर्शन किया। बाल वर्ग में भैया आकाश उरांव 600 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। किशोर वर्ग में भैया कमलेश उरांव लम्बी कूद में द्वितीय, 4म100 रिले दौड़ में द्वितीय,4म400 रिले में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। भैया विशाल उरांव 200 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के शारीरिक आचार्य जोधन सिंह एवं संरक्षक आचार्य सुरेश्वर कुजूर के निगरानी में भैया लोगों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण से अखिल भारतीय खेलों में भी अपना भविष्य निःसंदेह उज्जवल करेंगे।गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने विद्यालय के भैया के उपलब्धि पर बधाई दी। विद्यालय के प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष विनोद राय, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, प्रभारी प्रधानाचार्य मधुमिता शर्मा एवं आचार्य जी दीदी जी सब ने बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी।

आम नागरिको द्वारा प्राप्त शिकायतो के निष्पादन हेतु नियंत्रण कक्ष का किया गया अधिष्ठापन

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 15.10.2024, चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 के पारदर्शिता तथा आम नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु विभाग द्वारा Complaint Monitoring Control Room & Call Centre अधिष्ठापित किया गया है। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के उपरांत जिले के निर्वाचन नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाईन नम्बर /Hunting Line Number 06526-1950/06526-224014 एवं जिला नियंत्रण कक्ष का हेल्पलाईन नम्बर-7004400718 को कनेक्ट कर दिया गया है। आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत उपरोक्त नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अविराम सचिन इंद्रजीत कुमार ने दीप प्रज्वलन कर इंडक्शन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : अविराम कॉलेज आफ एजुकेशन में दिनांक अठारह अक्टूबर से नवागंतुक बीएड सत्र 2024.26 के प्रशिक्षुओं के लिए इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ने छात्रों को कॉलेज के वातावरण, पाठ्यक्रम,पाठ्य सहगामी क्रियाओं, स्टाफ आदि से परिचित कराना और उनके बीच आपसी समन्वय को बढ़ावा देना था कार्यक्रम का शुभारंभ सचिव महोदय श्री इंद्रजीत कुमार ने भी प्रजज्वलन के द्वारा किया और उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षुओ के उज्वल भविष्य और सफलता के लिए शुभकामनाएं दी अनुशासन और ईमानदारी को जीवन में महत्वपूर्ण बताया। इसके बाद सभी व्याख्याताओ द्वारा अपने-अपने परिचय और कोर्स तथा प्रोग्राम आउटकम के विषय में जानकारी प्रदान की गई एवं सभी प्रकार के संसाधन से अवगत कराया गया जिसमें एन एन एस,एंटी रैगिंग समेत सभी सेल, बायो गैस, बुक बैंक, ग्रीन हाउस, दिव्यांग हेतु सुविधा, म्यूजियम, जिम आदि से भी अवगत कराया गया कार्यक्रम के अंतिम दिवस पर सभी नए प्रशिक्षों द्वारा परिचय विभिन्न गतिविधियों एवं गेम कराए गए इस मौके पर प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, जंग बहादुर महतो, आफताब आलम, पंकज भारती रेणुका, शिव, कुंदन पवन, चीनीवास, शशि,मनु तबस्सुम, ममता, प्यारी आदि उपस्थित थे।

एलएपी के पवन तिग्गा ने विधायक उम्मीदवार के लिए नामांकन दाखिल किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लोकहित अधिकार पार्टी लोहरदगा में विधायक उम्मीदवार पावन तिग्गा ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। जनता अपने भुगतान और सत्ता परिवर्तन के लिए पावन तिग्गा को आगाध प्रेम और उल्लास से आने वाले विधानसभा चुनाव में भारी संख्या से जीत का भरोसा दिलाया और लोगो ने बाजे गाजे के साथ नामांकन दाखिल करने के लिए नामांकन केन्द्र में अपना पर्चा दाखिल किया। ठगी पीड़ित परिवारों को भुगतान दिलाने में अहम भूमिका निभाने का भी हमसभों को भरोसा दिलाया।अब ठगीपीडित जमाकर्ता अभिकर्ता कार्यकर्ता परिवार किसी की मुहताज नहीं हमारी मांगों को लोकहित अधिकार पार्टी ने हीं गंभीरता से लिया और झारखंड में 81 सीटो पर हमारे जनप्रतिनिधि पूर्व की नेता मंत्री को सबक सिखाने के लिए कमर कसना शुरू कर दिया है। मौके पर राजधानी से चलकर लोकहित अधिकार पार्टी के प्रधान महासचिव मोहम्मद अजहर आलम,प्रदेश महासचिव संजय स्नेही, ठगी पीडीत जमा कर्ता के रांची जिला अध्यक्ष धीरज नाथ ठाकुर, जिला अध्यक्ष मुकेश सिंह, एलएपी जिला अध्यक्ष कयूम अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष सुकरू उरांव, जिला जनजाति अध्यक्ष शशि नंद भगत, विशाल कुजूर, श्याम देव, जय राम, बजरंग साहू, MD फिरोज अंसारी, आदित्य साहू, बालमुनि मिज, तारा देवी, गोवर्धन महतो आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।।

एसएस पब्लिक स्कूल के रुपेश ने पांच विकेट लेकर मैन ऑफ़ द मैच का जीता खिताब

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत चल रहे इंटर स्कूल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट में आज एसएस पब्लिक स्कूल बनाम केंद्रीय विद्यालय स्कूल के मध्य मैच खेला गया । जहां पर केंद्रीय विद्यालय ने टॉस जीतकर एस एस पब्लिक स्कूल को पहले बैटिंग के लिए आमंत्रित किया। एसएस पब्लिक स्कूल ने अच्छी शुरुआत करते हुए बिना विकेट खोए 82 रनों की एक लंबी साझेदारी की । इसके बाद टीम ने 5 विकेट खोकर 143 रनों का एक बड़ा स्कोर खड़ा कर दिया । वहीं जवाबी बैटिंग में केंद्रीय विद्यालय की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पूरी टीम महज 16.2 ओवर में 106 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। वहीं एस एस पब्लिक स्कूल के तरफ से लगातार अच्छे प्रदर्शन कर रहे हैं शीर्ष ने 62 रनों की लंबी पारी खेली और मिथलेश ने 28 रन बनाए । टीम की ओर रूपेश ने पांच विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। वहीं केंद्रीय विद्यालय के तरफ से निखिल झा ने 43 रनों की एक अच्छी साझेदारी की।

पुलिस लाइन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त द्वारा हस्ताक्षर अभियान का किया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आज स्वीप कोषांग की टीम द्वारा पुलिस लाइन लोहरदगा में हस्ताक्षर अभियान और मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की गई और सभी पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों को 13 नवंबर 2024 को होनेवाले मतदान के दिन अपने मतदाधिकार का प्रयोग करने की अपील की गई। भारत के नागरिक के रूप में सभी को लोकतांत्रिक परंपरा को बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य प्रलोभन से स्वयं को दूर रखते हुए सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलायी गई। आज के कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा, स्वीप कोषांग के सभी पदाधिकारी व कर्मीगण उपस्थित थे।

भारतीय संविधान हमारे लिए राष्ट्रीय ग्रंथ है : राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

कांग्रेस दलितों, पिछड़ों की विरोधी है : वीरेंद्र कश्यप

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : बीजेपी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के संबोधन में कहा कि कांग्रेस संविधान और आरक्षण विरोधी है। राहुल गांधी ने अपनी हालिया अमेरिकी यात्रा के दौरान कहा कि वह आरक्षण हटा देंगे। ये वही धुन है जो राहुल गांधी का परिवार नेहरू के जमाने से गाता आ रहा है। कांग्रेस पार्टी ने 57 वर्षों तक देश पर शासन किया, लेकिन इस दौरान उसने अपने राजनीतिक उद्देश्यों को साधने के लिए संवैधानिक प्रक्रियाओं का दुरूपयोग किया और सामाजिक उद्देश्यों की उपेक्षा की। कांग्रेस ने कभी भी संविधान के मूलभूत आरक्षण सिद्धान्तों को सही भावना और रूप में लागू करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। नेहरू सरकार ने 1956 में पिछड़ें वर्गों को आरक्षण देने की काका कालेलकर रिपोर्ट को खारिज कर दिया। इंदिरा गांधी ने 1975 में आपातकाल लगाकर संविधान की आत्मा को कुचला था। कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी ने 3 मार्च 1985 को एससी आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए यह कहा था कि आरक्षण के माध्यम से हमे बुधुओं को बढ़ावा नही देना चाहिए। सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों को अल्पसंख्यक संस्थानों के रूप में वर्गीकृत किया गया, जिसमे अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ों को आरक्षण देने से इनकार कर दिया। आगे कहा कि कांग्रेस ने 57 वर्षों तक देश पर शासन किया है लेकिन नागरिकों को बिजली, पानी, बैंक खाते, शौचालय, घर आदि जैसी बुनियादी सेवाएँ प्रदान नही की गई। भारतीय जनता पार्टी ने पिछले 10 वर्षों में बाबासाहेब के सामाजिक और आर्थिक लोकतंत्र के दृष्टिकोण को पूरा करने का प्रयास किया है। इस बार सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा में भी कमल खिलेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक, रामगढ़ के प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार राम, भाजपा जिला महामंत्री मुकेश श्रीवास्तव, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष विराज नायक, भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी रंजन शाह, एससी मोर्चा महामंत्री उमेश नायक, मोर्चा के कार्यकर्ता सहित प्रेस-मीडिया के संवाददाता उपस्थित थें।

कंवर समाज के कई लोगों ने थामा झापा का दामन

कुरडेग(प्रभात मंत्र संवाददाता): कुरडेग प्रखंड के कई लोगों ने सोमवार को झापा का दामन थामा। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत आदि ने सभी को पार्टी का अंग वस्त्र देकर पार्टी में स्वागत किया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपयुक्त ने की मीडिया प्रमाणन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में मीडिया प्रमाणन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आज सोमवार को समाहरणालय सभागार में हुई। इसमें सभी उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को समय-समय पर मीडिया में विज्ञापन से पहले समिति से प्री-सर्टिफिकेशन प्राप्त करने की जानकारी दी गई। बैठक में जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक द्वारा जानकारी दी गई कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अंतर्गत टीबी/केबल चैनल, बल्क एसएसम/वॉयस मैसेज, ई-पेपर, रेडियो चैनल,सिनेमा हॉल, इंटरनेट एवं सोशल मीडिया वेबसाईट्स और सार्वजनिक स्थानों पर ऑडियो विजुअल के माध्यम से राजनैतिक विज्ञापनों का डिसप्ले करने के लिए समिति से प्री-सर्टिफिकेशन प्राप्त करना आवश्यक है। इसमें निर्बंधित राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों/प्रत्याशी को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए विज्ञापन प्रसारण के कम से कम तीन दिनों पूर्व समिति के समक्ष निर्धारित प्रारूप में आवेदन देना आवश्यक है। इसी प्रकार अनिर्बंधित राजनैतिक दलों/प्रत्याशी को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए विज्ञापन प्रसारण के कम से कम 07 दिनों पूर्व समिति के समक्ष निर्धारित प्रारूप में आवेदन देना आवश्यक है। प्रिंट मीडिया में मतदान पूर्व एवं मतदान दिवस में विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए समिति के समक्ष निर्धारित प्रारूप में कम से कम दो दिन पूर्व समिति के समक्ष आवेदन देना आवश्यक है। बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

कायस्थ परिवार का मिलन समारोह हुआ आयोजित

कलम के रखवाले और जगत को रौशनी देने वाले कायस्थ परिवार का मंदिर बनेगा : डॉ.चंद्रभूषण सहाय

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : लोहरदगा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा होटल अमृत पैलेस में परिवारक मिलन समारोह आयोजित किया गया, इसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध न्यूरो सर्जन डॉ. सि. बी. सहाय, प्रांतीय अध्यक्ष झारखंड, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकेश कुमार और विवेक अखौरी युवा उपाध्यक्ष मनीष सिन्हा उपस्थित थे। सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त को माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया,देवाशीष कार जिला अध्यक्ष लोहरदगा ने अपने स्वागत भाषण में सभी को स्वागत करते हुए कहा कि लोहरदगा में महासभा लगभग 70 वर्ष से कार्यरत है पर अभी तक चित्रगुप्त मंदिर न बन पाना एक चिंतन का विषय है। मुकेश कुमार ने कहा कि आप सभी को सांगठनिक रूप से कार्य करने की आवश्यकता है इसके लिए हमें अन्य राज्यों का उदाहरण देखना चाहिए, भारत के 22 राज्यों में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा कार्य कर रहा है जिससे समाज के कई हजार सदस्यों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया गया है और समाज आज अपने अधिकार के लिए सजग है। लोहरदगा में भगवान चित्रगुप्त का मंदिर अवश्य बनेगा इसके राज्य कमेटी सभी संभव और सकारात्मक प्रयास करेगा। विवेक अखौरी युवा संदेश देकर उन्हें अपने स्वाभिमान एवं संस्कृति को बचाने और राष्ट्र हित मे आगे बढ़ने का सुझाव दिया। बिकेश कुमार सिन्हा ने लोहरदगा के परिदृश्य में महासभा के महत्व को बताया। डॉ सि बी सहाय ने कहा समय के अनुरूप समाज को आगे बढ़ने की आवश्यकता है कायस्थ सदैव परोपकार की भावना मन में रखता है, संगठन में ताकत है असंभव को संभव बनाने की इसलिए आप संगठन को मजबूत करें। संगठन में हमेशा हम की भूमिका होती है मैं शब्द आपको कमजोर करेगा, विश्व कल्याण राष्ट्रीयता एवं संस्कार हमारे लिए सर्वोच्च स्थान रखता है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चांपी में कल्याण अस्पताल द्वारा लगाया गया मेडिकल कैंप

लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता): सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बड़की चाँपी में 21 अक्टूबर 2024 सोमवार को कल्याण अस्पताल, हेसल बसारडीह द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कल्याण अस्पताल से जेनरल फिजिशियन एवं डेंटिस्ट डॉक्टर आस्था सिन्हा, नर्स सावित्री तिर्की और अंशु कुमारी उपस्थित रहीं। विद्यालय के कुल 105 भैया बहनों ने स्वास्थ्य परामर्श के साथ निःशुल्क दवा प्राप्त किया। कल्याण अस्पताल द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर विद्यालय के भैया बहनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है एवं कैंप लगाकर इलाज किया जाता है, यह एक अच्छी पहल है। प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिए विद्यालय परिवार की ओर से विकास भारती बिशुनपुर एवं कल्याण अस्पताल के डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

प्रभात मंत्र

विविध

रांची, मंगलवार, 22 अक्टूबर 2024 | पेज 12

चलते चलते एक नजर

वायनाड में 23 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगी प्रियंका गांधी

नई दिल्ली : कांग्रेस महासचिव और वायनाड लोकसभा सीट से पार्टी उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा आगामी उप चुनाव के लिए 23 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करेंगी। आज उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। प्रियंका गांधी ने आज सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने एक्स पोस्ट में कहा, ''केरल की वायनाड संसदीय सीट पर नामांकन दाखिल करने और चुनाव अभियान से पहले आज भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद लिया।'' उन्होंने मुलाकात संबिधत फोटो भी शेयर की है।

हटिया की जनता के प्रेम और स्नेह का ऋणी हूं : अजय नाथ शाहदेव

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव के आवास पर आज हटिया विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। टिकट को लेकर चल रहे उहापोह के बीच कार्यकताओं और समर्थकों ने एक स्वर से अपने प्रिय नेता के लिए आवाज बुलंद किया। लोगों ने खुलकर अजय नाथ शाहदेव के लिए हटिया विधानसभा से टिकट की मांग की। समर्थकों का कहना था कि अजय नाथ शाहदेव पिछले चुनाव हारने के बाद भी जनता के सुख-दुख में साथ हैं। किसी के दुख तकलीफ़ में वे तुरंत उपस्थित हो जाते हैं। ऐसे नेता को टिकट नहीं देकर किसी और को टिकट देना पार्टी का गलत फैसला होगा।वक्ताओं ने कहा कि अजय नाथ शाहदेव की स्वीकार्यता सभी धर्म और सभी वर्गों में है। गांव से लेकर शहर तक सभी चाहते हैं कि अजय नाथ शाहदेव कांग्रेस से उनके विधायक बने।लोगों ने कहा कि हटिया विधानसभा से अजय नाथ शाहदेव का टिकट काटने के लिए विरोधियों ने षड्यंत्र भी किया। पार्टी आलाकमान को हटिया की जमीनी हकीकत देखनी चाहिए। यहां के लोगों के दिलों दिमाग में अजय नाथ शाहदेव रचे बसे हैं और हमेशा जनता की दिलों में बसे रहेंगे। हटिया विधानसभा झारखंड का एक महत्वपूर्ण सीट है। यहां ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोगों की पसंद अजय नाथ शाहदेव ही हैं। ऐसे में कांग्रेस नेतृत्व को सोच समझ कर फैसला लेना चाहिए। थोड़ा सा भी गलत फैसले से पार्टी यहां पर चूक जाएगी और विरोधी अपने मंसूबे पर कामयाब हो जाएंगे।उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के साथ हैं और अजय नाथ शाहदेव को ही पार्टी यहां से उम्मीदवार बनाएं। सभी ने अजय नाथ शाहदेव का हौसला बढ़ाया और कहा कि दिल्ली भी जाना होगा तो जाएंगे और आपके लिए राहुल गांधी से टिकट लेकर आएंगे।आवास पर अचानक से इतनी संख्या में समर्थकों और कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को देखकर कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव भी काफी उत्साहित नजर आएं। शाहदेव ने कहा कि लोगो के प्यार और स्नेह का मैं ऋणी हूं।मेरा सौभाग्य है कि हटिया की जनता मेरे साथ है। मैं कांग्रेस पार्टी का एक सच्चा सिपाही हूं और पार्टी के लिए समर्पित हूं।

आलोक का डाल्टनगंज में हुआ भव्य स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : विधानसभा चुनाव में टिकट मिलने के बाद आलोक चौरासिया पहली बार अपने क्षेत्र डाल्टनगंज पहुंचे, जहाँ उनका स्वागत ऐतिहासिक रूप से भव्य रहा। सतबरवा से ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भारी हुजूम आलोक चौरासिया के स्वागत के लिए उमड़ पड़ा और जैसे ही उनका काफिला क्षेत्र में दाखिल हुआ।जगह-जगह पर फूल-मालाओं और जयकारों के साथ उनका अभिवादन किया गया। सतबरवा से डाल्टनगंज तक का सफर एक विजय यात्रा की तरह दिखा, जहाँ

हर मोड़ पर आलोक चौरासिया के नेतृत्व का समर्थन जताने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। सड़कों पर समर्थक झंडे और बैनर लेकर खड़े थे, और नारों के साथ वातावरण गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। जिससे इलाके में एक उत्सव जैसा माहौल बन गया। समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला और हर कोई आलोक चौरासिया को क्षेत्र का विकासकर्ता और जनसेवक के रूप में देख रहा था। उनका स्वागत करने के लिए जुटी भारी भीड़ यह संकेत दे रही थी कि आगामी चुनाव में उन्हें जनता का अपार समर्थन मिल रहा है।इस अवसर पर आलोक चौरासिया ने अपने समर्थकों और जनता को धन्यवाद देते हुए कहा,मैं आपके प्यार और विश्वास से अभिभूत हूँ। यह आपका समर्थन ही है जो मुझे अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा से निभाने की प्रेरणा देता है। मेरा प्रयास हमेशा रहेगा कि मैं क्षेत्र के विकास और आपकी उम्मीदों पर खरा उतरूं।

गृह मंत्रालय से बातचीत का आश्वासन मिलने के बाद सोनम वांगचुक ने भूख हड़ताल खत्म की

एजेंसी

नई दिल्ली : लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने सोमवार को अपनी भूख हड़ताल खत्म कर दी। उन्हें गृह मंत्रालय की ओर से बातचीत के लिए निमंत्रण मिला है। वह पिछले 16 दिन से लद्दाख को राज्य का दर्जा दिए जाने और संविधान की 16वीं सूची में डाले जाने की मांग को लेकर अनशन पर थे। गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से लद्दाख के संबंध में उनकी मांगों पर बातचीत के लिए तारीखों के प्रस्ताव के साथ मुलाकात की। मंत्रालय की ओर से वांगचुक को आश्वासन दिया गया है कि उनके साथ 3 नवंबर को बैठक की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सोनम वांगचुक अपनी मांगों को लेकर पहले लद्दाख से यात्रा कर नई दिल्ली पहुंचे। यहां पहुंचने पर निषेधाज्ञा लागू होने के कारण दिल्ली पुलिस ने उन्हें उनके समर्थकों के साथ हिरासत में ले लिया था लेकिन रिहा होने के बाद में वह देश के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की मांग करते हुए अपने समर्थकों के साथ दिल्ली के लद्दाख भवन में ही भूख हड़ताल पर बैठे थे।

राजधानी में एक्यूआई 300 के पार आज से ग्रैप -2 की पांबंदियां होंगी लागू

एजेंसी

नई दिल्ली : राजधानी दिल्ली में हवा जहरीली होती जा रही है। सोमवार को राजधानी में वायु गुणवत्ता सूचकांक(एक्यूआई) 310 दर्ज किया गया। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग(सीएक्यूएम) की उप समिति ने सोमवार को आपातकालीन बैठक कर स्थिति की समीक्षा की और ग्रेडेड एक्शन प्लान(ग्रैप) के चरण दो की पाबांदियां लगाने की सिफारिश की। यह पाबंदियां मंगलवार सुबह आठ बजे से लागू कर दी जाएंगी। इस संबंध में आयोग ने सभी संबंधित विभागों और संस्थानों को आदेश जारी कर दिया है।

ग्रैप-2 में किन चीजों पर रहेगी पाबंदी?: ग्रैप-2 के तहत 11 पाबंदियां लगाई जा रही हैं जिसके तहत प्राइवेट गाड़ियों के इस्तेमाल को कम करने के लिए पार्किंग फीस में बढ़ोतरी, सीएनजी-इलेक्ट्रिक बसों और मेट्रो की सर्विस को बढ़ाना। इसके साथ प्रदूषण कम हो इसके लिए रेजीडेन्ट वेल्फेयर एसोसिएशन अपने सोसाइटी में कूड़ा और किसी भी प्रकार की लकड़ी जलाने पर नजर रखे जाना और डीजल जेनरेटर पर पाबंदी। इस दौरान केवल नेचुरल गैस, बायो गैस, एलपीजी से चलने वाले जेनरेटर ही चला सकते हैं। 800 किलोवॉट से ज्यादा क्षमता वाले जेनरेटर को केवल रेट्रोफिटिंग के दौरान ही चलाए जाएंगे। चिन्हित सड़कों डेली बेसिस पर मैकेनिकल/वैक्यूम स्वीपिंग और पानी का छिड़काव आवश्यक है ।

हुसैनाबाद में कर्नल संजय का बढ़ रहा कारवां

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : विधानसभा चुनाव में टिकट के घोषणा होते ही सभी राजनीतिक दलों में उथल-पुथल मची हुई है। किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय पर सोमवार को दो दर्जन से अधिक भाजपा राजद व एनसीपी के कार्यकर्ताओं ने पार्टी छोड़ किसान ब्रिगेड का दामन थाम लिया। उन्हें महिला ब्रिगेड अध्यक्ष श्रीमती आराधना सिंह ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

*** किसान ब्रिगेड में शामिल हुए दर्जनों कार्यकर्ता**

भाजपा छोड़ किसान ब्रिगेड का दामन थामने वाले में योगेन्द्र कुमार राजवंशी सोनु कुमार धनंजय कुमार पवन राम राजेश चौधरी सीपी कुमार पासवान रंजन कुमार राजवंशी राजद से संजय यादव छोटू यादव सुजीत कुमार प्रदीप पासवान पप्पू कुमार पासवान एनसीपी से हरिओम राजवंशी दिवाकर राजवंशी चंदन कुमार बबन राजवंशी मिथलेश कुमार राजवंशी सहित अन्य लोग शामिल हैं। मौके पर आराधना सिंह ने बताया कि भाजपा द्वारा दलबदलुओं को टिकट देने से लोग पूरी तरीके से हताश व निराश हैं। एनसीपी हुसैनाबाद में विलुप्त होने के कगार पर है और राजद में कार्यकर्ताओं का मान सम्मान नहीं दिया जा रहा है। आए दिन किसान ब्रिगेड की बढ़ती लोकप्रियता व कर्नल संजय सिंह के विकास कार्यों में रूचि व युवाओं में उनकी बढ़ते जनाधार से भाजपा सहित अन्य पार्टी के भी कई युवा नेता व कार्यकर्ता अपनी पार्टी को छोड़कर किसान ब्रिगेड का दामन थाम रहे हैं। वह दिन दूर नहीं जब पूरा हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा कर्नल मय होगा।

विभिन्न राजनीतिक दलों से हमारे परिवार में शामिल युवा कार्यकर्ताओं का स्वागत है। मौके पर किसान ब्रिगेड मीडिया प्रभारी सुभाष कुमार मनोहर सिंह युवा ब्रिगेड सदस्य नीरज कुमार सिंह राम बिलास राम उपेन्द्र पासवान प्रिंस ठाकुर चंपा देवी बैजन्ती देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

कमलेश सिंह को रिकार्ड मतों से जीतने का लें संकल्पः जवाहर पासवान

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : जपला छतरपुर रोड स्थित उदय विश्वकर्मा कांप्लेक्स परिसर में भाजपा के सभी मंडल अध्यक्ष व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मधुसूदन पाठक ने की। संचालन अजय गुप्ता ने किया। इस मौके पर भाजपा के हुसैनाबाद विधानसभा प्रभारी जवाहर पासवान ने कहा कि भाजपा किसी व्यक्ति के पॉकेट का संगठन नहीं है। भाजपा नीतियों और सिद्धांतो पर कार्य करने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने विधायक कमलेश कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है। कमलेश कुमार सिंह के आने से पार्टी का संगठन पहले से ज्यादा मजबूत हुआ है। कार्यकर्ता के लिए इससे बड़ी बात क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा समुद्र है, अगर किसी ने नाराज होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का मन बनाया है तो

इससे पार्टी को बहुत अंतर पड़ने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि आने वाला दिन बताएगा कि भाजपा से उनकी प्रतिष्ठा थी, छोड़ने के बाद उन्हें वह सम्मान नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि पार्टी का निर्णय सभी को मान्य है। नरेंद्र भाई मोदी, अमित शाह और योगी जी के सपने को धरातल पर उतारने के लिए सभी को तन मन धन से कमलेश कुमार सिंह को जीता कर राज्य में डबल इंजन की सरकार बनाने का मार्ग प्रशस्त करना होगा। विधायक सह भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि उन्होंने विश्व के सर्वमान्य नेता नरेंद्र भाई मोदी से प्रभावित होकर भाजपा में आने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि रही बात क्षेत्र की, तो हुसैनाबाद के एक एक नागरिक को परिवार के सदस्य के रूप में वह देखते हैं। उन्होंने कहा कि उनके लिए एक एक कार्यकर्ता अपने भाई के समान महत्वपूर्ण है। बैठक में रामप्रवेश सिंह, मधुलता रानी, विनोद पांडे, सोमेश सिंह, सीबी रमन,संतोष कुमार सिंह, सतेंद्र पासवान,रामराज मेहता,कामेश्वर सिंह, उमेश चंद शिव,दिनेश गुप्ता, सुरेंद्र पाठक,राजीव रंजन, अंकित पासवान समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

एक किलोग्राम जबड़े के ट्यूमर से ग्रसित महिला को मिला नया जीवन

रांची। झारखंड के एक सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की रहने वाली एक मरीज़ को एक जटिल सर्जरी से नया जीवन मिला।मरीज़ पिछले 5 सालों से जबड़े के ट्यूमर से ग्रसित थी। बढ़ते बढ़ते ट्यूमर का वजन क़रीब 1 किलोग्राम हो गया था जिसकी वजह से मरीज़ को मुँह खुलने और खाने में समस्या आने लगी।गंभीर स्थिति होने पर मरीज़ को राँची में मैक्सिलोफ़ेशियल सर्जन डॉ अनुज के पास ले जाया गया। डॉ अनुज ने एक जटिल सर्जरी के ज़रिए ट्यूमर को काट के हटाया। डॉ अनुज ने बताया कि महिला अमीलोब्लास्टोमा नाम के ट्यूमर से ग्रसित थी जिसकी वजह से उनके चेहरे में इतनी विकृति आ गई और उन्हें खाने में भी समस्या आने लगी। उन्होंने बताया कि राँची के हेल्थ पॉइंट में क़रीब तीन घंटे चले सर्जरी में ट्यूमर से ग्रसित जबड़े को काट कर अलग किया गया।

एलएसी पर गश्त शुरू करने के लिए भारत-चीन के बीच बनी सहमति

एजेंसी

नई दिल्ली : भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में बीते 45 महीनों से चल रहा सीमा तनाव सुलझ गया है। दोनों देशों के बीच सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर चली कवायद के बाद वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त और सैन्य तनाव घटाने पर सहमति बन गई है। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि 2020 में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हुई घटनाओं के बाद से हम चीनी पक्ष के साथ सैन्य और कूटनीतिक स्तर पर लगातार संपर्क में थे। डब्ल्यूएमसीसी और सैन्य कमांडर स्तर पर दोनों देशों के बीच कई दौर की बातचीत हुई है।उन्होंने कहा कि वार्ता की इन कवायदों के कारण कई मोर्चों पर टकराव और तनाव मिटाने में कामयाबी मिली है। फिर भी असहमति के कुछ बिंदु बाकी थे। विदेश सचिव के मुताबिक पिछले कुछ हफ्तों में हुई वार्ताओं के बाद

भारत-चीन सीमा क्षेत्र में सैन्य गश्त की व्यवस्था को लेकर सहमति बन गई है। इसके चलते सैन्य आमने-सामने की स्थिति अब सुलझ गई है।भारत-चीन सीमा तनाव पर समझौते की यह खबर ऐसे समय आई है जब इस हफ्ते रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक साथ होंगे। दोनों नेताओं की बीच मुलाकात की अटकलें भी लगाई जा रही थीं। विदेश सचिव ने ब्रिक्स शिखर बैठक के हाशिए पर पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात की पुष्टि तो नहीं की लेकिन इस संभावना को खारिज भी नहीं किया। सैन्य टकराव और तनाव के कारण गश्त कहां तक हो इसको लेकर ही दोनों पक्षों के बीच असहमति के गहरे मतभेद थे। लगातार भारत की जमीन पर अपना कब्जा बढ़ाने की जुगत में लगे चीन की नीयत को लेकर भी सवाल थे। ऐसे में भारत ने सैन्य पैंतरों का उसी भाषा में जवाब देने के साथ ही चीन को समझौते की मेज पर रजामंदी की दस्तखत करने की नौबत तक ला ही दिया।

दक्षिण कोरिया व ताइवान बनने के लिए तैयार हो रहा गुजरातः डॉ. अरविंद पनगढ़िया

एजेंसी

अहमदाबाद: 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने गुजरात की आर्थिक प्रगति की प्रशंसा करते हुए कहा कि पिछले दस वर्ष में समग्र देश की रीयल जीडीपी ग्रोथ रेट एवरेज 6 प्रतिशत के लगभग रही है, उसके सापेक्ष गुजरात की रीयल जीडीपी ग्रोथ रेट एवरेज 8.5 प्रतिशत है। डॉ. पनगढ़िया ने गुजरात की मैन्युफैक्चरिंग स्टेट के रूप में विकास की स्ट्रैटेजी को उचित बताते कहा कि गुजरात राज्य दक्षिण कोरिया तथा ताईवान बनने के लिए तैयार हो रहा है। 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया तथा चार सदस्यीय दल के साथ इस समय गुजरात यात्रा पर हैं। इन दल के लोगों ने सोमवार को गांधीनगर में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, वित्त मंत्री कनुभाई देसाई, मुख्य सचिव राज कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान मुख्य सलाहकार डॉ. हसमुख अढिया एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ सचिवों के साथ एक बैठक की। 16वां वित्त आयोग आगामी 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच वर्ष की समयावधि को समाविष्ट करने वाली रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 को देने वाला है। आयोग इस संदर्भ में रिपोर्ट को अंतिम रूप देने से पहले राज्यों का दौरा कर उनके साथ विस्तार से चर्चा कर रहा है। इसी क्रम में आयोग गुजरात की यात्रा पर आया है। डॉ. अरविंद पनगढ़िया ने कहा कि गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकास की जो नींव रखी गई है, वह आज सुदृढ़ विकास की इमारत बन गई है। उन्होंने विशेष रूप से कोविड के कठिन काल में भी गुजरात ने अपनी विकास यात्रा निरंतरतापूर्ण ढंग से बनाए रखने की सराहना की। उन्होंने गुजरात सरकार के प्रेजेंटेशन में सूरत इकोनॉमिक रीजन मॉडल तथा डिस्कॉम की भी प्रशंसा की और इसे अन्यों के लिए पथदर्शक बताया।

राजकोषीय विवेक का अनुशासन पर मिले रिवॉर्ड्स : मुख्यमंत्री: इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि गुजरात जिस राजकोषीय विवेक (फिस्कल फ्रुडेंट) का अनुशासित ढंग से पालन करता है, उन्हें इसके लिए आयोग से गुजरात को रिवॉर्ड्स मिलने चाहिए। इसके परिणामस्वरूप ऐसे राज्यों के दायित्वपूर्ण वित्तीय प्रबंधन एवं अनुशासित व्यय को पहचान मिलेगी। इतना ही नहीं, अन्य राज्य भी इससे प्रेरित होंगे। उन्होंने आयोग के समक्ष सुझाव दिया कि वित्त आयोग को इस उद्देश्य के लिए राज्य के एफिशिएंसी तथा आउटकम दर्शाने वाले परफॉर्मेंस इंडीकेटर पर अधिक ध्यान देना चाहिए। गुजरात में जो विशिष्ट स्थिति है, आयोग को वित्तीय आवंटन में उसे भी ध्यान में लेने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुजरात में एक ओर शहरीकरण तेजी से बढ़ रहा है, तो दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बसे आदिजाति समुदायों की भी अपनी भिन्न-भिन्न आवश्यकताएं हैं। मुख्यमंत्री ने मांग की कि वित्त आयोग से गुजरात को मिलने वाले लाभ इन वास्तविकताओं को ध्यान में रखते हुए मिलें तथा आयोग राज्य की महत्वाकांक्षाओं व आवश्यकताओं के साथ तालमेल साध कर राज्य की वास्तविकताओं को पूरा किया जा सके।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड के चार आरोपितों की पुलिस कस्टडी 25 अक्टूबर तक बढ़ाई गई

मुंबई : मुंबई में पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले के चार आरोपितों की पुलिस कस्टडी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 25 अक्टूबर तक बढ़ा दी है। इन आरोपितों की पुलिस कस्टडी आज खत्म हो रही थी, इसी वजह से पुलिस ने इन चारों को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया था। पुलिस के अनुसार पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में गिरफ्तार गुरमेल बलजीत सिंह (23), धर्मराज कश्यप (21), हरीश कुमार निसाद (26) और प्रवीण लोनकर (30) को मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में सरकारी वकील ने कहा कि चारों पुलिस को जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। इसलिए इन चारों की पुलिस कस्टडी बढ़ाया जाना जरूरी है। इसके बाद कोर्ट ने इन चारों आरोपितों की पुलिस कस्टडी बढ़ाने का आदेश दिया।

चुनावी मैदान में उतरे पेड आर्टिस्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : झारखंड में चुनावी घोषणा के साथ ही राजनीतिक फिजा में चुनावी रंग चड गया है. विधानसभा चुनाव के लिए मैदान सज रहे हैं. पार्टियों ने चुनावी तैयारी शुरू कर दी है. पक्ष-विपक्ष के नेताओं के भाषण और मिजाज भी चुनावी हो गया है। वहीं जमीनी स्तर पर चुनाव की तैयारी भी शुरू है. मजबूत पकड़ का दावा किया जा रहा है. सभाओं के जरिये भीड़ बटोरकर उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिश हो रही है. इसी क्रम में तमाम सियासी पार्टियों के साथ साथ एआईएमआईएम और कई छोटी छोटी पार्टियां भी चुनावी समर में डुबकी लगाने का मन बना लिया है। ऐसे में एआइएमआइएम पार्टी कार्यकर्ताओं की मनोबल भी खुब परवान चड रहा है। यह अलग बात है कि वह अभी सियासी पहचान नहीं रखता है। लेकीन पेड न्यूज की मदद से वह खुद को एक बड़ा लिडर समझता है। दरअसल, किसी भी पेड न्यूज का मकसद वोटर्स को गुमराह करना होता है।

बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड में ओवैसी की पार्टी ने 11 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। लेकिन उसे नोटा के बराबर भी वोट नहीं मिले थे.

इससे पाठक को गलत सूचनाएँ प्राप्त होती हैं जिससे वह भ्रमित होता है। लिहाजा, किसी विशेष राजनीतिक दल या उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनता है। पेड न्यूज में होता यह है कि पैसा लेकर उम्मीदवार के बारे में खबर छपती है कि जनसैलाब उमड़ा, फलाना ढिमकाना की चल रही है लहर।

इसी पेड न्यूज में कई नाम उभर कर सामने आया है। जो हर रोज सोशल मीडिया में बयान दिया करते हैं। जिनका अपने मुहल्ला में पहचान तक नहीं है, वह भी बडे-बडे दावा करते हैं और 500 में कौम के रहनुमा बन जाते हैं। जबकि उन्हें सरकार के कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी नहीं होती है। एक दो पोर्टल नेता जो अक्सर सोशल मीडिया में रहते हैं। मगर पहचान सिमित है।

बता दें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में झारखंड में ओवैसी की पार्टी ने 11 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। लेकिन उसे नोटा के बराबर भी वोट नहीं मिले थे. एआईएमआईएम को केवल 1.16 प्रतिशत वोट ही मिल पाए थे. पार्टी की रैलियों में तो बहुत भीड़ उमड़ी थी लेकिन इस भीड़ ने उसके पक्ष में वोट नहीं डाला. इस पार्टी के विधायक तो चुनकर विधानसभा नहीं पहुंचे लेकिन उन्होंने विजेता और दूसरे स्थान पर रहे प्रत्याशी के वोट जरूर काटे.यही हाल दूसरी पार्टियों की है। जो पेड आर्टिस्ट के तौर पर दो चार दस की भीड लेकर चुनावी मैदान में अपनी किस्मत चमकाने उतरते हैं मगर उन्हे मुंह की खानी पड़ती है।